RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 53
लखनऊ, शनिवार, 10 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




मातृभूमि और मातृभाषा के प्रति प्रेम हमारा कर्तव्य
राष्ट्रीय-11

# गुजरात-हिमाचल में सरकार की हलचल

## राजनाथ, एदियुप्पा और मुंडा बनाए गए पर्यवेक्षक

### गुजरात में आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक



**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात** के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ राज्य में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए इस्तीफा दे दिया। राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। विधायक दल के नेता को चुनने के लिए शनिवार की सुबह भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक होगी। विधायक दल का नेता ही अगला मुख्यमंत्री बनेगा और पटेल का फिर से मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

गांधीनगर में होने वाली विधायक दल की बैठक के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, बी एस एदियुरप्पा और अर्जुन मुंडा पर्यवेक्षक होंगे। गुजरात की 182 विधानसभा सीट में से 156 सीट पर विजय हासिल करके भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। पटेल ने भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी.आर. पाटिल और पार्टी के मुख्य सचेतक पंकज देसाई के साथ गांधीनगर स्थित राजभवन में राज्यपाल आचार्य देवव्रत को अपना इस्तीफा सौंपा। यह केवल औपचारिकता है, क्योंकि पार्टी चुनाव से पहले ही पटेल के राज्य का नया मुख्यमंत्री होने की घोषणा कर चुकी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पाटिल ने पटेल के एक बार फिर राज्य का मुख्यमंत्री बनने की बृहस्पतिवार को पुष्टि करते हुए कहा था कि वह 12 दिसंबर को शपथ ग्रहण करेंगे।

समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। देसाई ने राजभवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और उनकी मंत्रिमंडल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। नई सरकार के गठन तक पटेल राज्य के कार्यवाहक मुख्यमंत्री होंगे। पाटिल ने राज्यपाल को लिखे पत्र में बताया कि भाजपा के सभी नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक शनिवार सुबह बुलाई गई, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा, जो मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेगा।

देसाई ने कहा, गांधीनगर में पार्टी मुख्यालय कमलम में शनिवार सुबह 10 बजे विधायकों की एक बैठक होगी। राज्यपाल को दोपहर तक विधायक दल के नए नेता के बारे में सूचित किया जाएगा, इसलिए हमने उनसे मुलाकात का समय भी मांगा है। नए मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण राज्यपाल के निर्देशानुसार किया जाएगा। पाटिल ने बताया कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को गांधीनगर के हेलीपैड मैदान में होगा।

## हिमाचल सीएम पर कांग्रेस हाईकमान करेगा फैसला



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/शिमला

**दिन** भर चली जद्दोजहद के बाद शुक्रवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर विधायक दल का नेता चुनने के लिए पार्टी हाईकमान को अधिकृत कर दिया गया। विधायक दल का नेता ही हिमाचल प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री होगा। सूत्रों ने संकेत दिया कि 'हाईकमान' से आशय सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में नवनिर्वाचित विधायकों की राय ली जा रही है जिससे कि उनका नेता कौन हो इस पर सर्वसम्मिति कायम हो सके। सूत्रों ने कहा कि इस शीर्ष पद के लिए रेस में कांग्रेस सांसद तथा पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह सबसे आगे चल रही हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में संकेत दिया कि वे शीर्ष पद के लए होड़ में हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन नारे भी लगाए।

प्रतिभा सिंह प्रदेश पार्टी अध्यक्ष भी हैं। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा मुकेश अग्निहोत्री भी मुख्यमंत्री पद की रेस में आगे चल रहे हैं। शुक्रवार की बैठक में मौजूद एक सदस्य ने पायनियर से फोन पर बातचीत में कहा कि या तो प्रतिभा या उनके भरोसेमंद मुकेश में से कोई एक चुना जाएगा। पूरे दिन कांग्रेस पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला के बीच कई राउंड की बैठकें हुईं।

# कानपुर एक बार फिर बनेगा देश को सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का केंद्र बिंदुः योगी

## सीएम ने दी 388 करोड़ की 272 विकास परियोजनाओं की सौगात



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार कानपुर की औद्योगिक पहचान को पुनः वापस दिलाने के लिए कार्य कर रही है। देश में बनने वाले दो डिफेंस कॉरिडोर में से एक का केन्द्र बिन्दु कानपुर है।

प्रदेश में लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी व चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर के नोड का विकास किया जा रहा है। देश को सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का केन्द्र बिन्दु एक बार पुनः कानपुर बनेगा। इसके लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को कानपुर नगर में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 388 करोड़ रुपये की 272 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इनमें 174 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 150 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 213 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 122 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी, प्रमाण-पत्र, डेमो चेक तथा टैबलेट वितरित किए। बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी कराई। कार्यक्रम के दौरान विकास योजनाओं से संबंधित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

सीएम ने इस मौके पर कहा कि जनपद कानपुर उत्तर भारत के मैनचेस्टर के रूप में विख्यात था। अपने उद्योगों से इस महानगर ने अपनी अलग पहचान बनायी थी। यहां के उद्योग प्रदेश एवं उत्तर भारत के नौजवानों व नागरिकों के लिए रोजगार का एक माध्यम थे। पुण्य सलिला मोक्षदायिनी मां गंगा की अविरलता और निर्मलता कभी कानपुर नगर की पहचान थी।

# हाइपरसोनिक व्हेकिल का परीक्षण ध्वनि से पांच गुना तेज है रफ्तार

### सभी मानकों पर खरा उतरा, दुश्मनों के लिए साबित होगा सिरदर्द



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तथा एकीकृत रक्षा स्टाफ ने संयुक्त रूप से हाइपरसोनिक व्हेकिल का परीक्षण किया। इसरो द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक परीक्षण के दौरान इसे सभी मानकों पर खरा पाया गया तथा हाइपरसोनिक व्हेकिल ने अपनी उच्च क्षमता का प्रदर्शन किया। इस परीक्षण के बाद रक्षा क्षेत्र में भारत को और ताकत मिलेगी। इस व्हेकिल के बारे में जो सबसे खास बात है वो ये है कि यह ध्वनि से भी पांच गुना तेज उड़ता है। यह पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन के हमले को नाकाम करने में बेहद महत्वपूर्ण हथियार साबित होगा। जानकारी के मुताबिक हाइपरसोनिक व्हेकिल हवाई जहाज, मिसाइल या अंतरिक्ष यान हो सकता है। हाइपरसोनिक तकनीक को नवीनतम अत्याधुनिक तकनीक माना जाता है। चीन, रूस, अमेरिका तथा भारत सभी हाइपरसोनिक हथियारों के क्षेत्र में काफी काम कर रहे हैं। भारत पिछले कुछ सालों से हाइपरसोनिक तकनीक पर काम कर रहा है। अमेरिकी कांग्रेस में पेश एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत रूस के साथ मिलकर हाइपरसोनिक मिसाइल बना रहा है। बताया जाता है कि इस साल रूस ने यूक्रेन के साथ जंग में किंजाल हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया था। भारत हाइपरसोनिक तकनीक के तहत दोहरी क्षमता वाले देसी क्रूज मिसाइल को भी विकसित कर रहा है। यह मिसाइल परमाणु हथियारों के साथ साथ परंपरागत हथियारों को दागने की क्षमता से लैस होगी। इसरो ने नई सफलताओ में 9 सेटेलाइट लांच करना भी शामिल है। इसमें ओसिएन सेट भी शामिल है जो समुद्र के अध्ययन में मददगार साबित होगा।

# भारत की ताकत को प्रदर्शित करने का अनूठा अवसरः मोदी

## जी-20 अध्यक्षता

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत को मिली जी-20 की अध्यक्षता पूरे देश की है और यह अपनी ताकत को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर है। प्रधानमंत्री ने भारत की जी-20 अध्यक्षता से संबंधित पहलुओं पर राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई एक बैठक की अध्यक्षता के दौरान यह बात कही।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के एक बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री ने टीम भावना के महत्व पर जोर देते हुए, इस आयोजन के संदर्भ में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का सहयोग भी मांगा। उन्होंने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता पारंपरिक बड़े महानगरों से परे, भारत के सुदूर हिस्सों को दुनिया के सामने लाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि



इस प्रकार यह आयोजन हमारे देश के प्रत्येक हिस्से की विशिष्टता को दुनिया के सामने लाएगा।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता और इससे जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया की नजरों के बारे में सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए मोदी ने कहा कि देश को इस अवसर का उपयोग व्यापार, निवेश और पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए करना है। उन्होंने कहा कि साथ ही भारत को एक ब्रांड के रूप में विकसित भी करना है। उन्होंने जी-20 के आयोजनों में पूरी सरकार और पूरे समाज के दृष्टिकोण से लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। पीएमओ के मुताबिक कई राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने बैठक के दौरान अपने विचार साझा किए।

# समान नागरिक संहिता संबंधी निजी बिल राज्य सभा में पेश

### विपक्ष के भारी विरोध के बीच भाजपा सदस्य के प्राइवेट बिल को उच्च सदन ने 23 के मुकाबले 63 मतों से पेश करने की अनुमति दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** में शुक्रवार को समान नागरिक संहिता के संबंध में भारतीय जनता पार्टी के एक सदस्य द्वारा लाए गए निजी विधेयक को विपक्ष के भारी विरोध के बीच पेश किया गया। उच्च सदन ने 23 के मुकाबले 63 मतों से निजी विधेयक को पेश करने की अनुमति दी। शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद उच्च सदन में गैर सरकारी कामकाज शुरू होने पर सबसे पहले भाजपा के किरोड़ीमल मीणा ने भारत में एक समान नागरिक संहिता विधेयक, 2020 पेश किया। एमडीएमके के वाइको सहित विभिन्न विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को संविधान विरूद्ध



करार देते हुए सभापति जगदीप धनखड़ से इसे सदन में पेश करने की अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया। सभापति ने मीणा को इस विधेयक के बारे में बोलने का अवसर दिया।

किंतु भाजपा सदस्य ने कहा कि जब इस विधेयक को सदन में चर्चा के लिए लिया जाएगा, तब वह अपनी बात रखेंगे। वाइको, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, आईयूएमएल के अब्दुल वहाब, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के इलामरम करीम, वी शिवदासन, जान ब्रिटास, ए ए रहीम, विकास रंजन भट्टाचार्य, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संतोष कुमार पी, द्रमुक के तिरुचि शिवा, कांग्रेस के एल हनुमंथैया, जे बी हीशम एवं इमरान प्रतापगढ़ी, तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज कुमार झा एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की फौजिया खान ने इस विधेयक का विरोध किया।

### राष्ट्रीय न्यायिक आयोग के गठन के लिए निजी विधेयक पेश किया

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक सदस्य ने राष्ट्रीय न्यायिक आयोग गठित करने के प्रावधान वाला एक निजी विधेयक पेश किया जिसका आम आदमी पार्टी ने यह कहते हुए विरोध किया कि संसद को ऐसा कानून नहीं बनाना चाहिए जिसे न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया जाए। शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद गैर सरकारी कामकाज के दौरान माकपा के विकास रंजन भट्टाचार्य ने राष्ट्रीय न्यायिक आयोग विधेयक पेश किया।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,181 | ↓ | 389 | |
| निफ्टी | 18,496 | ↓ | 112 | |
| सोना | 54,305 | ↓ | 30 | /10g |
| चांदी | 67,365 | ↑ | 558 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नासिक में सड़क दुर्घटना में पांच छात्रों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में शुक्रवार शाम छात्रों के एक समूह की कार दो अन्य वाहनों से टकरा गई, जिससे पांच छात्रों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यह घटना सिन्नर के पास मोहदरी घाट में हुई। उन्होंने कहा कि कॉलेज के आठ छात्रों का एक समूह नासिक से सिन्नर की ओर जा रहा था, जब उनकी तेज रफ्तार कार ने लेन पार की और विपरीत दिशा से आ रही दो अन्य कारों को टक्कर मार दी। कार में सवार सभी छात्रों की उम्र 18-20 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि पांच छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। साथ ही सामने से आ रही एक कार का चालक भी घायल हो गया। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# ब्राजील विश्व कप से बाहर क्रोएशिया सेमीफाइनल में

**भाषा।** अल रेयान (कतर)

**क्रोएशिया** ने शुक्रवार को यहां फीफा विश्व कप क्वार्टरफाइनल में पांच बार की चैम्पियन ब्राजील को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर उलटफेर करते हुए बाहर कर दिया। क्रोएशियाई गोलकीपर डॉमिनिक लिवाकोविच ने रोड्रिगो और मार्किन्होस के गोल बचाए। नेमार ने पहले हाफ के अतिरिक्त समय में ब्राजील को बढ़त दिलाई थी लेकिन क्रोएशिया ने ब्रुनो पेतकोविच के 117वें मिनट में किए गए गोल से बराबरी हासिल की।

क्रोएशिया का सामना अब अर्जेंटीना और नीदरलैंड के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल की विजेता से होगा। दूसरी ओर मोरक्को के लिए फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना एक उपलब्धि से कम नहीं है लेकिन अब पुर्तगाल और इसके सुपरस्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सामने होना भी उनके लिए अविश्वसनीय ही होगा। रोनाल्डो एक बार फिर एक अलग ही तरीके से सुर्खियों में आ गए हैं। शनिवार को होने वाले इस मुकाबले में हालांकि मोरक्को का ऐतिहासिक सफर खत्म कर अंतिम चार में पहुंचना अहम एजेंडा होगा।

लेकिन वह शुरूआती एकादश में होंगे या नहीं? यह बड़ा सवाल बन गया है, मंगलवार को स्विट्जरलैंड पर राउंड 16 में उन्हें शुरूआत नहीं कराई गई थी जिसमें पुर्तगाल की 6-1 की जीत के बाद यह फैसला करने वाले कोच फर्नांडो सांटोस से बार बार यही सवाल पूछा जा रहा है। पांच बार के वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर रोनाल्डो को बेंच पर बिठाने के बाद उनकी जगह मैदान पर उतारे गए 21 वर्षीय गोंकालो रामोस द्वारा गोल की हैट्रिक के बाद मोरक्को के खिलाफ चयन वास्तव में दुविधापूर्ण बन गया है।

# अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा पर बीएसफ और पाक रेंजर्स के बीच गोलीबारी

**नई दिल्ली।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के अनूपगढ़ सेक्टर में भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा रेखा पर शुक्रवार देर शाम सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पाक रेंजर्स के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने सीमा पार के अपने समकक्षों के साथ एक फ्लैग मीटिंग बुलाई है जिसके शनिवार को अनूपगढ़ सेक्टर में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि समझा जा रहा है कि भारत की तरफ कुछ स्थानीय लोगों की आवाजाही के कारण पहले पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी की गई जिसका बीएसएफ के जवानों ने भी जवाब दिया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर राजस्थान के मोर्चे पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच गोलीबारी का यह बिरला मामला है।

# लगातार तीसरे साल बाघों की मौत का आंकड़ा सौ के पार

### पिछले साल 127 व 2020 में लॉकडाउन के दौरान मारी गई थीं 106 धारीदार बिल्लियां

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**देश** में लगातार तीसरे वर्ष बाघों की मौत का आंकड़ा 100 के पार चला गया है। हालांकि, वन्यजीव अधिकारियों और पशु प्रेमियों के लिए राहत की बात यह है कि पिछले साल 127 मौतों के मुकाबले मौजूदा कैलेंडर वर्ष के 11 महीनों में कुल 107 बाघों की जान गई है।

इनमें 22 शावक और दस ऐसे बाघ शामिल हैं जो अभी पूर्ण वयस्क नहीं हुए थे। वर्ष 2020 में कोविड महामारी के कारण लगे लॉकडाउन के दौरान प्राकृतिक मौत, अवैध शिकार, बिजली के करंट, आपसी लड़ाई और जहर दिए जाने जैसे कारणों से देश में



106 बाघों की मौत हुई थी। पिछले साल के 16 के विपरीत इस साल अब तक 17 बाघिनों की मौत हुई है। साल 2021 में बाघ शावकों की मृत्यु की संख्या केवल 15 थी।

वन्यजीव अधिकारी इस उम्मीद में हैं कि इस साल बाघों की मौत की संख्या पिछले साल से कम रहे या कम से कम पिछले साल के 127 के आंकड़े को पार न करे। इस क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठन भारतीय वन्यजीव संरक्षण सोसायटी (डब्ल्यूपीएसआई) ने सरकारी आंकड़ों से उलट दावा किया है कि इस वर्ष 11 महीनों में 129 बाघों की मौत हो चुकी है, जिनमें 35 शिकारियों द्वारा मारे गए हैं।

वन्यजीव संरक्षण संगठन के अनुसार, पिछले साल कम से कम 115 बाघों की मौत प्राकृतिक/आपसी लड़ाई और मानव-पशु संघर्ष के कारण हुई, जबकि अवैध शिकार ने 56 बाघों की जान ली। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) से उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 32 बाघों की मौत हुई है।

इसके बाद महाराष्ट्र में इस साल पहले 11 महीनों में 25 बाघ मारे गए हैं। कर्नाटक में 13 मौतें दर्ज की गईं, जबकि असम, राजस्थान और केरल में क्रमशः छह और पांच धारीदार बिल्लियों ने जान गंवाई। आंध्र प्रदेश से तीन बाघों की मौत की सूचना मिली है, जबकि बिहार और तमिलनाडु में दो-दो बाघों की मौत हुई है। आंकड़ों के विस्तृत विश्लेषण से पता चलता है कि कम से कम 62 धारीदार बिल्लियां अपने प्राकृतिक घर यानी टाइगर रिजर्व में मारी गई हैं, जबकि 45 टाइगर रिजर्व के बाहर या जंगल में मौत का शिकार हो गईं।

# यूपी सरकार की नीतियां वैश्विक जगत के लिए उत्साहवर्धकः योगी

● विविध सेक्टरों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा के साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने इन्वेस्टर्स समिट-2023 में सहभागिता के लिए उत्साह जताया

## मुख्यमंत्री से ऑस्ट्रेलियाई निवेशकों के प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी हाई कमिश्नर के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी 10 से 12 फरवरी 2023 तक लखनऊ में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन कर रही है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोत्तरी के लक्ष्य के साथ हमारा प्रयास है कि प्रदेश में उपलब्ध असीम व्यावसायिक अवसरों से देश और दुनिया लाभान्वित हो सके। यह इन्वेस्टर्स समिट वैश्विक औद्योगिक जगत को प्रदेश के आर्थिक विकास में सहयोग करने के लिए एक इंटिग्रेटेड मंच प्रदान करने में उपयोगी सिद्ध होगी। ऑस्ट्रेलिया के उद्यमियों और निवेशकों का सहयोग इस समिट को नई ऊंचाई तक ले जाने में उपयोगी होगा।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर ऑस्ट्रेलिया की डिप्टी हाई कमिश्नर सारा स्टोरे के नेतृत्व में आए ऑस्ट्रेलियन निवेशकों के एक प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार भेंट के दौरान उनसे मुखातिब थे। इस दौरान औद्योगिक दल ने प्रदेश में विविध सेक्टरों में निवेश की सम्भावनाओं पर चर्चा की और साथ ही यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में सहभागिता के लिए उत्साह भी जताया। उत्तर प्रदेश आगमन पर प्रतिनिधिमंडल का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत सुखद है कि आज जबकि उत्तर प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल जर्मनी में औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों तथा निवेशकों के साथ प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा कर रहा है, वहीं ऑस्ट्रेलिया की डिप्टी हाई कमिश्नर सारा स्टोरे के नेतृत्व में औद्योगिक निवेशकों का समूह उत्तर प्रदेश के औद्योगिक माहौल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने प्रदेश की राजधानी में है।

प्रदेश के ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ स्टार्टिंग बिजनेस के शानदार माहौल से प्रभावित ऑस्ट्रेलियाई दल की विविध जिज्ञासाओं का समुचित समाधान करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने निवेशकों के व्यावसायिक हितों का संरक्षण करती रही है। हमारी नीतियां वैश्विक जगत के लिए उत्साहवर्धक होंगी। सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न इस बैठक में ऑस्ट्रेलियाई निवेशक समूह ने उत्तर प्रदेश की अनेक सेक्टोरल पॉलिसी पर चर्चा की, साथ ही यूपी जीआईएस 2023 में सहभागिता करने के लिए अपना उत्साह भी जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत में सबसे बड़ी आबादी का प्रदेश है। यह भारत का हृदय स्थल है। यहां की उर्वर भूमि इस प्रदेश की समृद्धि का मूलाधार है। हम भारत में खाद्यान्न उत्पादन में प्रथम स्थान पर हैं। चीनी और एथेनॉल का सर्वाधिक उत्पादन यहीं होता है। विभिन्न सब्जियों और फ लों के उत्पादन में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर हैं। प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा वाला उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आकार में भारत का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। राज्य में 25 करोड़ नागरिक निवास करते हैं, जो इसे भारत का सबसे बड़ा श्रम एवं उपभोक्ता बाजार बनाते हैं। प्रदेश सरकार वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए त्वरित गति से बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है। इससे उद्योगों को वैश्विक एवं घरेलू बाजार तक पहुंच बनाने में लॉजिस्टिक्स की सुलभता में वृद्धि होगी। प्रदेश में उपलब्ध शानदार कनेक्टिविटी से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 एक्सप्रेस-वे क्रियाशील हैं तथा 7 एक्सप्रेस-वे विकसित किए जा रहे हैं। इनके माध्यम से प्रदेश में विश्वस्तरीय रोड कनेक्टिविटी की उपलब्धता है। ये एक्सप्रेस-वे पूरे राज्य में मैन्युफैक्चरिंग केंद्रों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करते हैं। उत्तर प्रदेश 5 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का एकमात्र राज्य बनने जा रहा है। यहां देश का पहला अंतरदेशीय जलमार्ग (इनलैंड वॉटर-वे) विकसित किया जा रहा है।

## लखनऊ परिक्षेत्र में 7 दिन के भीतर 3555 वाहनों का चालान, वसूला 188.41 लाख का शमन शुल्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** मंत्री के निर्देशों का अनुपालन करते हुए परिवहन विभाग अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ पहली दिसम्बर से 8 दिसम्बर तक लखनऊ परिक्षेत्र में कुल 3555 वाहनों का चालान किया गया तथा 508 वाहनों को बंद किया गया। इस कार्रवाई से कुल 188.41 लाख रुपए/शमन शुल्क वसूल किया गया। परिवहन उपायुक्त निर्मल प्रसाद ने बताया कि अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ पहली दिसम्बर से 8 दिसम्बर तक की गई कार्रवाई में 122 बसों, 574 ट्रकों, तथा 2859 अन्य वाहनों का चालान किया गया। इसी प्रकार 23 बसों, 231 ट्रकों व 254 अन्य वाहनों को इस दौरान बन्द करने की कार्रवाई की गई। परिवहन मंत्री की मंशानुरूप अनधिकृत बसों एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का परिवहन विभाग सख्ती से अनुपालन कराना सुनिश्चित कर रहा है। अनधिकृत वाहनों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी।

## तीन आईएएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शासन** ने विशेष सचिव स्तर के तीन आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में समाज कल्याण विभाग के निदेशक राकेश कुमार प्रथम को विशेष सचिव राजस्व विभाग, अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (प्रशासन), सहकारिता खेमपाल सिंह को विशेष सचिव परिवहन विभाग और विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा राम नारायन सिंह यादव को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन विभाग के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## आस्ट्रेलियाई दल के साथ बैठक कर जलशक्ति मंत्री ने निवेश की संभावनाओं को परखा

● यूपी में स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, जल संरक्षण व संवर्धन और कृषि के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ाने पर किया विचार-विमर्श

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपने सिडनी दौरे से पहले शुक्रवार को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के गोमतीनगर स्थित कार्यालय में आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। करीब एक घंटे तक चली बैठक में उन्होंने उत्तर प्रदेश में आस्ट्रेलियाई निवेश की संभावनाओं को परखा। स्वतंत्र देव सिंह ने आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वास्थ्य, जल संरक्षण, जल संवर्धन, इंफ्रास्ट्रक्चर और कृषि के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को बढ़ाने पर विचार-विमर्श भी किया। जलशक्ति मंत्री ने आस्ट्रेलियाई एम्बेसी की डिप्टी हाई कमिशनर सराह स्त्रो के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। स्वतंत्र देव सिंह ने योगी सरकार द्वारा जल संसाधन, कृषि, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था और आईटी सेक्टर में लगातार हो रहे सुधार, उपलब्धियों और परिवर्तनों की आस्ट्रेलियाई दल से चर्चा की। प्रदेश की खूबियों और औद्योगिक संभावनाओं को सामने रखते हुए उन्होंने आस्ट्रेलियाई निवेश के लिए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से विचार विमर्श किया। जल शक्ति मंत्री ने आस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल से कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे सुरक्षित है। योगी सरकार की नीतियों से यूपी देश की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अपराध, भ्रष्टाचार के लिए प्रदेश में कोई जगह ही नहीं है। प्रदेश सरकार निवेशकों को सुरक्षा और सहयोग की भी पूरी गारंटी दे रही है। मंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी और यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने के बाद प्रदेश को सुरक्षित माहौल मिला है। लड़कियों के जन्म से लेकर शादी तक और पढ़ाई से लेकर उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी योगी सरकार ने उठा रखी है।



मैनपुरी में डिंपल यादव की जीत पर सपा मुख्यालय में खुशियां मनाते व मिठाई खिलाते कार्यकर्ता

## कांग्रेस मुख्यालय में मनाया गया सोनिया गांधी का जन्मदिन, संगोष्ठी का भी हुआ आयोजन

● हिमाचल की जीत तो शुरूआत, 2024 से पहले होने वाली सभी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की होगी विजयः नकुल दुबे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देश** कांग्रेस मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन एवं मिष्ठान वितरण किया गया। पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल की जीत कांग्रेस की बड़ी जीत है और इस विजय को हम उत्तर प्रदेश के कांग्रेसजन सोनिया गांधी को समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जीत तो एक शुरुआत मात्र है, 2024 से पहले जिन भी प्रदेशों में विधानसभा चुनाव होने हैं उन प्रदेशों में सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस ही चुनाव जीतेगी। देश की जनता भारतीय जनता पार्टी की जुमलेबाजी, झूठ, फरेब और उनकी जनविरोधी नीतियों को भली भांति समझ चुकी है और अब आगे जनता भाजपा को मौका नहीं देना चाहती। इस अवसर पर पूर्व सांसद जफर अली नकवी, पूर्व मंत्री डॉक्टर मसूद अहमद, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडे आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि आज हमारे लिए 'डबल खुशी' का मौका है। एक तरफ हिमाचल में कांग्रेस की जीत है तो दूसरी तरफ हमारी नेता सोनिया गांधी का जन्म दिवस है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश मिश्रा, रमाशंकर द्विवेदी, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, हरिनाम सिंह मुन्नू, राजेश सिंह काली, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता पंकज तिवारी, संजय सिंह, सुभाष मिश्र, देवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. नीरज जैन, विजय बहादुर, सिद्धीश्री, सुधा मिश्रा, मेहताब जायसी, सुशीला शर्मा, राजू सैनी, केडी शुक्ला, प्रभाकर मिश्रा, नितांत सिंह नितिन, अयूब सिद्दीकी, विभा त्रिपाठी, आलोक सिंह रैकवार, नसीम सिद्दीकी पंडित, जितेन्द्र कुमार वर्मा, आदि मौजूद रहे।

## 11 संरक्षित स्मारकों को पीपीपी मॉडल पर विकसित कर बनाए जाएंगे हेरिटेज होटल

● जैन-बौद्ध मंदिरों की सूची तैयार करने व गुरु गोरखनाथ का जायस से संबंध पता लगाने के लिए गहन सर्वेक्षण के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने राज्य पुरातत्व परामर्शदात्री समिति की बैठक की। बैठक में उन्होंने 26 जुलाई की बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या की जानकारी ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय एवं इसकी अधीनस्थ क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई, आगरा, झांसी, गोरखपुर एवं प्रयागराज द्वारा सर्वेक्षित 43 स्मारकों/पुरास्थलों को सरंक्षित करने के निर्देश दिए। सिंह ने कहा कि समिति द्वारा 11 संरक्षित स्मारकों/पुरास्थलों को असंरक्षित करने के लिए निर्णय लिया गया। जिसमें 10 स्मारकों//पुरास्थलों को पर्यटन विभाग द्वारा पीपीपी मॉडल पर विकसित करने अथवा हेरिटेज होटल बनाए जाने के लिए असंरक्षित घोषित किया गया है। प्रदेश में संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के किलों, गढ़ियों, महलों और कोठियों की सूची बनाकर उनको पीपीपी मॉडल पर विकसित करने, अधिक से अधिक ऐतिहासिक स्मारकों/स्थलों/मंदिरों को संरक्षित करने, आवश्यकतानुसार संरक्षित स्मारकों से सम्बन्धित भूमि के मुआवजा के लिए प्रस्ताव तैयार करने, यूपी के 75 जिलों में जैन एवं बौद्ध मंदिरों एवं स्थलों की सूची तैयार करने एवं गुरु गोरखनाथ का जायस से सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए गहन सर्वेक्षण का निर्देश भी दिया।

## पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज से 18 दिसंबर तक कोरिया व जापान के दौरे पर रहेंगे

**लखनऊ।** यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के जरिए विदेशों से निवेश जुटाने के लिए योगी सरकार ने कार्यक्रम तय कर लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्रीगण विभिन्न देशों के दौरे पर जा रहे है। इसी क्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह तथा प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाटमाप मंत्री आशीष पटेल उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 से 18 दिसम्बर 2022 तक कोरिया एवं जापान देश के दौरे पर रहेंगे। मंत्रीगण विदेशी दौरे पर रहकर रोड शो कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री उतर प्रदेश का वीडियों संदेश एवं यूपी में निवेश के अवसरों का प्रस्तुतिकरण करेंगे एवं कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। मंत्रीगण विदेशी दौरे के दौरान विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियो से भी मुलाकात एवं बैठक करेंगे। मंत्रीगण 10 से 13 दिसंबर 2022 तक कोरिया में तथा 17 से 18 दिसंबर 2022 तक जापान में रहेंगे। मंत्रीगण कोरिया देश के दौरे के दौरान केएनडी, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इसी तरह जापान देश के दौरे के दौरान मित्सुई, हौंडा आदि एवं कपड़ा सेक्टर की कंपनियों से मुलाकात करेंगे। 10 फरवरी 2023 को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के आयोजन के दृष्टिगत देश-विदेश के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश की अपार सम्भावनाओं से अवगत कराए जाने के उद्देश्य से आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद भी मंत्रियों के साथ जाएंगे।

## छात्रवृत्ति वितरण के लए धनराशि जारी

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण के लिए धनराशि निर्गत कर दी गई। अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने अवगत कराया की अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग में संचालित पूर्वदशम कक्षाओं में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण हेतु जिला योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2022/23 के लिए बजट में प्राविधानित धनराशि 1000 लाख में से अवशेष धनराशि 500 लाख रुपए शासनादेश 6 दिसम्बर 2022 तथा पूर्वदशम कक्षाओं में अध्ययनरत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बजट में प्रावधानित धनराशि 2000 लाख के सापेक्ष अवशेष धनराशि 1000 लाख रुपए शासनादेश 6 दिसम्बर 2022 द्वारा निर्गत कर निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण लखनऊ के निर्वतन पर रख दी गयी है।

## उत्तर प्रदेश आर्ट और क्राफ्ट का सबसे बड़ा केन्द्र हैः आनंदीबेन पटेल

● जी-20 की तैयारी बैठक में शामिल हुईं राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में जी-20 की तैयारी के संबंध में आहूत बैठक में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष से आनलाइन शामिल हुईं। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि 1 दिसम्बर 2022 से 30 नवम्बर 2023 तक प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के 4 शहरों आगरा, वाराणसी, लखनऊ और ग्रेटर नोएडा में विभिन्न स्थलों पर 11 बैठकें आयोजित की गयी हैं, जो उत्तर प्रदेश के लिए अत्यन्त हर्ष का विषय है।

राज्यपाल ने कहा कि बैठकों में शामिल होने वाले जी0-20 देशों के प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत राज्य सरकार से समन्वय स्थापित कर 13 फरवरी, 2023 का वेलकम डिनर डिनर लखनऊ राजभवन में किया जायेगा। कुलाधिपति होने के नाते वाराणसी में आयोजित जी-20 देशों के प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत एवं अभिनंदन वाराणसी स्थित सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय तथा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा किया जायेगा। राज्यपाल ने कहा कि सुरक्षा और संरक्षण से समझौता किए बिना ही प्रतिनिधियों को अपने शहरों का पता लगाने, अनौपचारिक तरीके से स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करने के लिए इन्हें हर तरह की सहूलियत प्रदान की जायेगी।

उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों द्वारा किये गये नवाचारों, स्टार्टअप, सूचना प्रौद्योगिकी, पेटेण्ट तथा अन्य गतिविधियों का प्रदर्शन प्रदर्शनियों तथा डिजिटल माध्यम से किया जायेगा। प्रदेश में मथुरा, कानपुर, मेरठ, अयोध्या में 4 ऐसे विश्वविद्यालय हैं जहां कृषि के साथ-साथ पशुपालन की भी शिक्षा दी जाती है। इन उत्पादों से जुड़े निवेशों के लिए योजना बनाई जाये। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि एवं पशुपालन तथा डेयरी उद्योग के संबंध में शिक्षण प्रशिक्षण तथा डेयरी उत्पादों के संबंध में तकनीकी के आदान प्रदान हेतु दो देशों के बीच एमओयू किया जा सकता है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा क्षय रोग ग्रसित बच्चों को गोद लेकर उनको स्वस्थ्य बनाने का कार्य, कुपोषण दूर करने के लिए पोषण पोटली उपलब्ध कराने का कार्य तथा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण जैसे कार्यों का भी प्रदर्शन किया जायेगा। हमारे सामान्य तथा 04 तकनीकी विश्वविद्यालयों से पारस्परिक सहयोग एवं आपसी साझेदारी, विद्यार्थियों के आदान-प्रदान, वर्चुअल शिक्षण, फैकल्टी के आदान-प्रदान, ई-कक्षाओं तथा विस्तार पटल के माध्यम से सह-शिक्षण के लिए एमओयू किये जाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आर्ट और क्राफ्ट का सबसे बड़ा केन्द्र है।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यह राज्य भारत के प्रमुख सांस्कृतिक केन्द्रों का घर है। यहां पर आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामायण सर्किट, बौद्ध सर्किट तथा महाभारत सर्किट बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की आध्यात्मिक राजधानी है। विविध सर्किटों और उनसे जुड़ी कथाओं के माध्यम से वसुधैव कुटुम्बकम का विचार अच्छी तरह रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान छात्र समूह, कालेजों से, गाइड, स्वयंसेवकों के रूप में इस कार्य में बढ़चढ कर अपनी सहभागिता देंगे। राज्यपाल जी ने कहा कि स्थानीय संस्कृति और विरासत पर संक्षिप्त विवरण प्राप्त करने के लिए एवी, नोट्स आदि तैयार करने के लिए स्थानीय विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों, शिक्षकों तथा लेखकों का उपयोग किया जा सकता है।

जी-20 की तैयारियों के संबंध में आयोजित आनलाइन बैठक में समस्त प्रदेशों के राज्यपाल, उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री ने वर्चुअली सहभाग कर अपने-अपने राज्यों में बैठक हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।

**शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालय :- 425, उद्योग विहार फेज-4, गुरूग्राम-122015 (हरियाणा)
फोन :- 0124-4212530/31/32, ई-मेल :- customercare@shubham.co
वेबसाइट : www.shubham.co

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) के तहत सूचना**

आपको सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय, डी-305, ग्राउण्ड फ्लोर, सर्वोदय एन्क्लेव, नई दिल्ली-110017 (इसमें आगे 'एसएचडीएफसीएल' कही गई है) द्वारा आपका ऋण खाता एनपीए घोषित किया गया है तथा आप अपने ऋण की पूरी बकाया राशि का भुगतान एसएचडीएफसीएल को करने हेतु जिम्मेदार हैं। आप उपरोक्त राशि पर संविदा दर पर भावी ब्याज तथा अनुषंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि का भी भुगतान करने हेतु जिम्मेदार हैं। अतएव, हम एतद्द्वारा आपसे अपनी पूरी देयताओं का भुगतान इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर एसएचडीएफसीएल को करने की मांग करते हैं, जिसमें असफल रहने पर, एसएचडीएफसीएल को अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करने का अधिकार होगा। कर्जदारों तथा प्रत्याभूत आस्तियों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या कर्जदार (रों) का नाम | आवेदक का पता | मांग सूचना राशि एवं तिथि | प्रत्याभूत आस्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 0VRN1911000005024510, प्रभात सिंह, प्रभा सिंह, राहुल सिंह | मकान नंबर 125, परमहंस नगर, निकट हनुमान मंदिर, चिताईपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221106 | रू. 37,37,794/- एवं 29-11-2022 | फ्लैट नंबर 404, म्युनिसिपल नंबर एन.7/1-ई-1-404, चतुर्थ तल, आकाश गंगा कॉम्प्लेक्स, अवस्थित एस.एम. प्लॉट नंबर 17, स्थित मौजा नेवादा, परगना देहात अमानत, वार्ड नागवा, जिला-वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221106 |
| 2. | 0LKW1808000005014483, मोहम्मद आसिफ, शफीकुन | 643ए/70, पल्टन छावनी सीतापुर रोड स्कीम, निकट महादेव हॉस्पिटल, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226021 | रू. 15,07,472/- एवं 29-11-2022 | मकान नंबर 643ए/046, मोहल्ला पल्टन छावनी वार्ड भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (97), लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226021 |
| 3. | 0LKW1803000005011961, राकेश शर्मा, शोभा शर्मा | ग्राम पोस्ट सुरवरी, तहसील - सुहावल, फैजाबाद, उत्तर प्रदेश - 224188 | रू. 8,85,959/- एवं 29-11-2022 | प्लॉट नंबर 13, खसरा नंबर 865, स्थित सलेमपुर पतौरा परगना काकोरी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 227107 |
| 4. | 0LKO2011000005031123, मुकेश वर्मा, मीनू वर्मा | 414/133, सराय माली खान, निकट दूध मंडी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 | रू. 4,43,483/- एवं 29-11-2022 | एक आवासीय प्लॉट, पार्ट/मिनजुमला खसरा नंबर 293, परिमाप 350 वर्ग फीट यानी 32.527 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम मोहल्ल-देवपुर, वार्ड-केसरी खेड़ा, परगना, तहसील एवं जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226001 |
| 5. | LKW_1408_025988, महेन्द्र कुमार, नीलू जायसवाल | एकता नगर कनौसी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226017 | रू. 4,73,982/- एवं 29-11-2022 | खसरा नंबर 1841 पर प्लॉट का भाग, कनौसी वार्ड - -केसरी खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226011 |
| 6. | 0ALB1705000005005776, सत्येन्द्र कुमार शुक्ला, सुधा | ई.जी.-9, दूरवाणी नगर, नैनी, महर्षि चावराहा, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 211008 | रू. 6,90,729/- एवं 29-11-2022 | अराजी नंबर 589, मौजा देवराख उपरहार, परगना अरैल, तहसील करचना, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश - 211018 |

स्थान : गुरूग्राम
तिथि : 09-12-2022
प्राधिकृत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# कुकरैल जू व नाइट सफारी का काम जल्द शुरू करें

● लखनऊ चिड़ियाघर का अगला स्थापना दिवस कुकरैल में मनाया जाएगा:अरूण सक्सेना ●वन मंत्री ने ओडीओपी की तर्ज पर प्रत्येक जिले में वन डिस्ट्रिक्ट-वन वेटलैंड का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के वन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं जन्तु उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि वर्ष 2023 के अंत तक कुकरैल जू एवं नाइट सफ ारी की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और लखनऊ चिड़ियाघर का अगला स्थापना दिवस कुकरैल में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इसलिए कुकरैल जू एवं नाइट सफारी की स्थापना का कार्य यथाशीघ्र शुरू कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कुकरैल जू एवं नाइट सफ ारी के डिजिटल सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। माह फ रवरी के अंत तक कैंप स्ट्रक्चर एवं वॉर रूम के कार्य को पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में होने वाली आगामी समीक्षा बैठक वॉर रूम में ही की जाएगी।

सक्सेना ने यह निर्देश शुक्रवार को पारिजात सभागार में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने ओडीओपी स्कीम की तर्ज पर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में वन डिस्ट्रिक्ट-वन वेटलैंड का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदेश के सभी प्रभागीय वनाधिकारी को दिए। यह भी कहा कि प्रत्येक जनपद में वेटलैंड को ईको-टूरिज्म के तहत विकसित किया जाए। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि बंदरों की सुरक्षा के लिए एक अलग से रेस्क्यू सेंटर की स्थापना कराई




जाए। पौधरोपण अभियान के दौरान रोपित पौधों में से यदि कोई पौधा सूख गया है तो उसके स्थान पर तत्काल पौधरोपण कराया जाए। इसकी थर्ड पार्टी से मॉनीटरिंग भी कराई जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। विकास कार्यों के लिए दी जाने वाली एनओसी को समय से निर्गत किया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब नहीं होनी चाहिए।

सक्सेना ने बैठक में पौधशाला प्रबंधन में अबतक की जनपदवार प्रगति की समीक्षा की। ग्राम पंचायतों में ग्राम नर्सरी स्थापित कराए जाने के निर्देश दिए। वन ट्रिलियन इकॉनामी के संबंध में वन विभाग को दिए गए दस हजार करोड़ के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उत्तर प्रदेश में काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए जनपदवार लक्ष्यों को निर्धारण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही काष्ठ कला बोर्ड की स्थापना के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही बरेली में जू स्थापना के प्रगति से अवगत हुए। सांडी नवाबगंज समसपुर पक्षीविहार, सारनाथ डियर पार्क, इन्दिरा गंधी वनस्पति उद्यान, रायबरेली के बेहतर प्रबंधन के लिए सोसायटी-ट्रस्ट के गठन का प्रस्ताव यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वन, अग्नि व वन्य जीव एवं मानव संघर्ष की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा की। बर्ड फेस्टिवल आयोजित किए जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## डॉ अभिषेक शुक्ला रॉयल कॉलेज ऑफ फिजीशियन के फेलो के रूप में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आस्था द सेंटर फॉर** जीरियाट्रिक मेडिसिन, पैलिएटिव केयर हॉस्पिटल के संस्थापक और चिकित्सा निदेशक डॉ अभिषेक शुक्ला को एडिनबर्ग के रॉयल कॉलेज ऑफ फिज़ीशियन के फेलो के रूप में शामिल किया गया है। डॉ अभिषेक उत्तर प्रदेश के पहले डॉक्टर हैं जिन्हें जीरियाट्रिक मेडिसिन और पैलिएटिव मेडिसिन के क्षेत्र में उनके मेधावी योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो डॉ अभिषेक शुक्ला को अब तक चिकित्सा उत्कृष्टता के 34 पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

## अब गौ ऐप से पहचानी जा सकेंगी गाय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● फेस बायोमेट्रिक से होगी गायों के चेहरे की पहचान ●एकेटीयू में गौ ऐप का हुआ डेमो, गौमूत्र से बनाया गया हाइड्रोजन

**डॉ एपीजे अब्दुल** कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को गौ ऐप और गौमूत्र से हाइड्रोजन और फिर बिजली बनाने का डेमो दिया गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने ऐप को अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड भी किया। साथ ही परिसर में मौजूद एक गाय का चेहरा ऐप में फीड कर खुद भी डेमो किया। आने वाले दिनों में यह ऐप गायों को पहचान देगा। इस ऐप में गायों की पूरी कुंडली रहेगी। वहीं गौ मूत्र का इस्तेमाल हाइड्रोजन और फिर बिजली बनाने में किया जा सकेगा। गाय आधारित उन्नति यानी गौ ऐप को विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र और आईआईएम अहमदाबाद के प्रो अमित गर्ग के मार्गदर्शन में इंडियन बायोगैस एसोसिएशन व टेक मशिनरी लैब ने मिलकर बनाया है। फिलहाल लखनउ के कान्हा उपवन की कुछ गायों का डाटा इस ऐप में दर्ज है। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशेष सचिव शहरी विकास डॉ राजेंद्र पेंसिया ने गाय आधारित पूरी अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डाला। उन्होंने गोशाला प्रबंधन, गौशाला के आत्मनिर्भर बनाने पर अपना अनुभव साझा किया। इसके लिए उन्होंने फर्रूखाबाद में एक गौशाला का जिक्र किया। उन्होंने गाय और गोशालाओं के लिए सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अपर्णा बिष्ट यादव ने वर्तमान में गायों की दशा पर चिंता जाहिर की। उन्होंने गौ ऐप और गौमूत्र से हाइड्रोजन बनाने को काफी सराहा। साथ ही इस तकनीक को अपने गौशाला में भी लगाने की इच्छा जाहिर की। गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो गुरू प्रसाद सिंह ने कहा कि विश्व के लिए गाय चिंतन का विषय है तो भारत के लिए चिंता का। हमने गायों को जिस तरह से बेसहारा किया है वह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने गिर गायों के ब्राजील जाने का जिक्र किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र ने गौ ऐप को बनाने की जरूरत क्यों पड़ी इस पर प्रकाश डाला। गायों का पूरा ब्योरा इस ऐप में दर्ज होगा। साथ ही ऐप के जरिये दानदाताओं को जोड़ा जाएगा। जो एनजीओ के जरिये गौशालाओं को दान करेंगे। ऐप के जरिये उन्हें पता चलेगा कि उनका पैसा सही जगह लगा है कि नहीं। साथ ही गायों की सेहत भी उन्हें पता चलती रहेगी। अक्षय पात्र मथुरा से आये अनंत प्रभु ने कहा कि नई पीढ़ी प्रकृति से दूर होती जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र मिश्रा ने गाय आधारित तंत्र का खाका खींचा। ऑनलाइन जुड़े आईआईएम के प्रो अमित गर्ग ने कहा कि गाय भारतीय व्यवस्था की धुरी रही है। इंडियन बायोगैस एसोसिएशन के चेयरमैन गौरव केडिया ने गौ ऐप और गौमूत्र से हाइड्रोजन बनाने की विधि पर विस्तार से चर्चा की।

### इन्होंने दिया डेमो

इंडियन बायोगैस एसोसिएशन के सहयोग से टेक मशीनरी लैब के निशांत कृष्णा और उनकी टीम ने मिलकर गौ ऐप बनाया है। फेस बायोमेट्रिक की तरह गोवंश के चेहरे से उनकी पहचान ऐप के जरिये होगी। इस ऐप में गोवंश की पूरी डिटेल रहेगी। ऐप और गोमूत्र से हाइड्रोजन बनाने का डेमो गौरव केडिया और डॉ रोहित श्रीवास्तव ने दिया।

## स्टूडेंट फ्रेंडली परिसर बनाने को लेकर चीफ प्राक्टर ने छात्रों से लिए सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ विश्वविद्यालय** के मुख्य परिसर में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से विवि के कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने शुक्रवार को छात्रों से कैंटीन में चर्चा की। चर्चा के दौरान स्टूडेन्ट फेन्डली परिसर बनाने के विषय में छात्र छात्राओं द्वारा सुझाव दिये गये एवं विश्वविद्यालय प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया। विवि के कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी के नेतृत्व में आज कुलानुशासक मण्डल के सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थलों यथा-वाणिज्य विभाग, टैगोर पुस्तकालय, टैगोर लॉन, भू.विज्ञान विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग, जन्तु विज्ञान विभाग, गणित विभाग, साँख्यिकी विभाग, रसायन विज्ञान विभाग, भौतिक विज्ञान विभाग, कला संकाय भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जो छात्र इधर.उधर बैठे मिले उन्हें अपनी कक्षाए पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला में जाने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय परिसर स्थित विभिन्न कैन्टीनों का भी सम्यक निरीक्षण किया गया। विज्ञान संकाय स्थित कैन्टीन में जो छात्र-छात्रायें जलपान कर रहे थे। उनसे प्रो द्विवेदी सहितं कुलानुशासक मण्डल के सदस्यों ने वार्ता की और उनके कैरियर के विषय में जानकारी प्राप्त की। चर्चा में स्टूडेन्ट फेन्डली परिसर बनाने के विषय में छात्र.छात्राओं द्वारा सुझाव दिये गये।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी जख्मी

**मोहनलालगंज।** मेला देखकर लौट रहे बाइक सवारों को रायबरेली हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में जख्मी एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथी को एपेक्स ट्रामा सेण्टर में भर्ती कराया गया है। गोशाईगंज के सेंगटा निवासी अनिल कुमार बाइक से गांव के ही शिवकुमार के साथ मेला देखकर लौट रहे थे। मोहनलालगंज में फुलवरिया मोड़ के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अनिल और शिवकुमार जख्मी हो गए। पुलिस टीम दोनो जख्मियों को सीएचसी ले गई। जहां अनिल कुमार को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि शिवकुमार का एपेक्स ट्रामा सेण्टर में इलाज चल रहा है। मृतक के पिता उजागर की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर हादसे को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाने में जुटी हुई है।

### छात्र को पीटने वाले प्रिंसिपल समेत तीन पर केस

**मोहनलालगंज।** डायरी नहीं दिखा पाने पर इण्टर के छात्र को बेरहमी से पीटने वाले प्राइवेट कालेज के प्रिंसिपल समेत तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। मोहनलालगंज के संतपीटर्स इण्टर कालेज में इण्टर के छात्र की डायरी नहीं दिखा पाने पर नाराज प्रिंसिपल ने बेरहमी से पिटाई कर दी थी। छात्र के पिता ने प्रिंसिपल व वाइस प्रिंसिपल और बाबू पर बेटे को अपमानित करने का भी आरोप लगाया था। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया पीड़ित छात्र के पिता की शिकायत पर आरोपी प्रिंसिपल वाइस प्रिंसिपल व बाबू के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है। एसीपी मामले की जांच कर रहे हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**मोहनलालगंज।** कनकहा के दौलत खेड़ा गांव में शुक्रवार को नशे के आदी युवक ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज के दौलत खेड़ा निवासी रामबहादुर का शव शुक्रवार को घर के निकट खेत में महुआ के पेड़ से लटकता हुआ बरामद किया गया। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया मृतक नशे का आदी था। उसकी इस लत की वजह से पत्नी बच्चों को लेकर मायके में रह रही थी। जिसकी वजह से मृतक परेशान रहता था।

## लखनऊ में डेंगू के 26 रोगी मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ जनपद** में अभी डेंगू रोगियों के आंकड़ों में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। शुक्रवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 26 डेंगू धनात्मक रोगी पाए गये। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत चन्दरनगर में 5, रेड क्रॉस एरिया में 3, सिल्वर जुबली में 2, टूडियागंज में 3, इंदिरा नगर में 5, चिनहट में 2, एनके रोड एरिया में 2, अलीगंज में 4 केस पाए गए। आज लगभग 3402 घरों एवं आस.पास मच्छर जनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 13 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों, भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव किया गया।

## गैंगेस्टर के मामले में सलीम, रुस्तम व सोहराब को सात साल की सजा

● लखनऊ के टॉप तीन माफियाओं में शामिल है इनका नाम

**विधि सवांददाता।** लखनऊ

**विशेष जज** मो. गजाली ने गैंगेस्टर के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम सलीम, रुस्तम व सोहराब को सात साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन तीनों पर 10-10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। यह तीनों मुल्जिम भाई हैं व लखनऊ के टॉप तीन माफियाओं में चिन्हित हैं। यह तीनों मुल्जिम तिहाड़ जेल में निरुद्ध हैं। तीनों मुल्जिम वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष अदालत के समक्ष उपस्थित थे। इन तीनों मुल्जिमों को उप्र गिरोहबंद और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधि. की धारा 2/3 में दोषी करार दिया गया है।

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अवधेश कुमार सिंह व विशेष लोक अभियोजक प्रशांत वाजपेई के मुताबिक 15 दिसंबर 2006 को गैंगेस्टर का यह मुकदमा प्रभारी निरीक्षक जावेद खान ने थाना कैंट में दर्ज कराया था। इन मुल्जिमों के विरुद्ध हत्या के दो व हत्या के प्रयास का एक तथा एक रंगदारी समेत छह मुकदमे दर्ज थे। इनका गैंगचार्ट तैयार किया था। छह अक्टूबरए 2007 को विवेचना के पश्चात इनके विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल हुआ। इन तीनों भाईयों का एक संगठित गिरोह है, जो अपने व अपने साथियों के दुनियावी लाभ के लिए समाज में आतंक व भय का माहौल बनाकर अपराधिक कृत्य करता है। यह गिरोह जेल में रहकर भी संचार माध्यमों से अपने साथियों के द्वारा धन उगाही करता है। मुल्जिम सलीम एक बार जेल से फरार भी हो चुका था। इनके डर की वजह से इनके खिलाफ दर्ज मुकदमों में कई गवाह मुकर गए। जिसकी वजह से यह पांच मुकदमों में दोषमुक्त हो चुके हैं। एक मुकदमे के विचारण के दौरान वह गवाह भी मुकर गयाए जिसके भाई की हत्या का आरोप इस गिरोह पर था। गैंगचार्ट में वर्णित मुकदमों के अलावा भी लंबा.चौड़ा आपराधिक इतिहास है। डर की वजह से किसी की हिम्मत इनके गिरोह के बारे में बोलने की नहीं होती है। इस गिरोह के डर से आम लोग घर से निकलने से भी डरते रहे हैं।

### चोरी के मामले में तीन साल 10 माह की सजा

**लखनऊ( विधि संवाददाता )।** विशेष जज मो. गजाली ने चोरी के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम राजकुमार उर्फ बउवा को तीन साल 10 माह की सजा सुनाई है। इस पर दो हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक विचारण के दौरान मुल्जिम ने अपना गुनाह कबूल कर लिया था। उसे इसी आधार पर सजा सुनाई गई है। 23 अगस्त, 2008 को इस मामले की एफआईआर थाना मड़ियांव में दर्ज हुई थी।

## बगैर अनुमति के आयोजन पर लगेगा बीस हजार का जुर्माना

● क्रिसमस, नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित मनोरंजक कार्यक्रमों के लिए जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति लेना अनिवार्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर में** क्रिसमस और नववर्ष के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम करने वालों को प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के आयोजन करने पर जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। डीएम द्वारा बिना जिला मजिस्ट्रेट से पूर्वानुमति के कार्यक्रम करने को दण्डनीय अपराध माना जाएगा। इसके लिए छह माह की जेल और 20 हजार का जुर्माना देना होगा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया है कि क्रिसमस और 31 दिसम्बर को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर, जनपद के विभिन्न, क्लब, रिजोर्ट, पब, रेस्टोरेन्ट, पार्क आदि में आयोजित किये जाने वाले मनोरंजक के लिए जिला मजिस्ट्रेट से अनुमति लेना अनिवार्य है। बगैर जिला मजिस्ट्रेट से पूर्वानुमति प्राप्त किये, ऐसे कार्यक्रमों का आयोजित किया जाना अपराध है जिसके लिए 6 माह के कारावास व अधिकतम रुपए 20000 के अर्थदण्ड या दोनों दिये जाने का प्राविधान है। निरन्तरता में उल्लंघन किये जाने की दशा में प्रत्येक दिवस के लिए 2000 रुपए अतिरिक्त दण्ड दिये जाने का भी प्राविधान है। जिले के समस्त होटल, रिजोर्ट, रेस्टोरेंट, क्लब, पार्क आदि के संचालकों को सूचित किया जाना उचित होगा कि क्रिसमस और नव वर्ष की पूर्व संध्या पर अथवा अन्यथा किसी भी दिवस में, आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम को बिना जिला मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के आयोजित न करें। बिना अनुमति के कार्यक्रम करने पर उनके विरुद्ध सुसंगत विधिक प्राविधानों के अन्तर्गत कठोर विधिक कार्यवाही की जायेगी। ऐसे किसी भी कायक्रम की पूर्वानुमति, प्राप्त करने के लिए निवेशमित्र पोर्टल के माध्यम से, कार्यक्रम के आयोजन से 30 दिन पूर्व आवेदन किया जा सकता है, जिसके लिए अग्नि.सुरक्षा, विधुत.सुरक्षा, शांति-सुरक्षा आदि प्रमाण.पत्रों को सम्बन्धित विभागों से प्राप्त कर ऑनलाइन अपलोड करना होता है। अनुमति की प्रक्रिया पूर्ण रूप से आनलाइन है, फिर भी यदि आनलाइन प्रक्रिया में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो किसी सहायता के इच्छुक हैं तो जिलाधिकारी कार्यालय के कक्ष संख्या 40, में उपस्थित होकर सम्पर्क कर सकते हैं।

## जीनोम सिक्वेसिंग से 50 फीसद मरीजों में सटीक बीमारियों की पहचान संभव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीमारी की** सटीक पहचान होने पर उसका निदान संभव है। बगैर डायग्नोर्स के कोई भी चिकित्सक इलाज नहीं कर सकता। इसलिए बीमारी का सटीक पता लगाना जरूरी है। यह कहना है यूएसए के डॉ पंकज अग्रवाल का। डॉ अग्रवाल शुक्रवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित सोसाइटी फॉर इंडियन एकेडमी ऑफ मेडिकल जेनेटिक्स सियामकॉन-2022 के 7वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि भारत में बहुत से परिवारों के सदस्यों में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ा रहता है। जो आगे चलकर दिल के दौरे की वजह बनता है। ऐसे परिवारों के सदस्यों के शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर का बढ़े रहना आनुवंशिक हो सकता है। जिसकी जानकारी जीनोम सिक्वेशिंग के जरिये पता की जा सकती है। बीमारी की सही जानकारी होने पर इलाज भी संभव है। डॉ पंकज अग्रवाल ने बताया कि बहुत से बच्चे बहुत कमजोर होते हैं उनकी मांसपेशियां मजबूत नहीं होती। इस तरह के बच्चे में आनुवंशिक कारण जिम्मेदार होते हैं। इसके अलावा बहुत से बच्चों को सांस लेने में दिक्कत आती है। वह खाना नहीं खा पाते। यह सीजर डिसआर्डर बीमारी के लक्षण हैं। इस बीमारी में कई बार बच्चों की अचानक मौत हो जाती है।

इस तरह के बीमारियों में जीनोम सिक्वेसिंग के माध्यम से 40 से 50 फीसदी मरीजों में बीमारी के कारण का सटीक पता लगाया जा सकता है। यूके स्थित द जिनोमिक मेडिसिन फाउंडेशन के प्रमुख प्रो धावेंद्र कुमार ने बताया कि यदि परिवार में किसी भी सदस्य के दिल का दौरा पड़ने का इतिहास रहा हो या फिर अचानक किसी की मौत हुई हो गई हो। तो ऐसे परिवारों के सदस्यों को दिल के बीमारी की समस्या आनुवंशिक हो सकती है। जिससे उन्हें हमेशा सावधान रहना चाहिए। इसके लिए जेनेटिक विशेषज्ञ से सलाह लेकर जांच करानी चाहिए। इसके अलावा ऐसे परिवारों में गर्भवती महिला का ब्लड सेंपल लेकर गर्भ में पल रहे बच्चे के दिल के स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी हासिल की जा सकती है। इसके लिए नॉन एनबेसिव प्री नेटल टेस्ट होता है। यह टेस्ट जब किया जाता है जब महिला दस से 12 हफ्ते की गर्भवती हो उस समय उसका ब्लड सेंपल लेकर जांच की जाती है। इस टेस्ट से एरेदमिया बीमारी का पता भी लगाया जा सकता है। यह बीमारी दिल से संबंधित बीमारी होती है और इससे व्यक्ति की अचानक मौत भी हो सकती है।

## छह जिलों के बीएसए शिक्षा निदेशक कार्यालय से सम्बद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शासन स्तर** पर शुक्रवार को छह जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को हटाकर निदेशक बेसिक शिक्षा के कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। जबकि इनके स्थान पर छह नये बीएसए बनाए गये हैं। हटाए गये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों में कुशीनगर, मथुरा, हरदोई, मेरठ, शाहजहांपुर और फिरोजाबाद के बीएसए शामिल हैं। जिन अधिकारियों को इन जिलों में तैनाती दी गयी है उनमें राम जियावन मौर्या को कुशीनगर, वीरेन्द्र कुमार सिंह को मथुरा, विनीता को हरदोई, विश्वदीपक त्रिपाठी को मेरठ, कुमार गौरव को शाहजहांपुर और आशीष कुमार पाण्डेय को फिरोजाबाद का बीएसए नियुक्त किया गया।

## लविवि में 14.40 लाख के पैकेज पर हुआ प्लेसमेंट्स, 27 छात्र चयनित

**लखनऊ।** लखनऊ विवि को नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट में लगातार बेहतर प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। हाल में महेंद्रा कंपनी द्वारा की गई प्लेसमेंट ड्राइव में आज 27 चयनित अभ्यर्थियों की पहली सूची जारी की है। इस प्लेसमेंट ड्राइव की विशेष बात यह है कि सबसे अधिक पैकेज असिस्टेंट आईटी मैनेजर के दो पदो पर प्रियांशु शुक्ला और आकांश वर्मा का 14.4 लाख रुपए सालाना और इसके अतिरिक्त असिस्टेंट डिजिटल मैनेजर के पद पर दिव्यांश कुमार को 8.6 लाख रुपए सालाना पर, एग्जीक्यूटिव ब्रांच मैनेजर पर अंजलि सिंह का 7.9 लाख रुपए सालाना पैकेज का चयन किया गया है। ओएनजीसी द्वारा 24.61 लाख रुपए सालाना के पैकेज के साथ जियोलॉजी विभाग की छात्राओ का चयन करके सीपीसी ने एक कीर्तिमान स्थापित किया था। डायरेक्टर प्लेसमेंट सेल डॉ मधुरिमा लाल ने बताया कि कुछ ही दिनों में इसकी दूसरी लिस्ट भी जारी की जाएगी, कई अन्य विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के दिशा निर्देशन में प्लेसमेंट्स के कार्य बड़ी ही जोरों से किया जा रहा है क्योंकि यह कुलपति की प्रथम वरीयता है। पिछले ढाई महीने में विश्वविद्यालय में 400 से अधिक प्लेसमेंट्स करके एक रिकॉर्ड कायम किया है।

### भाषा विवि में छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

भाषा विवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कराई गई प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत 6 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है। कुलपति प्रो एन बी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में मुख्य भूमिका व्यवसाय प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो सैयद हैदर अली एवं अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक प्रो एस के त्रिवेदी ने निभायी। इन विद्यार्थियों का चयन यू सर्टिफाई कम्पनी में सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट के पद पर हुआ है।

## डॉ राधा कमल मुखर्जी की प्रासंगिकता पर शिकागो यूनिवर्सिटी में हो रहा शोध

● लखनऊ विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के संस्थापक थे डॉ मुखर्जी

●यूनिवर्सिटी आफ शिकागो के शोध छात्र जोशुआ सिल्वर को लखनऊ विश्वविद्यालय ने किया आमंत्रित

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**यूपी में** समाजशास्त्र के प्रणेता रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति व समाजशास्त्र विभाग के प्रमुख रहे डॉ. राधाकमल मुखर्जी की प्रासंगिकता पर यूनिवर्सिटी आफ शिकागो में शोध चल रहा है। डॉ मुखर्जी के के क्षेत्रीय समाजशास्त्र एवं सामाजिक परिस्थिति पर शोध कर रहे शिकागो के शोध छात्र जोशुआ सिल्वर को समाजशास्त्र विभाग ने व्याख्यान के लिए अपने यहां आमंत्रित किया है। 24 दिसंबर को जोशुआ सिल्वर डॉ मुखर्जी पर अपना व्याख्यान देंगे।

समाजशास्त्र विभाग के विभाग प्रमुख प्रो. डी. आर साहू का कहना है कि विभाग की स्थापना 1922 में हुई थी। स्थापना के समय समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, एन्थ्रोपोलाजी और समाज कार्य विभाग एक ही में था। कालान्तर में समाजशास्त्र विभाग से सभी शाखाएं निकली और विभाग के रूप में स्थापित हुई। वर्ष 2022 में विभाग को 100 वर्ष पूरे हो गये हैं। ऐसे में शताब्दी वर्ष को देखते हुए कई एकेडमिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिनमें लेक्चर सीरिज एक होगा। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को जोशुआ सिल्वर के व्याख्यान के साथ ही शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम शुरू हो जायेंगे।

### अध्यापन से शुरू हुआ कॅरियर, कुलपति की संभाली जिम्मेदारी



डा. राधा कमल मुखर्जी



जोशुआ सिल्वर

डॉ राधाकमल मुखर्जी की प्रारंभिक शिक्षा पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर में हुई थी। बाद में उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाली प्रेसीडेंसी कॉलेज में पढ़ने के लिए एकेडमिक स्कॉलरशिप प्राप्त हुई। डॉ राधाकमल ने अंग्रेजी और इतिहास में स्नातक ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद यहीं से उन्होंने पीएचडी की उपाधि हासिल की। डॉ मुखर्जी ने अपने प्रोफेशनल करियर की शुरुआत लाहौर के एक कॉलेज में अध्यापन कार्य से की थी। इसके बाद वह कोलकाता विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में अध्यापन कार्य करने लगे।

1921 में डॉ मुखर्जी समाजशास्त्र और अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर और अध्यक्ष पद पर लखनऊ विश्वविद्यालय में आ गए। उनके नेतृत्व में ही लखनऊ विश्वविद्यालय में सबसे वर्ष 1921 में समाजशास्त्र का अध्ययन प्रारम्भ हुआ था। इस कारण से वह उत्तर प्रदेश के समाजशास्त्र के प्रणेता के रूप में भी प्रसिद्ध थे। वर्ष 1952 में उन्होंने अपने पद से सेवानिवृति ली। इसके बाद वह वर्ष 1955 से 1957 तक विश्वविद्यालय के कुलपति रहे थे।

### मौलिक दार्शनिक थे डॉ मुखर्जी

डॉ राधाकमल मुखर्जी अत्यन्त मौलिक दार्शनिक थे। वह 20वीं सदी के कतिपय बहुविज्ञानी सामाजिक वैज्ञानिकों में से एक थे, जिन्होंने अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मानवशास्त्र, परिस्थिति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, साहित्य, समाजकार्य, संस्कृति, सभ्यता,कला, रहस्यवाद, संगीत, धर्मशास्त्र, अध्यात्म, आचारशास्त्र, मूल्य आदि विभिन्न विषयों पर अपना बहुमूल्य योगदान दिया। प्रोफेसर मुखर्जी ने 50 प्रसिद्ध पुस्तकें लिखीं। उन्हें वर्ष 1962 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया था। कई विषयों के विद्वान रहे डॉ राधाकमल मुखर्जी का निधन 24 अगस्त 1968 को हुआ था।

# नुकसान से बचने के लिए हर किसान कराए फसल का बीमा

## कृषि मंत्री ने किसान बीमा का सर्वाधिक लाभ उठाने वाले किसानों को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि जागरूकता के अभाव में किसानों द्वारा अपनी फसलों का बीमा नहीं कराया जाता। जिस कारण आपदा के समय में उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए प्रत्येक किसान को चाहिए कि वह अपने नुकसान की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए अपनी फसलों का बीमा अवश्य करवाएं।

शाही शुक्रवार को कृषि निदेशालय में आयोजित राज्य स्तरीय फसल बीमा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने फसल बीमा के अंतर्गत सर्वाधिक क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर किसानों को फसल बीमा के प्रति जागरूक कराने के लिए एक से सात दिसम्बर 2022 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह मनाया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में भी किसानों को जागरूक करने का कार्यक्रम व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रदेश में पूरे दिसंबर माह चलेगा। शाही ने कहा कि कृषक द्वारा खरीफ मौसम के लिए 31 जुलाई तथा रबी मौसम के लिए 31 दिसंबर तक अपनी फसलों का बीमा कराया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि कृषकों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर खरीफ में धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, उर्द, मूंग, अरहर, मूंगफली, सोयाबीन व तिल तथा रबी में गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी व आलू का बीमा कराया जा सकता है। सभी फसलों के लिए कृषक द्वारा वहन किए जाने वाले प्रीमियम दर को खरीफ में बीमित राशि के 2 प्रतिशत, रबी में बीमित राशि के 15 प्रतिशत तथा खरीफ -रबी की वार्षिक नगदी फसल के लिए बीमित राशि के 5 प्रतिशत की अधिकतम दर तक सीमित रखा गया है। कृषक अंश के अतिरिक्त प्रीमियम की धनराशि को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बराबर-बराबर वहन किया जाएगा। परन्तु प्रीमियम दर सिंचित क्षेत्र के लिए 25 प्रतिशत तथा असिंचित क्षेत्र के लिए 30 प्रतिशत से अधिक निर्धारित होने की दशा में अन्तर की बढ़ी हुई सम्पूर्ण धनराशि को राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना के अंतर्गत बीमा का सर्वाधिक लाभ उठाने वाले कृषकों को भी सम्मानित किया गया। रबी मौसम 2021-22 में सर्वाधिक क्षतिपूर्ति प्राप्त करने वाले किसानों में फर्रुखाबाद के किसान धर्मेंद्र विक्रम सिंह (3.48 लाख) सहित ललितपुर के नाथूराम, फर्रुखाबाद के राम प्रकाश सिंह, पीलीभीत के गुरमीत सिंह, बाराबंकी के लाल बहादुर तथा सतनलाल लखनऊ की किसान फूलमती को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि मंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उद्यान मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, कृषि विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी, कृषि निदेशक विवेक कुमार सहित कृषि विभाग के अनेक उच्च अधिकारी शामिल हुए।



प्रेस क्लब में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने आयोजित की संगोष्ठी, पुरस्कृत किए गये बच्चे


प्रगतिशील समाजवादी पार्टी मुख्यालय में बैठक करते पदाधिकारी

# सीएमएस छात्र ने जीती रीजनल चैम्पियन ट्राफी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) के कक्षा-5 के छात्र अर्णव पाण्डेय ने राज्य स्तरीय एबेकस प्रतियोगिता में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के इस होनहार छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने तार्किक एवं विश्लेषणात्मक प्रतिभा के दम पर एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रीजनल चैम्पियन ट्राफी अपने नाम की।

# इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा यूपीः नंदी

## औद्योगिक विकास मंत्री व पीडब्लूडी मंत्री ने जर्मनी के फैंकफर्ट से शुरू किया यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए निवेश प्रोत्साहन अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए विदेश भ्रमण के दौरान शुक्रवार को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी व लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भारतीय प्रवासियों से मुलाकात और निवेश प्रोत्साहन अभियान शुरू किया। मंत्री नंदी और जितिन प्रसाद ने फ्रैंकफर्ट में विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों के सीईओ, चेयरमैन व अन्य प्रमुखों से मुलाकात कर नए भारत के नए उत्तर प्रदेश एवं देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनने जा रहे उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बीती 8 दिसंबर को फ्रैंकफर्ट पहुंचने के बाद नंदी और जितिन प्रसाद ने फ्रैंकफर्ट में रह रहे और भारत का नाम रोशन कर रहे भारतीय उद्योगपतियों व उद्यमियों से स्नेहिल भेंट वार्ता की एवं रात्रिभोज कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास एवं निवेश की असीम संभावनाओं पर चर्चा हुई। शुक्रवार को नंदी और जितिन प्रसाद ने मोबिलिटी सेक्टर की महत्वपूर्ण कंपनी मदरसन ग्रुप में भ्रमण कर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा के साथ ही, उत्तर प्रदेश में मोबाइल सेक्टर में निवेश और विकास के लिए आमंत्रित किया। मंत्रीद्वय ने इंडस्ट्रियल वाल्व, रेगुलेटर्स की प्रमुख निर्माता एवं वितरक कंपनी सैमसन एजी के सीईओ एंड्रीएस विड्ल से मुलाकात कर उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। सैमसन एजी कंपनी की 1907 में स्थापना से लेकर लगभग 100 सालों से भी अधिक की विकास यात्रा रही है। ग्लोबल मार्केट में सैमसन के प्रोडक्ट्स की हाई क्लास क्वालिटी और टेक्नोलोजी की अलग पहचान है। कंपनी के सीईओ को बताया गया की उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। उद्योगों की स्थापना से सम्बंधित विभिन्न प्रोडक्ट्स की प्रदेश में भारी माँग है। ऐसे में आपके प्रोडक्ट्स के निर्माण और वितरण के क्षेत्र में प्रदेश में असीम सम्भावनाएं मौजूद हैं। मंत्री नंदी ने कहा कि भारत व जर्मनी के मध्य व्यापारिक एवं सांस्कृतिक सम्बंध बेहद प्राचीन एवं मजबूत हैं। दोनों ही देशों के बीच भारी मात्रा में आयात व निर्यात की द्विपक्षीय आर्थिक निर्भरता है। उत्तर प्रदेश एक राज्य के रूप में भारत की सबसे तेजी से उभरती हुई इकोनॉमी है। हमारे विजनरी प्राइममिनिस्टर नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा एवं हार्डवर्किंग व कमिटेड चीफ़ मिनिस्टर योगी आदित्यनाथ की लीडरशिप में हमारी गवर्नमेंट ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनोमी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नंदी ने कहा कि ग्लोबल इंवेस्टर समिट 2023 इस दिशा में एक माइल स्टोन साबित होगा। उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट के महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। उद्योगों की स्थापना से सम्बंधित विभिन्न प्रोडक्ट्स की प्रदेश में भारी मांग है। ऐसे में आपके प्रोडक्ट्स के निर्माण और वितरण के क्षेत्र में प्रदेश में असीम सम्भावनाएं मौजूद हैं।

# ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में दर्शी व आरव ने जीते मेडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) के प्रतिभाशाली छात्रों दर्शी गुप्ता एवं आरव गुप्ता ने ओपेन स्टेट ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में क्रमशः गोल्ड व सिल्वर मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस चैम्पियनशिप में दर्शी ने बालिका वर्ग के 28 कि.ग्रा. भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है जबकि आरव ने बालक वर्ग के 25 कि.ग्रा. भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के इन दोनों होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि चैम्पियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर ताईक्वाण्डो प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। इस चैम्पियनशिप में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते गोल्ड व सिल्वर मेडल अर्जित कर आने वाले समय में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। श्री शर्मा ने बताया कि सीएमएस छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सीएमएस अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# आयुष्मान के तहत कैंसर के इलाज को बेहतर बनाने को आगे आयें विशेषज्ञः संगीता सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुष्मान** भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत स्तन कैंसर की जाँच, इलाज और देखभाल से जुड़े अस्पतालों के क्षमतावर्धन और मानक को मजबूत बनाने पर शुक्रवार को केजीएमयू के शताब्दी फेज.2 सभागार में प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में स्टेट एजेंसी फॉर कम्प्रेहेंसिव हेल्थ एंड इंटिग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की सीईओ संगीता सिंह ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत देश में पहली बार इतने बड़े पैमाने कैंसर विशेषज्ञों की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इससे कैंसर के इलाज को गुणवत्तापूर्ण बनाने में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित कैंसर विशेषज्ञों से आह्वान किया कि वह अपने बहुमूल्य सुझाव देकर योजना को और प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

कार्यशाला में संगीता सिंह ने कहा कि योजना के तहत प्रदेश में पिछले चार साल में 16 लाख से अधिक लोगों ने चिकित्सा का लाभ उठाया है।

# राज्यमंत्री अंसारी ने ऑस्ट्रेलिया से आये प्रतिनिधि मण्डल से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अल्पसंख्यक** कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर ऑस्ट्रेलिया से आए प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान श्री अंसारी ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में किये जाने वाले निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा कीए राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने प्रतिनिधिमंडल से ऑस्ट्रेलिया और उत्तर प्रदेश के बीच में शिक्षा संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा इसके साथ ही फरवरी माह में उत्तर प्रदेश में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेश से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और उत्तर प्रदेश में निवेश के सार्थक पहलुओं पर चर्चा की। योगी सरकार के सार्थक पहल का ही नतीजा है कि आज विभिन्न देशों के इन्वेस्टर्स उत्तर प्रदेश की तरफ आकर्षित हो रहे हैं और उत्तर प्रदेश के विकास को गति दे रहे है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सफीपुर-उन्नाव।

पत्रांक-1150/आंकिक/क्षे0पं0/निविदा/2022-23 दिनांक- 9 दिसम्बर 2022

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निविदा फार्म निकाले जाने की तिथि- 09.12.2022 निविदा फार्म खोलने की तिथि-23.12.2022
निविदा फार्म खोलने का स्थान-विकास खण्ड कार्यालय सफीपुर

विकास खण्ड सफीपुर में पंचम राज्य वित्त आयोग/15वाँ वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में स्वीकृत कार्यो के सापेक्ष निम्नलिखित स्थानों पर कार्यों हेतु विकास खण्ड सफीपुर, में ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म विकास खण्ड सफीपुर में 100 रू0 के जनरल स्टाम्प पेपर जो निविदादाता के फर्म के नाम हो 01 रू0 का रसीदी टिकट लगाकर जमा होगें। निविदाएं दिनॉक 23.12.2022. अपरान्ह 01 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती हैं। उसी तिथि को अपरान्ह 03 बजे उपस्थित ठेकेदारों एवं अधोहस्ताक्षरी/गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं गठित समिति में निहित होगा। जिसके विरूद्ध कोई वाद न्यायालय में नहीं चलाया जा सकेगा। नियम व शर्तें कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सफीपुर, जनपद-उन्नाव में किसी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखी जा सकेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन धनराशि | धरोहर की धनराशि 5 प्रति. | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ककरौरा भइयालाल के घर से सुरेश के गोडा वाली सी0सी0 तक इण्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य। | 9.81 लाख | 49050.00 | 900.00 | 03 माह |
| 02 | मेदपुरवा में महावीर के दुकान से बब्लू निषाद के घर तक इण्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य। | 9.27 लाख | 46350.00 | 900.00 | 03 माह |
| 03 | मेदपुरवा में रामदुलारे के घर से घासीराम के घर तक इण्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य। | 5.72 लाख | 28600.00 | 900.00 | 03 माह |

नोट-
01 एक से अधिक निविदा क्रय किये जाने की स्थिति में उल्लिखित विवरण के अनुसार निविदा का मूल्य धरोहर प्रथक-प्रथक ही मान्य होगी।
02 निविदा में प्रतिशत दरें स्पष्ट रूप से भरी जानी चाहिये कोई कटिंग व ओवरराइटिंग मान्य न होगी। सही प्रकार से निविदा न भरे जाने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।
03. निविदादाता को निविदा के साथ 100 रु0 के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र इस आशय से निविदा संलग्न करें कि समस्त अभिलेख पूर्ण व सत्य है एवं 01.00 रू0 के रसीदी टिकट लगाकर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर देना होगा।
04 कार्य के निरीक्षण के उपरान्त कार्य की गुणवत्ता पाये जाने पर ही भुगतान किया जाएगा।
05 ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार आयकर/जी0एस0टी0 व लेबर शेष आदि की कटौतियां की जाएंगी जो ठेकेदार को मान्य होंगी।
06 निविदा स्वीकार किए जाने की दशा में निविदादाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदा अनुसार स्टाम्प शुल्क भी देय होगा।
07 निविदा स्वीकार होने पर अनुबन्ध के साथ धरोहर धनराशि के रूप में कुल 05 प्रतिशत के एफ0डी0आर/राष्ट्रीय बचत पत्र जो खण्ड विकास अधिकारी सफीपुर के नाम बन्धक हो जमा करना होगा। शेष 5 प्रतिशत की कटौती बिल से की जायेगी। अन्य कोई जमानत धनराशि मान्य न होगी।
08 धन उपलब्धता के आधार पर कार्य आदेश एवं भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।

नामित निविदा समिति :-
1. अवर अभियन्ता (ल0सि0) 2. अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0) 3. सहायक विकास अधिकारी (सह0) 4. लेखाकार

खण्ड विकास अधिकारी
सफीपुर, उन्नाव

अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत
सफीपुर, उन्नाव


# विवाह के बंधन में बंधकर एक-दूजे के हुए 121 जोड़े



## ● महापौर ने नवविवाहित जोड़ों को भेंट किए बिछिया और पायल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा औरंगाबाद सेक्टर पी में सामूहिक विवाह कराया गया। सामूहिक विवाह के दौरान नोडल अधिकारी द्वारा 34 पात्र जोड़ों की शादी करायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्ष महापौर द्वारा नवविवाहित जोड़े को बिछिया और पायल भेंट की गयी। वहीं दूसरी ओर मोहनलालगंज में 87 जोड़े विवाह के बंधन में बंध गए। ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल और विधायक अमरेश कुमार ने उपहार देकर नवविवाहित जोड़ों का आशीर्वाद दिया। इस दौरान सोशल मीडिया पर नवविवाहित जोड़ों को दी गई उपहार सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे। शुक्रवार को उप्र सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नगर निगम द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग एवं नगर निगम के प्रयासो से सभी जाति व धर्म के 34 जोड़ो का विवाह पूर्ण विधि.विधान से कराया गया। योजना के तहत नगर निगम के औरंगाबाद सेक्टर पी स्थित कल्याण मण्डप में विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

योजना में निर्धारित निर्देशो का अनुपालन करते हुए प्राप्त आवेदनों की जाँच कर विवाह योग्य 34 पात्र जोड़ों को चयनित किया गया था। योजना में अनुसूचित जाति के 24, पिछड़ी जाति के 2, सामान्य 4, अल्पसंख्यक वर्ग के 4 जोड़ो का विवाह कराया गया। यह जोड़े विवाह के लिए अपने परिवारीजनो के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ो को बिछिया.पायल भेंट करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम में योजना के नोडल अधिकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जोनल अधिकारी जोन.8 प्रज्ञा सिंह और सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक व लिपिक सहयोग के लिए उपस्थित रहे। वैवाहिक कार्यक्रम में योजना के निर्देशों के तहत विवाहितों को उपहार और समस्त अतिथियों को भोजन कराकर कार्यक्रम कराया गया।

## सामूहिक विवाह में विधायक व ब्लाक प्रमुख ने किया कन्यादान



**मोहनलालगंज।** ब्लाक परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समारोह का आयोजन कर मोहनलालगंज गोशाईगंज सरोजनीनगर व चिनहट और नगर पंचायत के 87 जोड़े विधि.विधान से विवाह के बाद एक.दूजे के हो गए। बीडीओ पूजा सिंह और निशान्त राय ने एडीओ समाज कल्याण शिवसरन सिंह रिद्धिम द्विवेदी व शिवकुमार वर्मा ने ढ़ोल.नगाड़े की धूम के बीच बारातियों की जोरदार अगवानी की। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल ने बेटियों का कन्यादान किया। वर.वधू को उपहार सामग्री देकर शुभाशीष दिया गया। ब्लाक कर्मियों ने घराती और बारातियों को भोजन कराकर विवाह की सभी रश्में पूरी कराने में सहभागिता निभाई।

**ब्लाक प्रमुख ने दिया उपहार विधायक ने बंटवाई साड़ियां:** मोहनलालगंज में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल ने नवविवाहित जोड़ों को नकद उपहार देकर सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की। वहीं सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह ने अपने प्रतिनिधि को जरिए सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार में साड़ियां वितरित कराई।

**उपहार सामग्री की गुणवत्ता पर उठे सवाल:** मोहनलालगंज ब्लाक में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान नवविवाहित जोड़ों को दी गई उपहार सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे। कुछ लोगों ने मामले की शिकायत सीएम कार्यालय को ट्वीट कर की है। हालांकि अधिकारियों ने शिकायत को निराधार और उपहार सामग्री गुणवत्तापूर्ण करार दी।

# सीएम योगी आदित्यनाथ की विशाल सभा कल

## ● तैयारी बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारी, नगर निकाय चुनाव पूर्व बड़ी सभा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**नगर निकाय** चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी एक बड़ी सभा का आयोजन करने जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठ ने बताया कि रविवार 11 दिसंबर को दिन में 12:00 बजे आयोजित संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मैदान में सभा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे।

उक्त संदर्भ में सिगरा स्थित पार्टी कार्यालय में हुई बैठकों में पदाधिकारियों को सभा से संबंधित जिम्मेदारियां सौंपी गई। भाजपा महानगर 'विभाग एवं प्रकोष्ठ की बैठक' को संबोधित करते हुए महानगर महामंत्री जगदीश त्रिपाठी ने कहा की गुजरात विधानसभा की प्रचंड जीत मोदी के कुशल नीति और भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है और हमें पूरा विश्वास है कि उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय और नगर पंचायत के चुनाव में मोदी और योगी जी की कुशल नीति और कार्यकर्ताओं के बल पर कमल खिलेगा। साथ ही महानगर के विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को 11 दिसंबर की सभा के निमित्त जिम्मेदारियां सौंपी। इस दौरान मुख्य रूप से जगदीश त्रिपाठी, किशोर कुमार सेठ, संजय जायसवाल, अभिनव पांडेय,रत्नाकर राय, रोशन गुजराती, कुणाल पांडेय, नमिता सिंह, दीपमाला, रितिक मिश्रा, सक्षम पटेल, पीयूष अग्रवाल, पार्षद मदन मोहन दुबे, विपुल कुशवाहा, विकास केसरी, प्रियांशु आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए एडीजी सुरक्षा ने श्री काशी विश्वनाथ धाम की सुरक्षा का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर काशी आगमन हो रहा है। इसी के मद्देनजर एडीजी सुरक्षा विनोद कुमार सिंह एवं पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने शुक्रवार श्री काशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ मंदिर व मस्जिद से जुड़े सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ज्ञानवापी के एसपी से तथा अन्य अधिकारियों से ली। इसके अलावा मंदिर से जुड़े सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गेट नं01, 2 3 एवं वीआईपी(ज्ञानवापी)4 की प्रत्येक प्वाइंट की जानकारी ली। एडीजी सुरक्षा ने बताया कि श्रद्धालुओं को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन के मद्देनजर किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पावे। श्री काशी विश्वनाथ धाम में सुरक्षा की दृष्टि से हर एक गतिविधि जानकारी अधिकारियों से ली। इस दौरान कमिश्नर कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम सहित जिले के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएंगी महिलाएं

**वाराणसी।** शुक्रवार को दिन में ही गुलाबबाग पार्टी कार्यालय में महिला मोर्चा के महानगर पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष कुसुम पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण और सम्मान के लिए बहुत काम किया है। इन कामों को महिलाओं तक पहुंचाने के लिए आप सभी घर घर जाएं और संपर्क करें। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने रविवार को आयोजित माननीय योगी आदित्यनाथ जी की विशाल जनसभा में सभी की सहभागिता के लिए महिलाओं को जिम्मेदारियां दी। इस दौरान महानगर अध्यक्ष कुसुम सिंह पटेल, साधना सिंह, प्रीति पुरोहित, नेहा कक्कड़, मोनिका पांडेय आदि मौजूद रहीं।

## रूद्राक्ष कान्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग को करेंगे सम्बोधित

**वाराणसी।** बनारस में 11 और 12 दिसंबर को स्वास्थ्य मंत्रियों का सम्मेलन होने जा रहा है। जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री समेत सभी प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्री आएंगे। इसके अलावा खबर है कि कार्यक्रम सूबे के मुखिया सीएम योगी आदित्यनाथ भी शिरकत करेंगे। बताया जा रहा है कि रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम होगा। जिसमें शामिल होने के लिए सीएम योगी काशी आएंगे।

## क्विक न्यूज

### सोनिया गांधी का जन्म दिन बड़ी धूम-धाम से मनाया गया

**रायबरेली।** जनप्रिय सांसद, पूर्व अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सोनिया गांधी का जन्म दिन बड़ी धूम-धाम से मनाया गया, कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गरीबों को भोजन वितरण कराया गया एवं गरीब व विकलांग जनों को कम्बल बांटे गए, साथ ही शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा सुपर मार्केट स्थित गुरू नानक प्याऊ पर गरीबों को भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि मा.सांसद श्रीमती सोनिया गांधी का जन्म दिन पूरे जनपद में मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने भोजन, फल एवं मिष्ठान वितरण कर अपनी नेता का जन्म दिन मनाया। प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक, पूर्व प्रत्याशी ऊंचाहार अतुल सिंह, वी.के.शुक्ल, रमेष कुमार शुक्ल, महताब आलम, शिवानंद मौर्या, संजीव पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ल, सईदुल हसन, महेष प्रसाद शर्मा, अजीत सिंह, संतोष कुमार त्रिवेदी, नागेन्द्र सिंह, रवीन्द सिंह, दीपेन्द्र गुप्ता, कृपाशंकर शुक्ल, सतीष पासी, आर.के.सिंह, आलोक विक्रम यादव, सुमित्रा रावत, मो.उमर, घनष्याम शुक्ल, शषिकांत पाण्डेय, मनोज तिवारी, मेराजुल हसन फारूकी, दिनेष यादव, अनुरूद्ध दीक्षित, अभय सिंह, राहुल बाजपेई, राज कुमार द्विवेदी, रूपेष कुमार, विजय दीक्षित, गिरीष बहादुर सिंह, कामता प्रसाद गौड़, विनोद प्रताप सिंह, अवधेष चौधरी, गौरव मिश्रा, कामता नाथ सिंह, मो.अशरफ खान, ओम प्रकाष त्रिपाठी, शम्भूशरण पाल, रतीपाल पासी, दिलीप तिवारी, अरूण कुमार यादव, विनोद कुमार गुप्ता, राकेष त्रिपाठी, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, आयुष द्विवेदी, सुरेष पासी, ओम प्रकाष पाल, अम्बरीष बाजपेई, हाफिज रियाज, अनिल कुमार मिश्रा, जे.पी.त्रिपाठी, मोहित सिंह, विजय पटेल, सूर्य कुमार बाजपेई, सुनील सिंह भदौरिया, हाजी उस्मान, आषीष द्विवेदी, मनोज त्रिवेदी, सै.अरषद, अमीन पठान, अमित मिश्रा, संजय शुक्ला, हरमिन्दर सलूजा, गया प्रसाद बाजपेई, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

### मार्ग दुर्घटना में पुत्री समेत पति-पत्नी घायल

**तिलोई, अमेठी।** थानाक्षेत्र शिवरतनगंज अंतर्गत टेढ़ई निवासी टेंट व्यवसाई महेश मौर्य हैदरगढ़ बाजार जाते समय गोसूपुर गांव के निकट लखनऊ वाराणसी हाइवे पर अनियंत्रित होकर पीछे से आई कार से हुई मार्ग दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए।हेलमेट लगाए होने के चलते सिर तो बच गया लेकिन पैर में गंभीर चोटें आई हैं। उनके साथ बाइक सवार पत्नी शीला व पुत्री माही उम्र दो वर्ष बुरी तरह घायल हुए हैं।तीनो घायलों को पहले सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के लालगंज डलमऊ मार्ग पर डिहवा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। लालगंज सरकारी अस्पताल में घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है ।मिली जानकारी के अनुसार बकुलिहा निवासी रजत श्रीवास्तव पुत्र राजेश कुमारए शिवांश गुप्ता पुत्र लालजी और नितिन कुमार पुत्र शिवचंद्र बारात से वापस घर लौट रहे थे तभी मैजिक से हुई दुर्घटना में तीनों लोग घायल हो गए ।सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### संस्कारम् भारत के अनंत मूल्य की जड़ों को समझने का सरल माध्यमः दीपक

**मुग़लसराय,चन्दौली।** सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल्स बनारस के पड़ाव कैम्पस का वार्षिकोत्सव सृजन 2022 का आयोजन 18 दिसंबर रविवार को आयोजित होगा। इस वर्ष वार्षिकोत्सव का आयोजन संस्कारम . भारत के नैतिक मूल्य की थीम पर किया गया है। वही 19 दिसंबर को बाबतपुर कैम्पस का वार्षिक खेल.कूद दिवस एनथूसिया का आयोजन होगा। प्रेस वार्ता के दौरान विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाज ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैपुरिया समूह के वाईस चेयरमैन श्रीवत्स जैपुरिया एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुमार तेवतिया होगें। प्रवीण तेवतिया शौर्य चक्र विजेता एवं भूतपूर्व मरीन कमांडो व लेखक हैं जो मुम्बई के ताज होटल पर आतंकवादी हमले में सीने पर चार गोलियों को खाकर भी 150 लोगो को सुरक्षित बाहर निकालने मे सफल हुए। उन्होंने कहा जैपुरिया स्कूल छात्र.छात्राओं के विकास हेतु स्थापना से ही कार्यरत है। संस्कार को शिक्षा और विकास का मूलमंत्र मानने के साथ साथ विद्यालय द्वारा संस्कृतए वैदिक गणित और लाइफस्किल आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है। वार्षिकोत्सव का विषय संस्कारम भारत के अनंत मूल्य की जड़ों को समझने का यह एक सरल माध्यम है। प्रेस वार्ता के अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन दीपक बजाजए प्रबंध निदेशक मनोज बजाजए निदेशक श्यामसुंदर बजाजए अनिल के जाजोदियाए मंजु बुधियाए प्रधानाचार्य पड़ाव कैम्पस आशीष सक्सेनाए प्रधानाचार्या बाबतपुर कैम्पस सुधा सिंहए उप प्रधानाचार्या प्रियंका मुखर्जी आदि की उपस्थिति रही।

### जीएसटी अधिकारियों की छापेमारी की सूचना पर व्यापारियों में हड़कंप

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** तहसील क्षेत्र के कस्बा मुसाफिरखाना वारिसगंज बाजार जगदीशपुर बाजार शुक्ल सहित विभिन्न स्थानों पर व्यापारियों दुकानदारों में जीएसटी टीम के छापेमारी के चलते इस कदर भय व्याप्त हो गया है कि अपनी अपनी दुकानें बंद करके सड़क पर टहलते नजर आए।वही ग्राहकों को सामान की खरीद परोख्त में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब रहे कि गुरुवार को जीएसटी अधिकारियों की पुलिस टीम के साथ आमद की सूचना से हड़कंप मच गया ।मुसाफिरखाना जगदीशपुर वारिसगंज रानीगंज शुक्ल बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की सूचना पर व्यापारी सकते में आ गए।मुसाफिरखाना कस्बा स्थित इसौली रोड पर हाजी ज्वेलर्स की दुकान पर जा पहुंचे ।

### बार एसोसिएशन चुनावः 31 पर्चे पाए गए वैध

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को विभिन्न पदों के लिए पर्चे दाखिल किए गए 32 प्रत्याशियों के पर्चे की जांच की गई। जिनमें 31 पर्चे वैध पाए गए हैं, जबकि एक पर्चा सीओपी नम्बर न होने की वजह से एल्डर कमेटी के पास सुनवाई के लिए भेजा गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि सोनभद्र बार एसोसिएशन चुनाव वर्ष 2022-23 के लिए अध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों , महामंत्री के लिए 4 प्रत्याशियों , कोषाध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु सिर्फसंजय कुमार पांडेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर तेजमणि पाण्डेय एवं दीपक केसरी उपाध्यक्ष 10 वर्ष नीचे के लिए गिरजा शंकर दुबे व प्रदीप पाण्डेय ने किया है। संयुक्त मंत्री प्रशासन गीता गौर, संयुक्त मंत्री प्रकाशन शादाब आलम व संयुक्त मंत्री पुस्तकालय रितेश कुमार मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वही कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से ऊपर के लिए सुनील कुमार, गोविंद प्रसाद मिश्र, दिनेश धर दुबे, सुशील कुमार चौबे,मानिंद त्रिपाठी एवं महेंद्र प्रताप सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से नीचे के लिए कपिल कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, रमाशंकर चौधरी, आशुतोष पाठक, अखिलेश कुमार मिश्र एवं संजय कुमार पाण्डेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

## रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल कर अधेड़ ने की आत्महत्या

**तिलोई, अमेठी।** शिवरतनगंज थानाक्षेत्र के पूरे भवानी प्रसाद गांव में शुक्रवार दोपहर एक अधेड़ किसान ने रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान अधेड़ घर पर अकेला था। खेत से घर पहुंची पत्नी के खटखटाने पर भी दरवाजा न खुलने पर आसपास के लोगों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खोला तो अधेड़ फांसी के फंदे पर लटक रहा था। थानाक्षेत्र के पूरे भवानी प्रसाद मजरे पन्हौना निवासी किसान मनीष कुमार पुत्र गयाप्रसाद उम्र 47 वर्ष शुक्रवार दोपहर अपनी पत्नी कमानी के साथ गांव के ही अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान वह पत्नी की किसी बात से खिन्न होकर वापस घर चला आया जबकि उसकी पत्नी खेत में ही काम निपटाती रही। मनीष घर वापस आने के बाद अंदर से दरवाजा बंद करके कमरे में पंखे के हुक पर रस्सी के सहारे गले में फांसी का फंदा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। कामकाज निपटा कर पत्नी घर पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। लाख कोशिश करने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसने आसपास के लोगों से मदद मांगी। जानकारी होने पर लोगों ने भी दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया पर दरवाजा नहीं खुला तो मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची शिवरतनगंज पुलिस ने छत के माध्यम से घर में प्रवेश कर दरवाजा खोलवाया गया तो मनीष का शव फंदे पर लटकता पाया गया। पुलिस ने जांच पड़ताल का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। मृतक के 2 पुत्र विशालए सुमित व एक पुत्री ज्योति है जिसमें विशाल और ज्योति का विवाह हो चुका है।

## निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर डीएम ने की बैठक

संवाददाता। अमेठी



बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पायनियर

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र ने गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर गौशालाओं में हरा चाराए भूसाए स्वच्छ पेयजलए ठंड से बचानेए टीन शेड इत्यादि मूलभूत सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित सभी गौशालाओं पर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं में कम से कम 100 कुंतल भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित हो तथा गौशालाओं में मौजूद गोवंशों के अनुसार आगामी तीन माह में खर्च होने वाले भूसे का आगणन कर उसी के अनुसार भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिएए इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं पर ताजा स्वच्छ पानी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि जहां पर समरसेबल की व्यवस्था नहीं है वहां समरसेबल लगाया जाना सुनिश्चित करें तथा पशुओं के अनुसार चरही का निर्माण कराया जाएए जहां पर पशुओं के बैठने हेतु पर्याप्त मात्रा में टीन शेड की व्यवस्था नहीं है वहां पर पर्याप्त टीन शेड का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी एवं शासन स्तर से लगातार समीक्षा की जा रही है अतः इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाही करने वाले अधिकारीए कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हो ठंड के दृष्टिगत किसी प्रत्येक गौशाला पर चारों तरफ त्रिपालए शेड के ऊपर पराली डलवाने के साथ ही गोवंश खुले में ना रहे। उन्होंने कहा कि यदि किसी गौशाला पर कोई समस्या है तो तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित कर प्रत्येक दशा में समस्या का निवारण कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ाए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंहए जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंहए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंहए जिला पंचायत राज अधिकारी सहित समस्त नोडल अधिकारीध्खंड विकास अधिकारीए पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सलोन पुलिस ने टॉप टेन अपराधी समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सलोन।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु दिए गए निर्देश पर क्षेत्राधिकारी अमित सिंह के नेतृत्व में एक अभियान चलाया गया। जिसमें कोतवाली पुलिस एक टॉप टेन अपराधी समेत दो लोगों को 11 सौ ग्राम पोस्ता का छिलका व .32बोर का एक अवैध तमंचा समेत कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय पुलिस बल के साथ चेकिंग अभियान में लगे थे गुरुवार की देर रात 11रू30 बजे रसूलपुर रोड स्थित टेढवा पुल के पास से टॉप टेन अपराधी नफीस घोसी पुत्र बशीर घोसी निवासी छोटा घोसियाना आशिका बाद के पास से 11 सौ ग्राम पोस्ता का छिलका तथा मोहम्मद आरिफ पुत्र खलील अहमद निवासी छोटा घोसियाना अश्क आबाद के पास से एक अ दत . 32बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद कर संबंधित धाराओं में उन्हें जेल भेज दिया।

## एक्सप्रेसवे डीआरएम कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

**सलोन।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज के निदेशक डॉ अरविंद राजवंशी के निर्देशन में छीपिया गांव के निकट स्थित गंगा एक्सप्रेसवे डीआरएम कार्यालय परिसर में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें वहां के कर्मचारियों की जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की गई। एम्स रायबरेली के कम्युनिटी एवं फैमिली मेडिसिन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अभय सिंह के नेतृत्व में गंगा एक्सप्रेसवे डीआरएम कार्यालय में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें वहां तैनात सैकड़ों कर्मचारियों की जांच कर उन्हें दवाएं दी गई तथा उन्हें स्वस्थ रहने के कुछ टिप्स भी बताए गए। डॉ अभय सिंह ने कर्मचारियों की जांच करते हुए कहा कि यदि डॉक्टरों द्वारा बताए गए टिप्स पर लोग ध्यान दें तो काफी बड़ी व गंभीर बीमारी से बचा जा सकता है। इस मौके पर उपनिदेशक एसके सिंह 80 विभाग के डॉक्टर संजय रावत मेडिसिन विभाग के डॉक्टर संदीप नेत्र डॉक्टर श्रृंखल समेत अनेक डॉक्टर मौजूद रहे।

## कुढ़े खुर्द के सुनील को सीडीओ ने किया सम्मानित

### ● सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा कर बचाई थी जान

संवाददाता। मुग़लसराय,चन्दौली



**नियामताबाद** विकास खंड के कूढ़े खुर्द गांव निवासी हरखू यादव के बड़े पुत्र सुनील कुमार यादव जिले के पहले गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) बने हैं। शुक्रवार को नगर पालिका इंटर कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में प्रभारी जिलाधिकारी सीडीओ अजितेन्द्र नरायन, अपर पुलिस अधीक्षक सुखराम भारती, एसडीएम अविनाश कुमार, सीओ अनिरुद्ध सिंह ने सुनील को प्रमाण पत्र व शॉल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सीडीओ अजितेन्द्र नरायन ने कहा कि सड़क दुर्घटना में प्रतिवर्ष हजारों लोगों की इसलिए जान चली जाती है क्योंकि अंतिम समय में उन्हें सहायता करने वाला कोई नहीं रहता। इसको देखते हुए अक्टूबर 2021 में गुड सेमेरिटन यानी नेक आदमी के रूप में सम्मानित करने की एक योजना चलाई है। इसमें प्रदेश में उन व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा जो हादसे में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचा कर उनकी जान बचाएंगे। इसके लिए उनको पांच हजार से लेकर एक लाख रुपये तक इनाम दिया जाएगा। वहीं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इसी क्रम में नियामताबाद विकासखंड के कुढ़े खुर्द गांव निवासी सुनील कुमार यादव को चंदौली का पहला गुड सेमेरिटन के रूप में चुना गया है। फरवरी 2022 में सुनील ने पीडीडीयू नगर के एलबीएस कॉलेज के सामने सड़क पर गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की हॉस्पिटल ले जा कर जान बचाई थी। इस तरह सुनील जिले के पहले नेक आदमी बने हैं। प्रशस्ति पत्र पाकर प्रफुल्लित सुनील ने बताया कि मैंने किसी सम्मान के कामना से उस व्यक्ति की सहायता नहीं की थी लेकिन अगर मुझे यह सम्मान मिला है तो इससे मेरा मनोबल और बढा है। आगे भी निरंतर समाज और ऐसे लोगों की सेवा के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस मौके पर एसडीएम अविनाश कुमारए क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंहए प्रधानाचार्य डॉण् महेन्द्र कुमार पांडेयए रेलवे इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमरेन्द्र कुमारए शिक्षक योगेश सिंहए फिरोज अहमदए संदीप कुमारए अरुण कुमार रहे।

## बीएचयू 102वें दीक्षांत के दौरान 37000 से अधिक उपाधियां प्रदान करेगा

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के 37,896 विद्यार्थी अपने छात्र जीवन के उन सबसे प्रमुख अवसरों में से एक का अनुभव करने को तैयार हैं, जिसके स्मरण से वे जीवनपर्यन्त गौरवान्वित होंगे। विश्वविद्यालय अपने 102वें दीक्षांत समारोह में वर्ष 2020, 2021 और 2022 में डिग्री उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को उपाधियां प्रदान करेगा। दीक्षांत समारोह का मुख्य कार्यक्रम शनिवार को सुबह 10 बजे से स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित होगा। इस संबंध में केंद्रीय कार्यालय के समिति कक्ष संख्या–1 में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने कहा कि कोविड–19 महामारी के कारण लगभग तीन वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित किए जा रहे दीक्षांत को लेकर विश्वविद्यालय परिवार अत्यंत उत्साहित व प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एक बहुत ही अनूठी संस्था है और अपने विद्यार्थियों एवं पुरा छात्रों के साथ विशेष संबंध रखने के लिए जानी जाती है। प्रो. जैन ने कहा कि दीक्षांत समारोह इस संबंध के स्मरण और इसे और मजबूत करने का एक अवसर है। कुलपति ने कहा कि बीएचयू में छात्रों को न केवल उनके करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए पुस्तकीय और पेशेवर ज्ञान से परिपूर्ण किया जाता है बल्कि उनमें मानवीय मूल्यों, लोकाचार और जीवन कौशल को भी विकसित किया जाता है, जो उन्हें आदर्श नागरिक बनाने तथा समाज व देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि छात्र और पुरा छात्र किसी भी शैक्षणिक संस्थान के सबसे महत्वपूर्ण हितधारक होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुराछात्रों की संख्या, क्षमता और विविधता के लिहाज से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय विशिष्ट संस्थान है। उन्होंने 2022 के दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्तकर्त्ताओं से संस्थान को आगे बढ़ाने के प्रयासों में शामिल होने का आह्वान किया।

## नियमित टीकाकरण को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सुपरवाइजरों को किया गया प्रशिक्षित

संवाददाता। मिर्जापुर



**नियमित** टीकाकरण के लिए समुदाय को प्रोत्साहित करने में आने वाले प्रश्नो को लेकर बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ व सुपरवाइजरों को विकास भवन स्थित सभागार में प्रशिक्षित किया गया ।इस आशय की जानकारी बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि नियमित टीकाकरण को लेकर विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर 17 दिसम्बर तक बच्चों का चिन्हाकंन किया जा रहा है।इसके लिए 2668 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व 12 सुपरवाइजरो को विभाग की ओर से जिम्मेदारी सौंपी गई । जो अपने.अपने क्षेत्रो में डोर.टू.डोर जाकर बच्चों का चिन्हाकंन कर रही है। उसके बाद उस सूची को विभाग को सौपेगी इससे बच्चों का टीकाकरण समय से किया जा सकेगा। इनकी मॉनिटरिंग के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी को लगाया गया ।प्रशिक्षण के दौरान यूनीसेफ के अखिलेश शर्मा ने बताया कि मुख्य सेविकाओं को नियमित टीकाकरण से संबंधित अभिमुखीकरण कराया गया टीकाकरण विषय पर संपूर्ण जानकारी दी गई समाज से आने वाले प्रश्नों के संभावित उत्तर सुझाए गए एवं 0 से 5 साल तक के बच्चे का संपूर्ण टीकाकरण कराने एवं एमआर उन्मूलन तथा घर.ण्घर सर्वे के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि सभी लोग टीका लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित करे इससे वंचित बच्चो का टीकाकरण ससमय कराया जा सके। जिले के 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रएए 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 326 उप.स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में खसरे के टीके को उपलब्ध करा दिया गया है जिससे टीकाकरण में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी। इसके अलावा सरकारी केन्द्रों पर खसरे का टीकाकरण बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध है यह टीका केवल 0 से 05 वर्ष तक के ही बच्चों को लगाया जाता है।

## स्वतंत्र निदेशक ने हरित कोयला व कर्षणा परियोजना का किया भ्रमण

संवाददाता। सोनभद्र



**स्वतंत्र** निदेशक संगीथा वारियर नें वाराणसी हरित कोयला परियोजना एवं रमना परियोजना का भ्रमण किया। उन्होंने भ्रमण के दौरान रमना परियोजना एवं कर्षणा परियोजना के कार्यों से संबन्धित प्रगति की जानकारी ली। यह परियोजना नगर पालिक निगम द्वारा प्राप्त कचरा से कोल एवं खाद बनाने का कार्य करती है। इस दौरान अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन मंगला हरीन्द्रन अपर महाप्रबंधक प्रचालन अनिल शर्मा वरिष्ठ प्रबन्धक रमना परियोजना आशीष रंजन उप प्रबन्धक उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय लखनऊ एल एम पाण्डेय के साथ ही अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। भारत की विशालतम विद्युत उत्पादन कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड नें रमना वाराणसी में 60 टीपीडी नगर निगम के ठोस कचरे को चारकोल में संसाधित करने के लिए पश्चिम से चारकोल सुविधा स्थापित कर रही है। यह संयंत्र एनटीपीसी एवं एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड की पहल से भारत में विकसित अनूठी तकनीक पर आधारित है। यह एनटीपीसी की पहली तकनीक है, जिसे पूरी तरह से भारतीय कंपनियों द्वारा विकसित किया गया है और पर्यावरण की दृष्टि से भस्मीकरण आधारित तकनीक पर आधारित है। यह प्रक्रिया ऑक्सीजन या सीमित ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में पूरी होती है और डाइऑक्सिन और फ्यूरान जैसे जहरीले रसायनों का उत्पादन नहीं होता है। यह सुविधा वाराणसी हरित कोयला परियोजना को 12 नवम्बर 2021 प्रदान की गई। जिसमें दुर्गंध नियंत्रण प्रणाली, पृथक्करण की सुविधा, सीलबंद रिएक्टर, उत्सर्जन नियंत्रण और निगरानी प्रणाली, विद्युत और नियंत्रण प्रणाली एवं चार हैंडलिंग प्रणाली के साथ–साथ उच्च स्तर के स्वचालन की क्षमता होती है। यह एक अग्रणी परियोजना है और नगरपालिका के ठोस कचरे को मूल्य वर्धित उत्पाद में परिवर्तित करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल समाधान के करने की क्षमता है। इसमें प्रौद्योगिकी शामिल है, जो एमएसडब्ल्यू को उच्च कैलोरीफईंधन में परिवर्तित करती है जिसे कोयले का उपयोग करके पारंपरिक बॉयलरों में सह प्रज्वलित किया जा सकता है। वाराणसी हरित कोयला परियोजना पूरी तरह स्वदेशी है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम है। स्वतंत्र निदेशक संगीथा वारियर नें वेस्ट टु एनर्जी अधिकारियों के साथ परियोजना के परफॉर्मेंस से संबन्धित विभिन्न पहलुओं पर समीक्षा की साथ ही वाराणसी हरित कोयला परियोजना से संबन्धित विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया तथा उचित परामर्श भी दिया। इसके अतिरिक्त वाराणसी हरित कोयला परियोजना के प्रांगण में पर्यावरण के प्रति वचनबद्धता स्वरूप वृक्षारोपण भी किया।

## डीएम-एसपी ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की दिलाई शपथ

**रायबरेली।** जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्री आलोक प्रियदर्शी ने आज पुलिस लाइन में यातायात माह समापन दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र–छात्राओं व उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा से संबधित यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले सुरक्षा संबंधी बातो का ध्यान रखना चाहिए। यातायात नियमो का स्वंय व अपने परिजनो से पालन कराने, दो पहिया चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट सीटबेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय फोन पर बात न करने, सड़क दुर्घटना मे पीड़ित की मदद करने, वाहन चलाते समय एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियो को रास्ता देने सहित अन्य यातायात नियमों का पालन करने के संबंध मे छात्र–छात्राओं व मौजूद लोगों को शपथ दिलाई गयी।

# चुनाव परिणाम

## सबको आनन्द

**हालिया** चुनाव परिणामों से भाजपा, कांग्रेस व 'आप' को आनन्द मनाने का अवसर दिया है, लेकिन उनके लिए यह सबक भी है कि कुछ मुद्दों की अनदेखी न की जाए। गुजरात व हिमाचल प्रदेश विधानसभा तथा एमसीडी चुनाव परिणामों ने हर पार्टी को खुश कर दिया है। भाजपा, कांग्रेस व आप के नेता तो कम से कम यही कह रहे हैं। भाजपा खुश है क्योंकि उसने गुजरात में अभूतपूर्व विजय प्राप्त की है। स्पष्ट रूप से अक्षमता व भ्रष्टाचार का पर्याय बताई जा रही मोरबी केबल पुल दुर्घटना का चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ा और इस विधानसभा क्षेत्र में भी भाजपा की विजय हुई। इसी तरह जनता ने कोविड-19 में आई परेशानियों की जिम्मेदारी भी भाजपा सरकार पर नहीं डाली। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात में केवल 99 सीटें प्राप्त कर सरकार बनाई थी, जबकि कांग्रेस को उस समय 77 सीटें मिली थीं। इससे भाजपा के राज्य नेतृत्व पर दबाव बढ़ा था। लेकिन इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने अन्य पार्टी नेताओं के साथ मिल कर कोई कसर नहीं छोड़ी जिससे उनको यह शानदार विजय मिली है। एमसीडी चुनाव में भी भाजपा का प्रदर्शन बहुत खराब नहीं रहा। जहां पहले उसके लगभग 50 वार्ड जीतने की उम्मीद थी, वहीं उसने अपनी संख्या सैकड़े में पहुंचाने में सफलता पाई। यह उपलब्धि 15 साल के 'सत्ता-विरोधी रुझान' तथा नगर निगमों के लचर प्रदर्शन को देखते हुए उल्लेखनीय है। दोनों राज्यों में भाजपा का प्रदर्शन एक्ज़िट पोल के अनुमानों से बेहतर रहा। हिमाचल में भले ही भाजपा विजय प्राप्त न कर सकी हो, पर टिकट वितरण के बाद विरोध को देखते हुए उसका प्रदर्शन ठीक है। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, गुजरात व दिल्ली में भयानक पराजय के बाद हिमाचल प्रदेश में विजय उसके आनन्द का विषय है। इस विजय से पार्टी का उत्साह बहुत बढ़ सकता है जो काफी लंबे समय से लगातार चुनावों में हार रही है। कांग्रेस को भाजपा सरकार के खिलाफ सत्ता-विरोधी रुझान तथा उसके विद्रोही उम्मीदवारों से लाभ मिला है।




हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की विजय प्रियंका गांधी वाड्रा की पहली चुनावी सफलता है। इससे उनकी पार्टी में भूमिका बढ़ सकती है। आम आदमी पार्टी-आप को चुनाव परिणामों से खुश होने के काफी अवसर मिले हैं। निश्चित रूप से उसे एमसीडी में प्रबल बहुमत नहीं मिला, फिर भी उसकी विजय संतोषजनक है। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में सफलता के लंबे-चौड़े दावे किए थे, पर वे दहाई के अंक तक भी नहीं पहुंच सके। हालांकि, भाजपा ने दिल्ली नगर निगम चुनाव में आक्रामक प्रचार अभियान चलाया था, सत्येन्द्र जैन के खिलाफ वीडियो क्लिप जारी हुई थीं, उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप थे तथा आप पर एक्साइज़ घोटाले में संलिप्तता का आरोप भी था, लेकिन इसका उसकी चुनाव संभावनाओं पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। इसके साथ ही गुजरात में कुछ सीटें जीतने के बाद 'आप' अब राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। लेकिन तीनों पार्टियों को अपने सामने उपस्थित चुनौतियों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। देश की सबसे पुरानी पार्टी हिमाचल में अपनी विजय का आनन्द मना सकती है, पर उसे यह तथ्य अनदेखा नहीं करना चाहिए कि कई राज्यों में उसकी गिरावट बहुत तेज रही है। उदाहरण के लिए, गुजरात में उसे अपनी धुर प्रतिद्वंद्वी भाजपा के मुकाबले लगभग दस गुना कम सीटें मिली हैं। भाजपा को भी अपने भीतर के विद्रोहियों से निपटने के लिए समुचित रणनीति बनानी होगी जो चुनाव के समय सक्रिय हो सकते हैं। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसका कारण पार्टी में व्याप्त केन्द्रीयता है। आम आदमी पार्टी-आप को 'खैरातों' की घोषणाओं से आगे बढ़ कर सोचना होगा क्योंकि गुजरात व हिमाचल प्रदेश में इनका कोई खास असर नहीं पड़ा है।

# चुनाव में 'गुजरात माडल' की विजय

गुजरात में प्राप्त आर्थिक उपलब्धियों ने अनेक सामाजिक संकेतकों में सुधार प्रदर्शित किया है जिनमें शिशु मृत्यु दर भी शामिल है।



**सुमित भसीन**
(लेखक, पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक हैं।)



भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय राजनीति में आमूल परिवर्तन कर दिया है। गुजरात में विजय ने दिखा दिया है कि 'विकास' अब भावनात्मक मुद्दा बन गया है। गुजरात की जनता विकास के मामले में समझौता नहीं कर सकती है। उसने उन सबको अस्वीकार कर दिया जिन्होंने विकास के 'गुजरात माडल' को चुनौती दी थी। गुजरात की जनता ने गुजरात के विकास पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस व आम आदमी पार्टी-आप के मुंह पर तमाचा जड़ दिया है।

गुजरात का चुनावी फैसला आने वाले दशकों में भारतीय राजनीति का प्रस्थान बिंदु बन सकता है। पिछले कुछ दशकों से भारतीय राजनीति में धम्र और जातीय पहचान भावनात्मक मुद्दे बने हुए थे। लोग जातीय आधार पर वोट देते थे। अतीत में लोगों ने धार्मिक आधार पर भी वोट दिए हैं। दशकों तक गुजरात की राजनीति में भी धार्मिक व जातीय मुद्दों का वर्चस्व रहा है। भाजपा के राजनीतिक परिदृश्य में हावी होने के पहले गुजराती समाज जातीय व धार्मिक आधार पर विभाजित था। इसके बाद भाजपा ने गुजरात में लगातार 27 साल शासन किया। लोगों ने एक बार फिर भाजपा को बता दिया है कि विकास की यात्रा में कोई पूर्ण विराम नहीं होता है। लोगों ने भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनादेश से बता दिया है कि विकास का मुद्दा उनके सबसे निकट है। गुजराती मतदाता कांग्रेस द्वारा दिखाई 'कल्पनाओं' तथा आप द्वारा प्रस्तावित 'खैरातों' से भी चुनाव में प्रभावित नहीं हुए।

कांग्रेस और आप ने लोगों को बेरोजगारी भत्ता, मुफ्त बिजली व पानी, आदि वादों में उलझाने का प्रयास किया, लेकिन गुजरात की जनता ने कांग्रेस और आप को बता दिया कि वे विकास की राजनीति सीखें। लोग अपने चलने के लिए बैसाखियां नहीं चाहते हैं क्योंकि पिछले 27 साल में उन्होंने सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण की विकास यात्रा देख ली है। वे गर्व के साथ अपने पैरों पर खड़े हैं।

कांग्रेस और आप ने गुजरात की गरिमा को चुनौती देने का प्रयास किया। उन्होंने गुजरात की जनता के घरों में पिछले दरवाजे से प्रवेश का प्रयास किया जिसके लिए उनको तगड़ा तमाचा खाना पड़ा। सकल राज्य घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी के अनुसार गुजरात वित्त वर्ष 2017 में पांचवां सबसे बड़ा राज्य था। वर्तमान समय में जीएसडीपी में सुधार के बाद वह अब चौथे स्थान पर आ गया है। जीएसडीपी में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष कंपाउंड वार्षिक वृद्धि-सीएजीआर हुई जिससे वह वित्त वर्ष 2018 में 13.29 लाख करोड़ से बढ़ कर वित्त वर्ष 2022 में 19.44 लाख करोड़ पर आ गया। यह 46.47 प्रतिशत वृद्धि है।

गुजरात की जनता चक्रवृद्धि की धारणा से अच्छी तरह परिचित है। वे जानते हैं कि यह शक्तिशाली बल है जो समय बीतने के साथ और शक्तिशाली होता है। इससे लोगों को अभूतपूर्व सामाजिक व आर्थिक लाभ मिले। इससे पता चलता है कि गुजरात की जनता ने कांग्रेस व आम की 'खैरातों' की राजनीति में कोई दिलचस्पी क्यों नहीं ली। गुजरात में भाजपा सरकार ने अपना राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के 1.51 प्रतिशत पर रखने में सफलता पाई है जो 2018 में वित्त आयोग द्वारा परिभाषित चार प्रतिशत की सीमा से काफी कम है। इसके साथ ही पुरानी पेंशन योजना-ओपीएस से राष्ट्रीय पेंशन योजना-एनपीएस में परिवर्तन के कारण उसके कर्ज का स्तर कम है क्योंकि इससे राज्य के खजाने पर वित्तीय बोझ घट जाता है। गुजरात के वित्तीय अनुशासन से जनता को लाभ हुआ है। कांग्रेस और आप ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली व आर्थिक उपलब्धियों को 'खैरातों' में लुटाने के वादे कर इसे नष्ट करने का प्रयास किया था।

> **कांग्रेस और आप ने लोगों को बेरोजगारी भत्ता, मुफ्त बिजली व पानी, आदि वादों में उलझाने का प्रयास किया, लेकिन गुजरात की जनता ने कांग्रेस और आप को बता दिया कि वे विकास की राजनीति सीखें। लोग अपने चलने के लिए बैसाखियां नहीं चाहते हैं क्योंकि पिछले 27 साल में उन्होंने सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण की विकास यात्रा देख ली है।**

कांग्रेस और आप ने निश्चित रूप से अपना होमवर्क ठीक से नहीं किया था। यदि वे ईमानदारी से होमवर्क करते तो उन्होंने गुजरात विधानसभा चुनाव प्रचार में बेरोजगारी का मुद्दा न उठाया होता। गुजरात में बेरोजगारी की दर 2.5 प्रतिशत है, जबकि यह राष्ट्रीय स्तर पर 8.2 प्रतिशत है। गुजरात सरकार ने पिछले लगभग 10 साल से यह दर कम बनाए रखी है। इस बीच अन्य राज्यों में बेरोजगारी दर दो अंकों में है। गुजरात की बेरोजगारी दर लगभग अमेरिका व ब्रिटेन जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के स्तर पर है। इसके बावजूद कांग्रेस व आप ने बेरोजगारी का मुद्दा उठा कर गुजरात की जनता को मूर्ख बनाने का प्रयास किया था। इससे वे राज्य की जनता की नजरों में अ-गंभीर राजनीतिक पार्टियां सिद्ध हो गईं।

गुजरात की आर्थिक उपलब्धियां सामाजिक संकेतकों के सुधार में भी दिखती हैं। उदाहरणार्थ शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, साक्षरता, पोषण, स्कूल दाखिला, आदि संकेतकों में काफी सुधार हुआ है। वास्तव में विकास का 'गुजरात माडल' मूलतः राज्य के खजाने से प्राप्त संसाधनों का प्रयोग जनता के आर्थिक-सामाजिक सशक्तीकरण के लिए करने पर आधारित है। गुजरात में पानी की उपलब्धता के लिए किया गया काम अन्य राज्यों के लिए उदाहरण है कि वे दीर्घकालीन परिसंपदा सृजन के लिए अपने संसाधनों का कैसे प्रयोग करें। जनता ने चुनावों में इसके लिए पुरस्कार दिया है। अब यह स्वीकार कर लिया जाना चाहिए कि विकास का 'गुजरात माडल' सर्व-समावेशी है और इसने पहचान की राजनीति के पुराने विमर्श को निरर्थक बना दिया है। यह गुजरात की मुस्लिम-बहुल दरियापुर सीट से भाजपा की विजय के रूप में सामने आया है। भाजपा उम्मीदवार कौशिक जैन यहां से चुनाव जीते हैं जिनको बड़ी संख्या में मुस्लिम मतदाताओं ने भी वोट दिया होगा।

भाजपा ने आप को राष्ट्रीय राजधानी में भी चुनौती दी। हालांकि, भाजपा 15 साल के शासन के बाद एमसीडी चुनावों में हार गई, पर पार्टी ने अपना मत-प्रतिशत बढ़ा कर 39 कर लिया। आप का मत प्रतिशत दो साल पहले 53 प्रतिशत था जो अब गिर कर 42 प्रतिशत रह गया है। भाजपा अब अगले विधानसभा चुनाव में आप को सत्ता से हटाने की योजना बना रही है और इसके लिए वह खैरात की राजनीति बनाम विकास की राजनीति को मुद्दा बनाएगी। ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आप सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर राष्ट्रीय राजधानी की जनता ने गौर किया है। भाजपा को उन विधानसभा क्षेत्रों के नगरनिगम वार्डों में विजय मिली जिनका प्रतिनिधित्व दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जेल में बंद मंत्री सत्येन्द्र जैन, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत, पैसे लेकर टिकट देने के आरोपी अमानुल्ला खान तथा आप के टिकट बेचने के आरोपी अखिलेश त्रिपाठी करते हैं।

यह दिल्ली की राजनीति के लिए शुभ संकेत है। राष्ट्रीय राजधानी की जनता ने भाजपा को कठोर परिश्रम करने का संदेश दिया है ताकि वह 2025 में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव में अराजकतावादियों को दिल्ली की सत्ता से उखाड़ फेंकने में सफल हो सके। इसके साथ ही जनता ने भाजपा को एमसीडी में 104 वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी है ताकि वे एमसीडी में आप पर लगाम लगा सकें और अराजकतावादियों को वे उपलब्धियां नष्ट करने की अनुमति न दें जो एमसीडी ने पिछले 15 साल में बनाई हैं। जनता ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि दिल्ली विधानसभा के उलट आप एमसीडी के भाजपा सदस्यों को बैठकों से हटाने में सफल नहीं होगी। भाजपा को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में विद्रोहियों के कारण हार का सामना करना पड़ा है। लेकिन राज्य में भाजपा का मत-प्रतिशत लगभग कांग्रेस के बराबर है। भाजपा भले ही हिमाचल प्रदेश में परंपरा तोड़ कर विजय पाने में सफल नहीं हुई है, लेकिन यदि उम्मीदवारों का चयन बेहतर तरीके से किया गया होता तो भाजपा सरकार को फिर मौका मिल सकता था।

# हर समस्या का समाधान

**संग्राम मिश्र**
(लेखक, वरिष्ठ आईएएस हैं)



तमाम किस्म की समस्याओं को हल करने के हमारे प्रयासों को व्यवहार परिवर्तन और सामाजिक इंजीनियरिंग पर ध्यान केंद्रित करना होगा। चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रभावी सुधार के लिए कानूनी और विधायी सहित कई कारकों को ध्यान में रखना होगा। समावेशी दृष्टिकोण के साथ समग्र परिवर्तन लाने के लिए कदमों पर चर्चा की गई है। लोगों के व्यवहारगत पहलू में कोई भी बदलाव जागरूकता निर्माण के लिए एक उद्यम की मांग करता है। भारत के संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के चुनाव आयोग में चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति लिए होता है। इस तरह ईसीआई सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक निकाय है जिसके पास चुनाव प्रक्रिया पर अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण है। इतनी बड़ी शक्ति का निहित होना ईसीआई के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के सुचारू संचालन के लिए जिम्मेदारी भी पैदा करता है। पहले कदम के रूप में, ईसीआई को लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने का भी प्रयास करना चाहिए ताकि वे अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए नागरिकों की या /(मतदान) शक्ति की भूमिका का निर्वहन कर सकें। क्या करें और क्या न करें के बारे में मतदाताओं के लिए प्रिंट और विजुअल मीडिया पर निरंतर प्रचार कुछ जागरूकता पैदा करेगा। ईसीआई के एजेंटों को भी निर्देशित किया जा सकता है कि वे जिलों के कोने-कोने में आयोग की आवाज और संदेशों को ले जाएं और दूरदराज इलाकों में भी पहुंचाएं। कमजोर समूहों (आदिवासियों आदि) को शोषण और डराने-धमकाने से पूरी तरह सुरक्षित रखा जाना चाहिए। इन क्षेत्रों में बार-बार दौरा करना, खासकर चुनाव के एक दिन पहले, दिन-रात, अनैतिक तत्वों द्वारा धन के बल पर जीतने की चाल को विफल कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों या अनुयायियों के मामले में आचार संहिता का कोई भी उल्लंघन अयोग्यता का वारंट होना चाहिए। जिला एवं पुलिस प्रशासन की सजगता, फुर्ती और ईमानदारी से आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। चुनाव आयोग को दोषी और निकम्मे जिला प्रशासन अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए। एक मजबूत ईसीआई, प्रभावी जिला प्रशासन और मजबूत पुलिस बल प्रक्रिया को सुचारू बना सकते हैं। यह तथ्य कि




लगभग एक तिहाई आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है, मतदाताओं को कमजोर बनाती है और वह अनैतिक मतदान के लिए पैसे के प्रभाव का शिकार होती है। सरकार के लिए सबसे पहला और महत्वपूर्ण कार्य गरीबी उन्मूलन होना चाहिए। लेकिन गरीबी को रातों-रात मिटा देना संभव नहीं है। लेकिन अगर घोर गरीबी की स्थिति को ठीक से संबोधित किया जाए, तो एक बड़ा काम पूरा हो जाएगा। करदाताओं के पैसे से मुफ्त उपहारों का वितरण (मेरी राय में) तत्काल बंद किया जाना चाहिए और ऐसी गतिविधियों में शामिल पार्टी के साथ सख्ती से निपटा जा सकता है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आपराधिकता के लिए कोई भूमिका नहीं होती है क्योंकि वह अनैतिक है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीति के अपराधीकरण के संबंध में एक बहुत ही प्रशंसनीय कदम उठाया है - सजा मिलने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित करना। नामांकन दाखिल करने के समय आपराधिक पृष्ठभूमि का खुलासा करने और दोषी ठहराए जाने पर अयोग्यता ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सख्त निगरानी और कड़े कानून के मजबूत कार्यान्वयन से आपराधिकता पर लगाम लग जाएगी। भेदभाव पर आधारित राजनीति - जाति, धर्म, भाषा, लिंग और परंपरा आदि विभाजनकारी कारकों का उपयोग करने वाली राजनीति- को दृढ़ता से हतोत्साहित किया जाना चाहिए। हालांकि यह कहना आसान है और करना कठिन। समाज अनेक विविध बिंदुओं पर विभाजित है, फिर भी प्रक्रिया की शुद्धता के लिए, घटाने की किसी भी शुरुआत और दृष्टिकोण को एक लंबा रास्ता तय करना होगा। प्रक्रिया में निष्पक्षता लाने के लिए ईसीआई द्वारा अन्य स्थानिक बिंदुओं पर विचार व विश्लेषण किया जाना चाहिए। क्या हमें स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने के लिए विधेयक की आवश्यकता है? आम तौर पर निवारक कानून में तीन प्रमुख घटक होते हैं जैसे कि गंभीरता (उच्च स्तरीय दंड), निश्चितता (दंड एक अनिवार्यता के रूप में जहां कहीं भी आपराधिक कृत्य होता है) और तीव्रता (तेजी आवश्यक है)। अगर सजा जल्दी और तीव्रता से दी जाए तो अपराध रुक जाएगा। हॉब्स की राय में, लोग अपने स्वार्थ के कारण प्रेरित होते हैं और फिर हॉब्स ने उन पाबंदियों के महत्व पर जोर दिया जिनके कारण लोग कानून का पालन करें। सीजर बेकरिया ने कहा कि अपराध और दंड दोनों का एक आनुपातिक निवारण और निवारक मूल्य होना चाहिए। ये तीन घटक न केवल व्यवस्था में लोगों का विश्वास और भरोसा जगाते हैं बल्कि चुनावी प्रक्रिया और गतिशीलता में भी सबसे प्रभावी हैं। जिस प्रकार किसी भी मजबूत रोगनिरोधी या उपचारात्मक दवा के दुष्प्रभाव होते हैं, किसी भी कठोर कानून के दुरुपयोग का भी खतरा होता है। एक राजनेता के लिए सबसे भयानक कारक अयोग्यता और चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगना है। यदि निवारक कानून इस अनिवार्य अयोग्यता को संबोधित करेगा तो सफलता दर अभी भी अधिक होगी और इसलिए यह अन्य उम्मीदवारों को धन शक्ति और आपराधिकता के दुरुपयोग करने से रोकेगा। सख्त कार्यान्वयन और त्वरित जांच और बेईमान तत्वों के लिए सजा की सुनिश्चितता, सब कुछ निष्पक्ष रास्ते पर वापस ला सकते हैं। चुनावी कदाचार (धन बल का दुरुपयोग, मतदाताओं को डराना, चुनाव के बाद की हिंसा, मुफ्त की पेशकश, जाति का आपराधिक उपयोग करना आदि) को अयोग्यता, जुर्माना और अन्य दंडात्मक प्रावधानों से जोड़ा जाना चाहिए और यह लोगों को व्यवस्था को ताजी हवा प्रदान करने के लिए दूरगामी राह तय करेगा। यहां नौकरशाही की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के चुनाव आयोग की कड़ी निगरानी में निष्पक्षता, प्रभावशीलता, गंभीरत और ईमानदारी को किसी भी कीमत पर बनाए रखा जाना चाहिए। जैसा कि पहले कहा गया है, यह एक कठिन कार्य है। लेकिन प्रत्येक मुश्किल काम के समाधान की तलाश जल्द से जल्द और ईमानदारी से शुरू कर देनी चाहिए और इससे मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है।

## आप की बात

### खुले बोरवेल के खतरे

**मध्यप्रदेश** के बैतूल जिले में आठनेर के पास मांडवी गांव में 6 साल का तन्मय नामक बच्चा बच्चों के साथ खेलते हुए खुले बोरवेल में 38 फीट नीति गिरकर फंस गया। सूचना मिलते ही प्रशासन ने उसे सकुशल बाहर निकालने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। एमपी में ही नहीं, देश के अन्य भागों में भी खुले बोरवेल और मेनहोल में गिरने की घटनाएं अक्सर होती रही है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बोरवेल मालिक तो जिम्मेदार है ही साथ ही बोरवेल और खुले मेनहोल के लिए स्थानीय प्रशासन, फिर चाहे ग्राम पंचायत हो या जनपद, नगर परिषद हो या नगरपालिका अथवा नगर या महानगरपालिका, ही जिम्मेदार है। उसे बोरवेल खोदने पर नियंत्रण लगाना चाहिए। जबतक समुचित शासकीय अनुमति न हो बोरवेल नहीं खोदने देना चाहिए। अनुमति में सभी शर्तों का पालन होना भी निश्चित किया जाना चाहिए, साथ ही जांच भी की जानी चाहिए। ताकि कोई बोरवेल खुला ना रह सके। अगर पहले ही सतर्कता बरती जाए तो अनहोनी से बचा/बचाया जा सकता है, साथ ही शासन भी अकस्मात् होने वाली परेशानी से मुक्त रह सकता है।

**दीप्ति प्रदीप बंदवार,** रतलाम

### चुनाव नतीजों के निहितार्थ

**गुजरात,** हिमाचल विधानसभा और दिल्ली नगर निगम चुनाव तीन किले की तरह थे, जो जनता ने तीन पार्टियों को सौंपे। गुजरात में भाजपा की प्रचंड आंधी में कांग्रेस और आप उड़ गए, हिमाचल में कांटे की लड़ाई में कांग्रेस ने और दिल्ली नगर निगम चुनावों में आप को पूर्ण बहुमत मिला। गुजरात में भाजपा ने लगातार सातवीं बार चुनाव जीतकर रिकॉर्ड बनाया, जो बंगाल में वाम मोर्चा के बराबर है। 32 वर्षों में हिमाचल में भाजपा और कांग्रेस बारी-बारी से सत्ता में आती हैं। गुजरात में भाजपा की सीटों की संख्या 156 हो गई। लेकिन कांग्रेस से ऐसी कल्पना नहीं की जा सकती थी जो पार्टी पिछले बार 77 सीटें लाई थी। वह महज 17 सीटों पर सिमट जाएगी। आम आदमी पार्टी को गुजरात में पैर जमाने के साथ राष्ट्रीय दल के रूप में उभरने का अवसर अवश्य मिला। लेकिन उसे समझना होगा कि रेवड़ी राजनीति की अपनी सीमाएं हैं और बिना विचारधारा बहुत दूर तक नहीं जाया जा सकता। भाजपा जिस दमखम के साथ ऐतिहासिक और प्रचंड जीत गुजरात में दर्ज की है। क्या 2022 की पिक्चर दरअसल 2024 का ट्रेलर साबित होगी ?

**सदन जी,** पटना


### पंजाब की पहल

**पंजाब** राज्य ने कैदियों को दांपत्य दौरों की अनुमति देकर कैदियों के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को आगे बढ़ाया है। उम्मीद है कि इस पहल से वैवाहिक बंधन मजबूत होंगे और कैदियों का अच्छा आचरण सुनिश्चित होगा। कैदियों के उपचार के लिए संयुक्त राष्ट्र मानक न्यूनतम नियमों, मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध आदि के माध्यम से कैदियों के अधिकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन के मामले में, न्यायमूर्ति अय्यर ने कहा कि 'परिवार और दोस्तों द्वारा कैदियों से मिलना अलगाव में सांत्वना है: और केवल एक अमानवीय व्यवस्था ही इस मानवीय सुविधा से जेल के कैदियों को वंचित करने में परोक्ष आनंद प्राप्त कर सकती है।' न्यायालय ने पाया कि भले ही दाम्पत्य मुलाकातों को मौलिक अधिकार के रूप में नहीं ठहराया जा सकता है, फिर भी कैदी वैवाहिक मुलाक़ातों के लिए छुट्टी लेने के पात्र होंगे यदि 'बांझपन उपचार' जैसे 'असाधारण कारण' हैं।

**रवि रंजन** ,नई दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



**यदि** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व नहीं होगा तो हर शहर में पूनावाला जैसे लोग पैदा होंगे।
- **हिमंत बिश्व सर्मा**
असम के मुख्यमंत्री

**ब्रिटेन** व अमेरिका एकसाथ आकर वैश्विक ऊर्जा के दाम तय करेंगे।
- **ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री





**मैं** क्रिसमस की अनदेखी के आरोपों का खंडन करता हूं। 24 व 25 दिसंबर को अवकाश रहेगा।
- **पी. जोशी**
संसदीय कार्य मंत्री

# अनुपस्थित मिले कई कर्मचारी, कटेगा एक दिन का वेतन

**● डीएम ने किया लोनिवि के कई निर्माण खंडों का आकस्मिक निरीक्षण**





**अयोध्या।** डीएम नितीश कुमार ने लोनिवि के अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड.2, निर्माण खण्ड.3 तथा निर्माण खण्ड.4 के कार्यालयों का पूर्वान्ह 10:39 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया। उक्त कार्यालयों के कई कर्मचारी कार्यालय के बाहर परिसर में टहलते हुये पाये गये। उक्त तीनों निर्माण खण्डों के तीनों अधिशाषी अभियन्ताओं सहित निर्माण खण्ड.2 के कुल 17 कर्मचारियों में से 07 कर्मचारी, निर्माण खण्ड.3 के कुल 17 कर्मचारियों में से 04 कर्मचारी तथा निर्माण खण्ड.4 के कुल 19 कर्मचारियों में से 10 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। डीएम ने अनुपस्थित समस्त कर्मचारियों का एक दिन का वेतन अवरुद्ध करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिशासी अभियंताओं को समस्त कर्मचारियों की कार्यालय में उपस्थिति समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अधिशाषी अभियन्ता के उपस्थित आने पर डीएम ने रामपथ सहादतगंज से नयाघाट तक के चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण हेतु प्रभावित भू.स्वामियों दुकानदारों से भूमि के बैनामे व अनुग्रह धनराशि के मूल्यांकन संबंधी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा राम पथ के निर्माण सम्बंधी समस्त कार्यों को प्राथमिकता पर और और तीव्र गति से करने के निर्देश दिये। डीएम ने कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ सहायक एवं वरिष्ठ सहायकों से कम्प्यूटर टाइपिंग की स्पीड पर नाराजगी व्यक्त की तथा समस्त कनिष्ठ एवं वरिष्ठ सहायकों को निर्धारित समय की नोटिस देकर स्पीड टेस्ट कराने के निर्देश दिये। समस्त कनिष्ठ एवं वरिष्ठ कनिष्ठ सहायकों की कम्प्यूटर टाइपिंग स्पीड निर्धारित मानक से कम न हों। उक्त कार्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नही पायी गयी। सीढ़ी व लॉन में कई स्थानों पर पान के थूक के साथ ही आलमारियों की पेंटिंग एवं सफाई ठीक नही पायी गयी, कई स्थानों पर जाले लगे पाये गये। डीएम सम्पूर्ण कार्यालय का तत्काल साफ सुथरा कराने, व पेंटिंग कराने हेतु सम्बंधित अधिशाषी अभियन्ता को निर्देशित किया। डीएम ने भवन के छत भी देखी तथा उसे तत्काल साफ कराने के निर्देश दिये। डीएम ने लोनिवि निर्माण खण्ड.2 व निर्माण खण्ड.4 द्वारा सुरसरि कालोनी में भवनों के अनुरक्षण हेतु प्राप्त धनराशि व उसके सापेक्ष कालोनी में कराये गये कार्यों सम्बंधी रजिस्टर पत्रावलियों का अवलोकन किया। डीएम ने अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड.4 के साथ सुरसरि कालोनी का स्थलीय निरीक्षण किया। समस्त आवासीय भवनों पर मकान संख्या लिखवाने कॉलोनी परिसर से मलवे को हटाने हेतु अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया तथा कालोनी परिसर को साफ सुथरा कराने के निर्देश दिये। डीएम ने अग्रसेन चौक से जिलाधिकारी आवास को जाने वाले मार्ग पर जल निगम द्वारा सीवर लाइन डालने हेतु मार्ग की खुदाई में निकले मलवे को हटाने, मार्ग व नाली को ठीक साफ कराने हेतु परियोजना प्रबन्धक नागर कार्य इकाई को निर्देशित किया।

## खादी से बनेगा आपका भविष्य बढ़ाएं अपना रोजगार

**मिल्कीपुर अयोध्या।** ग्राम पंचायत सिधौना तहसील मिल्कीपुर जिला अयोध्या में पुनीत फाउंडेशन ने महिलाओं को खादी के बारे में जागरूक किया कि कैसे खादी द्वारा ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सार्थक बदलाव आ सकता है, अगरबत्ती मोमबत्ती सूट काटने की ट्रेनिंग दिलाकर खादी विकास बोर्ड की तरफ से महिलाओं को ऊन, अगरबत्ती, मोमबत्ती आदि सारी वस्तुएं सरकार द्वारा उचित दाम पर खरीदी जाएंगी। जिसमें महिलाओं को महीने की औसत आय 6000 से 8000 रुपए आसानी से हो सकती है। संस्था के सचिव आकाश सिंह एवं उपसचिव विश्वास अग्रहरी प्रबंधक विष्णु बहादुर उपप्रबंधक कर्मराज शर्मा कोषाध्यक्ष हरि कृष्ण तिवारी तथा उप कोषाध्यक्ष शिवम मौर्य द्वारा बताया गया कि पुनीत फाउंडेशन महिलाओं के जीवन में सार्थक बदलाव लाने का पूरा प्रयास करेगा। मुख्य अतिथि की उपस्थिति में पुनीत फाउंडेशन में आई महिलाओं ने विस्तृत रूप से पूर्ण जानकारी प्राप्त की।

# जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की प्रगति खराब पाये जाने पर मांगा स्पष्टीकरण

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने राजस्व वसूली की प्रगति खराब पाये जाने पर वाणिज्यकर विभाग के दो डिप्टी कमिशनर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने एवं उप निबंधक सदर द्वितीय का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प को स्टाम्प चोरी रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए है। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए डीएम ने प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर विभाग आबकारी विद्युत विभाग परिवहन विभाग के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये जाने के साथ साथ आरसी वसूली में भी प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत विद्युत बकाये की वसूली सुनिश्चित करने के लिए कहा है। नगर पंचायत की समीक्षा करते हुए सभी अधिशाषी अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर वसूली का निर्देश दिया है। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को बकायेदारों से वसूली सुनिश्चित करने का निर्देश दिए है। मण्डी समितियों के राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने मण्डी सचिवों को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। डीएम ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दाखिल खारिज की कार्रवाई निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय सभी उप जिलाधिकारी एवं सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**बैठक करते जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री।**

## सूनी सड़क पर मनचलों से घिरी युवती को समाजसेवी ने कराया मुक्त

**प्रयागराज।** जिसका कोई नहीं उसका तो खुदा है यारों। यह शेर प्रतापगढ़ के कंधरपुर बाजार में सड़क किनारे बेहाल पड़ी उस युवती पर सटीक बैठती है। जिसके पीछे सूनी सड़क पर एक नहीं कई मनचले पीछे पड़े थे। युवती की मदद और हिफाजत के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के नारी शक्ति के नारे को साकार किया अलकौसर सोसाइटी की अध्यक्ष और इलाहाबाद उच्च न्यायालय नाजिया नफीस ने जानकारी मिलने के बाद नाजिया ने न सिर्फ उस युवती को पुलिस की मदद से मनचलों की गिरफ्त से मुक्त कराया। बल्कि उसे सुरक्षित शेल्टर होम तक भी पहुंचाया। अब वह युवती लखनऊ के एक शेल्टर होम में सलामत पहुंच गई है। जहां उसे सुकून भी मिला है और छत भी नसीब हो गई। युवती कौन है और कहां से वह कंधरपुर बाजार पहुंच गई। जानकारी के लिए उसकी काउंसलिंग कराई जा रही है।

# सड़क पर घूमने वाले पशुओं को आश्रय स्थल भेजा जाए: डीएम

**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री के नवीन सर्वोच्च प्राथमिकता के विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक डीएम सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना, टीकाकरण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना, गोवंशिय एवं महिष बंसीय पशुओं की ईयर टैगिंग, चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, परिवार नियोजन, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश, सामुदायिक शौचालय निर्माण की स्थिति, ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्माण की स्थिति, अमृत योजना. जलापूर्ति, स्वच्छ भारत मिशन नगरी, खुले में शौच से मुक्त तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी आदि की समीक्षा बिंदुवार की गई। वैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्य पशु चिकिसाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मेन रोड पर घुमने वाले पशुओ को सबसे पहले पकड़वा कर पशु आश्रय स्थल पर संरक्षित किया जाय। साथ ही साथ सम्बंधित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ठण्ड को देखते हुये ठण्ड से बचाव हेतु सभी तैयारियो का जायजा लिया जाय। सभी पशु आश्रय स्थलो पर पीने हेतु पानी भी व्यवस्था, भूसा की उपलब्धता , कैमरा की स्थिति, साफ सफाई व्यवस्था देखा जाय। डीएम द्वारा विकास कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह एजिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# बीईओ ने अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का किया निरीक्षण



**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर खंड शिक्षा अधिकारी पद पर कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही रिचा सिंह ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। अंग्रेजी माध्यम में संचालित प्राथमिक विद्यालय मसेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में नामांकित 120 छात्र छात्राओं के सापेक्ष 44 छात्र छात्राओं का आधार कार्ड न बन पाने पर असंतोष व्यक्त किया और विद्यालय के प्रधानाध्यापक को खामियों को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। हालांकि उन्होंने विद्यालय परिसर अत्यंत साफ स्वच्छ देख प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक के कार्यों की सराहना की। बीईओ रिचा सिंह ने विद्यालय के अतिरिक्त कक्षा कक्ष में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत नौनिहालों का भी हाल जाना और छोटे.छोटे बच्चों से सवाल भी किएए जिनका बच्चों ने बखूबी जवाब दिया जिस पर उन्होंने जमकर प्रशंसा की। निशा के दौरान बीईओ सुश्री सिंह ने विद्यालय परिसर में बने शौचालय, दिव्यांग शौचालय एवं किचेन, स्टोर का गहन निरीक्षण किया। मौजूद रसोइयों को साफ स्वच्छ एमडीएम बनाए जाने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में हरे भरे पेड़ पौधे देख उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कक्षा कक्ष में अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षक विनय कुमार एवं शिक्षिका रश्मि गोयल के शिक्षण कौशल को भी परखा तथा कक्षा कक्ष में मौजूद छात्र छात्राओं से पढ़ाए जा रहे विषय से संबंधित तमाम सवाल किएए जिसका छात्र.छात्राओं ने सही प्रत्युत्तर दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में नामांकित 120 छात्र छात्राओं के सापेक्ष 67 छात्र.छात्राएं नामांकित मिले। विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार गुप्ता, सहायक अध्यापक रेफांशु सिंह, विनय कुमार एवं रश्मि गोयल सहित शिक्षामित्र एवं रसोई मौजूद रहे। बीईओ मिल्कीपुर रिचा सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का लगातार निरीक्षण किया जाएगा। शिक्षा की गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाले शिक्षकों को कतई बख्शा नहीं जाएगा।

## क्विक न्यूज

### पीएम के नए भारत के निर्माण का चित्र प्रस्तुत करती है पुस्तक: कुलपति

**प्रयागराज।** अलोपीबाग स्थित ज्योतिर्मठ में प्रख्यात लेखक और सामाजिक उद्यमी संजय शेरपुरिया की पुस्तक दिव्यदर्शी मोदी का लोकार्पण किया गया। पीठ में 29 नवंबर से आरंभ हुए विराट स्मृति यज्ञ कथा और विद्वत समागम में लोकार्पित पुस्तक के बारे में अनेक विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये। ज्योतिर्पीठ के स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख दिनेश एवं संपूर्णानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो हरिराम त्रिपाठी की उपस्थिति में पुस्तक का लोकार्पण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नए भारत के निर्माण की दिशा में अब तक किये गए कार्यों का वास्तविक लेखा जोखा प्रस्तुत करती संजय शेरपुरिया की इस पुस्तक के बारे में विद्वानों ने विशद चर्चा की। सभी ने कहा कि यह एक ऐसा संग्रह तैयार हुआ है। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री की दिव्यदर्शी नीतियों के क्रियान्वयन और परिणाम से पाठक बहुत सहजता से परिचित हो जाता है। कार्यक्रम का स्वयं संचालन करते हुए अखिल भारतीय संत समिति एवं श्री गंगा महा सभा के अखिल भारतीय महामंत्री स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि यह पुस्तक वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए भारत के विजन का प्रामाणिक दस्तावेज है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि यह पुस्तक नए भारत का वह वास्तविक चित्र प्रस्तुत कर रही है। जिसको देख कर प्रत्येक भारत वासी को गौरव होना स्वाभाविक है। इस समारोह में उपस्थित अनेकानेक विद्वानों ने संजय शेरपुरिया के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तक को तैयार करने में जिस प्रकार से विषयों को नियोजित किया गया है। वह अत्यंत श्रमसाध्य है। इसके लिए संजय शेरपुरिया बधाई के पात्र हैं। समारोह में प्रख्यात राष्ट्रवादी चिंतक और भागवत विशेषज्ञ आचार्य स्वामी जितेन्द्रनाथ की विशेष उपस्थिति रही। स्वामी वासुदेवानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर है। समारोह में काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष महामंत्री अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



**पुस्तक का विमोचन करते स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती।**

### रोजगार मेला 13 दिसंबर को

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मॉडल कैरियर सेन्टर परिसर लालबाग फतेहगंज अयोध्या में 13 दिसम्बर 2022 को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी नेट एमबिट, प्रालि एसएस इंस्टीट्यूट होली हर्ब्स एवं एसबीआई लाइफ प्रतिभाग करेंगी। शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल से स्नातक तक है। मेले में प्रतिभाग करने के लिये आयु 18 से 50 वर्ष है, इच्छुक अभ्यर्थी अपना समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उक्त दिनांक को कार्यालय में उपस्थित होए इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या मण्डल अयोध्या ने दी है।

### कृषि विश्वविद्यालय का 24वां दीक्षांत समारोह 16 जनवरी को

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 24 वां दीक्षांत समारोह 16 जनवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कुल सात महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अपने हाथों से मेडल व उपाधि देकर सम्मानित करेंगी। इसकी पुष्टि कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर पीएस प्रमाणिक ने की है। डॉक्टर प्रमाणिक ने बताया कि दीक्षांत समारोह के तारीख का ऐलान होते ही विश्वविद्यालय ने तैयारियां तेज कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कई टीमों की कमेटी कमेटी भी गठित कर दी गई है जो समारोह को सकुशल संपन्न कराने में जुट गई है।

### मोदी की लोकप्रियता कायम: राधे श्याम जायसवाल

**संतकबीरनगर।** भाजपा नेता राधेश्याम जयसवाल ने गुजरात प्रांत में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत के बाद खुशी का इजहार करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री की नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता कायम है। उन्होंने कहा कि रामपुर का किला ढह गया और वहा कमल खिल गया। सरकार ने बिना भेदभाव किये योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुँचाया है। बूथ अध्यक्ष राधेश्याम जयसवाल ने कहा कि आगे भी मान सम्मान के लिए सभी कार्यकर्ताओ तैयार रहें।

# दहेज में नहीं मिली कार, ससुरालियों ने विवाहिता को उतारा मौत के घाट

**मिल्कीपुर अयोध्या।** दहेज में कार ना मिलने से लड़की के ससुराल वालों ने विवाहिता को उतारा मौत के घाट। जानकारी मिलने पर मृतका के पिता प्रदीप कुमार मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में पति सास.ससुर व ननद के खिलाफमुकदमा दर्ज कर। पुलिस टीम ने पति एसासए ससुर को आज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं ननंद रेणु की तलाश में जुटी है। थाना कुमारगंज अंतर्गत अकमा पूरे कड़बड़ गांव निवासी अंकित तिवारी पुत्र राम सरदार तिवारी ने अपनी पत्नी श्वेता को दहेज के लिए मार दिया। तथा मृतका के पिता व उनके अन्य परिजनों को सूचना दिया कि श्वेता की तबीयत खराब थी और उसकी मौत हो गई । सूचना मिलते ही श्वेता के बाबा व अन्य लोग मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी 7 दिसंबर को पुलिस को दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर मौत होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने मृतका के पिता प्रदीप कुमार मिश्रा पुत्र सूर्य भवन मिश्रा निवासी चिरंजीव जमुनियामऊ थाना कुमारगंज की तहरीर पर मृतका के पति अंकित तिवारीएससुर राम सरदार तिवारी, सास शंकुतला तिवारी व ननद रेणु के खिलाफ धारा 398ए, 304बी आईपीसी व 3-4 दहेज उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक थाना कुमारगंज शिव बालक ने बताया विवाहिता की हत्या करने वाले आरोपी शिवनाथपुर पुलिया के पास रायबरेली अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े थे। उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह, कमलेश कुमार, कांस्टेबल मनदीप चौधरी, नरेन्द्र कुमार व महिला कांस्टेबल प्रियंका दीक्षित मौके पर पहुंचकर अंकित तिवारी, राम सरदार तिवारी व शकुन्तला तिवारी को गिरफ्तार कर थाने ले गए जहां पर विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया।

# एडीएम ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**अंबेडकर नगर।** एडीएम वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार कनौजिया द्वारा नगर पालिका परिषद, टाण्डा क्षेत्रान्तर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। नगर पालिका परिषद टाण्डा क्षेत्रान्तर्गत 15वां वित्त आयोग मद से ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय आहाता में विद्यालय की कक्षा का मरम्मत, फर्श टाइल्स, शौचालय, यूरिनल व किचेन मरमत का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय की मरम्मत का कार्य ठेकेदार द्वारा स्थल पर कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान गलियारे में लकड़ी का एक बड़ा दरवाजा लगा है जो जर्जर है। मौके पर उपस्थित अवर अभियन्ता सिविल को निर्देशित किया गया कि उक्त दरवाजे को ठीक कराकर लगवाया जाय तथा विद्यालय में कतिपय स्थानों पर सीमेन्ट की जाली टूटी हुई हैण् उक्त के स्थान पर ईट की जाली लगायी जाय।साथ ही उक्त कार्य को आगणन में निर्दिष्ट मानक के अनुसार यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने के भी निर्देश दिये गये।

वार्ड सं 14 में स्टेट बैंक से बिन्ध्यवासिनी कालोनी होते हुये नगर पालिका कार्यालय गेट तक सी सी सड़क निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा पुलिया की वाल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित अवर अभियन्ता ;सिविलद्ध को निर्देशित किया गया कि नाले की वाल के बगल खुले नाले पर पटिया रखवायी जाय। जिससे आवागमन में समस्या न हो तथा पटरी पर लगाये गये इण्टरलाक की एजिंग करायी जाय।



नगर पालिका परिषदए टाण्ठा क्षेत्रान्तर्गत 15 वां वित्त आयोग मद से आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मीरानपुरा (बालक) में विद्यालय की कक्षा का मरम्मत, फर्श, टाइल्स, शौचालय, यूरिनल व किचेन मरम्मत का कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्थल पर कार्य कराया जा रहा है। विद्यालय के कक्ष में दीवाल पर पुराने निर्मित ब्लैक बोर्ड, जिसका प्रयोग नहीं हो रहा है, पर वाल टाइल्स नहीं लगायी गयी है। निर्देशित किया कि कक्षा में शिक्षण कार्य हेतु व्हाइट बोर्ड का प्रयोग किया जा रहा है इसलिए पुराने ब्लैक बोर्ड के स्थान पर समान रूप से वाल टाइल्स लगायी जाय तथा कक्षा में दरवाजे छत की मरम्मत, का कार्य निर्दिष्ट मानक के अनुसार कराया जाय तथा कक्ष में लटक रहे विद्युत तार को व्यवस्थित कराया जाय।

## फर्जीवाड़े में फंसे प्रधान, सचिव व रोजगार सेवक

**● मनरेगा लोकपाल की जांच में हुआ खुलासा**

**बस्ती।** विकास खंड दुबौलिया के ग्राम पंचायत चिलमा परसन में बड़े-बड़े कारोबारियों की पत्नियों के नाम मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर फर्जी भुगतान कराने का मामला पकड़ा गया। इसका खुलासा मनरेगा लोकपाल दिव्य प्रकाश की जांच में हुआ। जांच को दबाने के लिए लोकपाल पर अनैतिक दबाव बनाया गया, उनके बच्चे और पत्नी तक को कार्रवाई न करने की धमकी दी गई। मगर मनरेगा लोकपाल ने सारे धमकियों की परवाह किए बिना कार्रवाई करने का आदेश पारित कर दिया। मामले की शिकायत चिलमा परसन के विक्की सोनकर पुत्र पल्लू ने कार्यालय में उपस्थित होकर 27 सितंबर 22 को की थी। जांच के दौरान प्रधान विजय सोनी, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार सिंह और तकनीकी सहायक दिनेश कुमार शुक्ल और गांव वाले मौजूद रहे। जांच में काफी चौकाने वाले तथ्य सामने आया। किरन देवी पत्नी संजय कुमार के नाम कार्ड हैं, इनकी चाय और मिठाई की दुकान है, और इनकी पत्नी कभी मनरेगा में काम करने नहीं गई। बीना कुमारी पत्नी विनोद कुमार के नाम जॉब कार्ड बना है, यह एक प्रतिष्ठित कारोबारी है, नन्दिनी पत्नी विश्वनाथ एक बड़े कारोबारी है इनकी भी पत्नी कभी काम करने नहीं गई।

## व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करे सरकार: अब्दुल कलाम

**संतकबीनगर।** पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल कलाम ने कहा है कि केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार अड़ानी और अंबानी की जेब भरने में लगी हुई है। इसके लिए व्यापारियों और खासतौर पर मुस्लिम व्यापारियों को निशाने पर लिया जा रहा है। कलाम ने व्यापारियों पर जीएसटी के नाम पर हर बाजार में हो रही छापेमारी पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता में उक्त आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिले में सभी छोटे बड़े बाजारों व कस्बों में छोटे से लेकर बड़े व्यापारी यहां तक कि रेहड़ी और पटरी पर दुकान लगाने वाले दुकानदार तक आतंकित है और जीएसटी टीम की दहशत से अपनी दुकानें बंद करके मारे मारे फिर रहे है। उन्होने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार व्यापारियों के बर्बाद करने पर तुली है और आमतौर पर तो सभी व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही है लेकिन मुस्लिम व्यापारियों को मुख्य रूप से टारगेट किया जा रहा है।

# सात साल बाद पूरा होने जा रहा सांसद का जिले को रिंग रोड देने का सपना

**बस्ती।** ...देखा जाए तो स्थानीय सांसद हरीष द्विवेदी का सात साल पहले देखा वह सपना पूरा होने जा रहा है, जो उन्होंने अपने जिले के लोगों को तोहफे के रुप में रिंग रोड देने का देखा था। यह न सिर्फ सांसद के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे जिले के लिए खुसी का दिन है। रिंग रोड़ बन जाने से जिले की पूरे देष और प्रदेष में एक अलग पहचान बनेगी। जिले का सर्वागीण विकास होगा। इन सबके आलावा 54 गांवों के हजारों लोगों को ऐसा मोहफा मिलेगा, जिसकी सायद उन लोगों ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। लोगों ने इस आस में जमीनों को बेचना बंद कर दिया, कि मुआवजे के रुप में उन्हें सक्रिल रेट से चार गुना अधिक कीमत मिलेगा। जिन लोगों जमीनों का बयाना लिया था, वह लोग भी अधिक कीमत मिलने के लालच में बैनामा करने से कतराने लगे है। मुआवजे के रुप में लगभग साढ़े छह सौ करोड़ बटेगा, और इसकी मंजूरी भी मिल चुकी है।

### यह 54 गांव होंगे लाभान्वित

सांसद हरीष द्विवेदी के करीबी एवं मीडिया प्रभारी नितेस सर्मा ने बताया कि जिन 54 गांवों की अधिसूचना जारी हुई है, उनमें बंजरिया, कटया, मंझरिया तप्पा गनेषपुर, मरवटिया तप्पा दुबखरा, कपरफोर, बेलाड़ी कुनाई, कोठवा भरतपुर, ककराई, धरमूपुर, लटवापार, अनुआ, पुरैना, भटहा, राजाजोत, मरवटिया, बकैनियाद्वीप, बरवनिया, खुटहन, ओठ घनपुरकला, नौगढ़, परसादपुर, बक्सर, राजाचक, भद्वेश्वर नाथ, निविया, देवरांवखास, बनकटा, बेलवाडाड़, दसकोलवा, समसपुर, बल्लीपटटी, डीघा, देवरिया, चोर भरिया, छितही नरसिंह, परसाडफाली, कोपिया, पोखरभिटवा, कोपवा, परसाटूड़ी, पिपरामेघउ, लटवापार, अण्डवन, मछिया, सेखुई, कटया, पचौरा तप्पा कडर, बायपोखर तप्पा कडर, मजखिरिया, हर्रैया जसी, रिठौली, सबदेईया खुर्द, सबदेईया कला एवं परसाजाफर का नाम शमिल है।

# किसान कल्याण केन्द्रों पर आयोजित होगा कृषि निवेश मेला: सीडीओ

**श्रावस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने बताया है कि कृषि सूचना तन्त्र योजनान्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय एक दिवसीय कृषि निवेश मेला जिले के सभी विकास खण्डों में आयोजित कर किसानों को आधुनिक बिधि से खेती करने की जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया है कि कृषि मेले का आयोजन विकास खण्ड इकौना, गिलौला, जमुनहा एवं सिरसिया में किया जाना प्रस्तावित है। इन मेंलो में कृषकों को कृषि निवेश के साथ साथ विभागीय योजनाओं की भी जानकारी दी जायेगी। उक्त आयोजन में कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ई.केवाईसी कराने के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जाये व उपस्थित कृषकों का ई.केवाईसी कराने में सहयोग किया जाये। इसके साथ जैविक खेती से की जानकारी किसानों को उपलब्ध करायी जाये व नवीनतम तकनीक से खेती करने हेतु किसानों को जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उक्त आयोजन हेतु नोडल पर्यवेक्षकीय अधिकारियों को विकास खण्ड वार नामित किया गया है।

कृषि निवेश मेला का आयोजन 14 दिसम्बर, 2022 को किसान कल्याण केन्द्र इकौना में पर्यवेक्षकीय अधिकारी उप निदेशक कृषि की उपस्थिति में 15 दिसम्बर को किसान कल्याण केन्द्र गिलौला में पर्यवेक्षकीय अधिकारी जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव की उपस्थिति में, 16 दिसम्बर को विकास खण्ड परिसर जमुनहा में पर्यवेक्षकीय अधिकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार की उपस्थिति में तथा 17 दिसम्बर को किसान कल्याण केन्द्र सिरसिया में पर्यवेक्षकीय अधिकारी भूमि संरक्षण अधिकारी शिशिर वर्मा की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। इसके लिए सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी कृषि को मेले का नोडल बनाया गया है जो सम्पूर्ण मेले को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करायेंगे।

# 12 दिसंबर से पहले 100 बेड महिला अस्पताल के हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी करें: जिलाधिकारी

**बस्ती।** ....आखिरकार 100 बेड महिला अस्पताल हर्रैया का काम पूरा हो गया है, और हैंडओवर करने का समय आ ही गया। डीएम प्रियंका निरंजन ने कार्यदायी संस्था तथा सीएमओ को निर्देशित किया है कि 12 दिसम्बर से पहले हैण्डओवर की कार्यवाही पूरी करें। इसके पहले सीएमओ स्वयं जाकर अस्पताल का निरीक्षण करें। कलेक्टेªट सभागार में आयोजित विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में डीएम ने सख्त निर्देश दिया है कि पंचायती राज विभाग द्वारा तैनात किए गये 24 जेई से कार्य लिया जाय। उन्होने यह भी कहा कि बाढ के दौरान क्षतिग्रस्त हुए सड़को, सरकारी भवनों से संबंधित विभाग इस्टीमेट तैयार करके एक सप्ताह में उपलब्ध कराये ताकि राज्य आपदा अभिकरण से धन की मांग की जा सके। अभियान के अन्तर्गत शुरू किए गये स्कूल बाउण्ड्री निर्माण 31 दिसम्बर तक पूरा करके 01 जनवरी को लोकार्पण कराया जाय। वर्तमान में 109 बाउण्ड्रीवाल पर कार्य चल रहा है। इसी प्रकार उन्होने 164 जूनियर हाईस्कूल के कायाकल्प का इस्टीमेट क्षेत्र पंचायत निधि से तैयार कराने का निर्देश दिया है। गड्ढामुक्ति के सत्यापन के लिए तैनात अधिकारी एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इंजीनियरिंग कालेज, अपूर्ण काशीराम आवास, पशुचिकित्सालयों का कायाकल्प, नवनिर्मित थानों के निर्माण कार्य तथा माझाकित्ता अव्वल सेतु निर्माण की प्रगति की समीक्षा किया और समय से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

पिछले माह डीएम के द्वारा दिये गये निर्देश पर 15 नये गोआश्रय स्थल शुरू किए गये है। वर्तमान में कुल 71 गोआश्रय स्थल संचालित है। 22 अन्य स्थलों पर कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सभी स्थलों पर कम से कम 50 पशु अवश्य रखें जाय। 05 बीडीओ ने बताया कि उनके यहॉ कैटिल कैचर खरीदने की कार्यवाही प्रारम्भ हो गयी है। समीक्षा में उन्होने पाया कि कुल 12500 लक्ष्य के सापेक्ष 6634 पशु गोशालाओं में संरक्षित किए गये है। डीएम ने प्रत्येक ब्लाक में 500-500 छुट्टा पशु आश्रय स्थलों में संरक्षित करने का निर्देश दिया है। उन्होने अवशेष 200 पशुओं को किसानों की सुपुर्दगी में देकर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ परसरामपुर ने बताया कि सुपुर्दगी में दिये गये पशुओं तथा गोसेवको का लगभग 09 लाख रूपया बकाया है। सीबीओ ने बताया कि हर्रैया में पर्याप्त धनराशि तहसील स्तर पर उपलब्ध है, जो तहसील स्तरीय समिति द्वारा बीडीओ के खाते में भेंजी जायेंगी। डीएम ने शासन की नयी व्यवस्था के क्रम में धनराशि सीधे बीडीओ के खाते में भेंजने का निर्देश दिया है। गोआश्रय स्थलों के नोडल अधिकारियों द्वारा की गयी जॉच रिपोर्ट प्रस्तुत ना किए जाने पर डीएम ने सीबीओ को चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया है।

# जीवन में पढ़ाई के साथ खेल का भी महत्वः राजीव दीक्षित

- महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित हुई वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि एएसपी उत्तरी डा. राजीव दीक्षित ने किया शुभारंभ, परेड के साथ छात्रों ने मुख्य अतिथि को दी सलामी

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** नैपालापुर स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल के प्रांगण में छात्र-छात्राओं ने अपने खेल का ऐसा जोहर दिखाया कि हर कोई स्तब्ध रह गया। विद्यालय की दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा. राजीव दीक्षित ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया। छात्र नमन मिश्रा व राघव मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत वेदमंत्रोचारण के साथ किया एवं प्रधानाचार्या शिक्षा दीक्षित व वरिष्ठ लेखाकार अवनीश श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिवादन किया। कक्षा 9 व 10 की छात्राओं ने मनमोहक अंदाज में स्वागत गीत प्रस्तुत किया और विद्यालय के चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने परेड के साथ मुख्य अतिथि को सलामी दी। पहले दिन शतरंज, बैडमिंटन, 50 मीटर, 100 मीटर व 200 मीटर कबड्डी, रस्सा कसी, क्रिकेट, नींबू रेस, मेंढक दौड़ सहित कई खेल प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए अतिथियों का मन मोह लिया। खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के सैकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के परिणाम 10 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। मुख्य अतिथि एएसपी उत्तरी डा. राजीव दीक्षित ने बच्चों से अपने जीवन के अनुभव साक्षा करते हुए कहा कि पढ़ाई और खेल के साथ वेद और उपनिषदों का भी ज्ञान प्राप्त करें भले ही आप इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ रहे हो। प्रधानाचार्या शिक्षा दीक्षित ने आई इंडिया को बताया कि जीवन में पढ़ाई के साथ खेलों का भी महत्व होता है, खेल के बिना जीवन अधूरा है।

# दिव्यांग शौचालय निर्माण के लिए आई धनराशि में गड़बड़ी की आशंका

- एक ही तारीख को अलग-अलग स्कूलों के लिए निकाली गई रकम अधूरे पड़े हैं शौचालय, ब्लाक रेउसा के प्राथमिक विद्यालय नंदपुर और थौरा में शौचालयों का होना है निर्माण

संवाददाता। सीतापुर

**कहने को** तो सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है, लेकिन अधिकारी और कर्मचारी हाथ की सफाई दिखाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा प्रकरण विकास खण्ड रेउसा की ग्राम सभा थौरा का है। जहां प्राथमिक विद्यालय नन्दपुर और प्राथमिक विद्यालय थौरा में दिव्यांग शौचालय बनाने के लिए शासन द्वारा निर्देश जारी हुए थे।

जिसकी लागत करीब 95 हजार रुपये तय की गयी है। लेकिन यहाँ तैनात पंचायत सेक्रेटरी सोनपाल ने 20 नवंबर 2022 को प्राथमिक विद्यालय नन्दपुर में दिव्यांग शौचालय के बनवाने के नाम पर एक लाख ग्यारह हजार चार सौ तेरह रुपये और इसी दिन यानी 20 नवंबर 2022 को प्राथमिक विद्यालय थौरा में दिव्यांग शौचालय निर्माण के नाम पर भी एक लाख ग्यारह हजार चार सौ तेरह रुपये निकाले गए हैं। जबकि अभी तक शौचालय अधूरे पड़े हैं।

प्राथमिक विद्यालय नन्दपुर में 138 छात्र और कम्पोजिट विद्यालय थौरा में 780 छात्र पंजीकृत हैं। शौचालयों में अभी तक न तो दरवाजे लगे हैं और न ही सुरक्षा हत्थे लगाए गए हैं।

# बैंक कर्मचारियों ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**सीतापुर।** जरूरतमंदों की मदद कर 40 यूनिट रक्तदान कर बैंक कर्मी महादानी बने। एचडीएफसी बैंक सीतापुर के कर्मचारियों ने शिविर लगाकर रक्तदान किया। यह वह बैंक है जिसे वर्ष 2019 में गिनीज बुक अवार्ड भी प्रदान किया जा चुका है। शिविर का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह व भाजपा की क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र नीरज वर्मा ने किया। एचडीएफसी बैंक के कलस्टर हेड मुकेश वर्मा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि एचडीएफसी बैंक प्रतिवर्ष दिसंबर के दूसरे शुक्रवार को पूरे भारत देश में रक्तदान शिविर का आयोजन करती है। शाखा प्रबंधक विकास चौधरी ने बताया कि एचडीएफसी बैंक सन 2007 से रक्तदान शिविर का आयोजन करती चली आ रही है। जिसके लिए इसे 2019 में गिनीज बुक अवार्ड भी मिला है। उप शाखा प्रबंधक सौरभ ने बताया कि यहां के बैंक कर्मचारियों द्वारा सामाजिक सेवा के कार्यों में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई जाती है।

## क्विक न्यूज

### पेड़ पर लटकी मिली किशोर की लाश, हत्या की आशंका

**बरेली।** कक्षा 5 में पढ़ने वाले एक किशोर की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर नदी किनारे लगे एक पेड़ पर लटकी पाई गई मृतक के घर वालों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। बारादरी थाना क्षेत्र के गांव डोहरा में किराए के मकान में रहने वाले रमेश के पोते 12 वर्षीय दीपांशु पुत्र राजू की लाश आज सुबह डोहरा नदी के किनारे लगे शहतूत के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटकी पाई गई मृतक की एक चप्पल भी गायब थी पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के दादा रमेश ने बताया कि दीपांशु का पिता राजू बोलने में असमर्थ है और दीपांशु अपने दादा रमेश और दादी तारावती के पास रहकर पास में ही स्थित एक स्कूल में कक्षा 5 में पढ़ता था कल शाम को लगभग 5 से घर से गायब था कुछ देर इंतजार करने के बाद उसे तलाशने की कोशिश शुरू की गई दादा रमेश और स्थानीय लोग उसे रात भर इधर-उधर तलाशते रहे लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला सुबह होते ही उसे तलाशने की कोशिश फिर शुरू की गई इसी दौरान तलाश रहे लोगों को पता चला कि दीपांशु की लाश डोहरा नदी के किनारे शहतूत के पेड़ पर लटकी हुई है तब दादा और अन्य लोग मौके पर पहुंचे जहां उन्हें दीपांशु की लाश पेड़ पर पर लटकी मिली घटना की जानकारी दादा रमेश ने दीपांशु के पिता भोजीपुरा के गांव खाई खेड़ा में पैतृक गांव में रहने वाले राजू और मां पूजा को देकर घटना की जानकारी पुलिस को दे दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के दादा ने हत्या की आशंका जताते हुए किसी भी रंजिश से इनकार किया मृतक चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था।

### ग्राम चौकीदार की सड़क दुर्घटना में मौत, एक घायल

**बरेली।** रात के समय मोटरसाइकिल से अपने एक दोस्त के साथ थाने से घर लौट रहे ग्राम चौकीदार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई दोस्त को मामूली चोट आई दुर्घटना के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी।आंवला थाना क्षेत्र के गांव कटसारी निवासी 32 वर्षीय नन्हे पुत्र रमेश की बीती रात लगभग 11 बजे आंवला स्थित बीहट ईट भट्टे के सामने ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मौत हो गई जबकि गांव का ही रहने वाला उसका दोस्त दिव्यांग पुष्पेंद्र घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया कि नन्हे ग्राम चौकीदार था और कल शाम को मोटरसाइकिल से अपने दोस्त के साथ थाने गया था जहां से रात में 11 घर वापस लौटते समय बीहट ईट भट्टे के सामने तेजी से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी जिससे बाइक चला रहा नन्हे गंभीर रूप से घायल हो गया और पुष्पेंद्र को चोटे आई स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची नन्हे की मौत हो चुकी थी पुलिस ने घायल पुष्पेंद्र को स्वास्थ्य केंद्र भेज कर मृतक के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर टक्कर मारने वाली ट्रैक्टर ट्राली की तलाश शुरू कर दी मृतक 3 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम लक्ष्मी देवी है।

### व्यापारियों का फूटा गुस्सा, काली पट्टी बांध किया विरोध प्रदर्शन

**सीतापुर।** जीएसटी टीम के विरोध में व्यापारियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सीतापुर जिला मुख्यालय पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद महोली और फिर हरगांव में भी व्यापारियों ने एकजुट हो काली पट्टी बांध नारे बाजी की। जीएसटी अधिकारियों की कार्यशैली के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने एक स्वर से कहा कि वह लोग टैक्स देते है फिर भी उन्हें परेशान किया जा रहा है। हरगांव में व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश सेठ के नेतृत्व मे सैकड़ों व्यापारी मुख्य चौराहे पर सड़क के मध्य एकत्र होकर जी एस टी टीम के विरुद्ध नारे लगाए। राकेश सेठ ने कहा कि व्यापार मंडल दुकानदारो का शोषण-दमन बर्दाश्त नही करेगा। हम लोग टैक्स देते है तब भी व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। दुकानदारो का सर्वे बन्द कराया जाए। जी एस टी के अधिकारीगण मित्रभाव रूप मे दुकानदारो से सहयोग करे। जिससे दुकानदार भय, डर मे न रहे। अगर प्रदेश सरकार व जी एस टी विभाग छापेमारी कर कार्रवाई करेगी तो विवश होकर दुकानदार दुकाने बन्द कर देगे। शान्तिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर विरोध करेगे। इस अवसर पर पकज खन्ना, शम्भूसेठ, अजीत गुप्ता, विक्की सेठ, बलकार सिंह, रमेश सिंह, मदन श्रीवास्तव, अरविंद कटियार, रितेश तिवारी, सर्वेश कुमार ,खुशवीर सिंह, रामजी मिश्रा, मुकेश मिश्रा, प्रतीक मिश्रा, नामे सिंह, आदि मौजूद रहे।

# महिला की संदिग्ध मौत पुत्रवधू और जेठ पर लगा हत्या का आरोप

**बरेली।** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में घर में ही मौत हो गई मृतका के बेटे ने अपनी पत्नी और ताऊ पर मां की हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।हाफिज गंज थाने के गांव गोढकिया निवासी 47 वर्षीय वेदवती पत्नी स्वर्गीय हरपाल घर में ही मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के बेटे मुकेश ने अपनी पत्नी नीलम और ताऊ हर प्रसाद पुत्र बुद्धसेन पर मां वेदवती की हत्या का आरोप लगाया और बताया कि उसके पिता हरपाल की 4 साल पूर्व मौत के बाद ताऊ हरप्रसाद वेदवती को पत्नी के तौर पर अपने घर में रखता था और जमीन अपने नाम कराने की कोशिश करता था वेदवती के इनकार करने पर हरप्रसाद उसके साथ मारपीट करता था मुकेश ने बताया कि उसका विवाह 1 मई को नीलम से हुआ था उसके घर में आने के बाद हर प्रसाद ने नीलम से भी अवैध संबंध स्थापित कर लिए और दोनों मिलकर वेदवती पर जमीन अपने नाम करने का दबाव डालते थे इंकार करने पर हरप्रसाद और नीलम उसके साथ मारपीट करते हैं इसी के चलते लगभग 7 महीने पहले उन्होंने वेदवती के साथ जमकर मारपीट की उसके मुंह और कान से खून आने लगा लेकिन उसे अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश नहीं की गई मुकेश को भी अस्पताल में भर्ती कराने से रोक दिया बीती रात वेदवती की मौत हो गई तब बेटे मुकेश ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और अपनी मां की मौत के लिए ताऊ हरप्रसाद व पत्नी नीलम को जिम्मेदार बताया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।

# अंबेडकर पार्क से निकलेगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

संवाददाता। बरेली



**शाहमत गंज** चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दिक्षित, उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस पश्चिम के प्रदेश अध्यक्ष ओमवीर यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव शहर बरेली प्रभारी अजय सारस्वत सोनी ने आज दिनांक 10 दिसंबर को निकलने वाली भारत जोड़ो यात्रा जिसका नेतृत्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश करेंगे विस्तृत जानकारी दी। उसके बाद उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उनके उज्जवल भविष्य, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करी ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित ने बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में पिछले कई महीनों से चल रही भारत जोड़ो यात्रा में जिस तरह से लोग शामिल हो रहे हैं और वह लोगों के मन की बात को सुन रहे हैं सब से मिल रहे हैं युवाओं से, महिलाओं से, बच्चों से ,व्यापारियों से ,बुजुर्गों से सब से मिलकर वह बात कर रहे हैं उनकी बातों को सुन रहे हैं समझ रहे हैं उससे जो वातावरण तैयार हो रहा है इसका असर हिमाचल के चुनावों में दिखाई दिया जहां कांग्रेस पार्टी ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई उन्होंने बताया पूरे उत्तर प्रदेश में राखी अध्यक्षों के नेतृत्व में चल रही भारत दोनों यात्रा से आगामी नगर निकाय चुनावों में एक अच्छा माहौल तैयार होगा और कांग्रेस पार्टी बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी ।कार्यक्रम के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश दीक्षित, उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस पश्चिम के प्रदेश अध्यक्ष ओमवीर यादव, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव कुमुद गंगवार, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव बरेली शहर प्रभारी अजय सारस्वत सोनी की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी को बरेली महापौर पद के लिए अपना आवेदन दिया ।उपस्थित कांग्रेस जनों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉक्टर केबी त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, एन एस यू आई के नेशनल डेलीगेट पारस, जिला महासचिव जिया उर रहमान, दिनेश दद्दा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# कक्षा आठ के युवराज पाण्डेय ने लिखी किताब

- यूडी स्कूल में करता है पढाई
- सभी बच्चों के लिए युवराज बन गए प्रेरणा

**मोहम्मदी-खीरी।** मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। इन पंक्तियों को सार्थक किया है एक छोटे से गांव असौआ का रहने वाले तथा नगर के उमा देवी चिल्ड्रेन्स एकेडमी के कक्षा 8 के बच्चे युवराज पाण्डेय ने। 13 वर्ष की उम्र में युवराज ने 'दिस इस सक्सेस' नाम की एक किताब लिख डाली और वह पर्चेसिंग साइट्स पर उपलब्ध है। एक छोटे से गांव असौवा से आने वाले एक आम किसान के 13 साल के बच्चे ने दिखा दिया कि कला व् क्षमता किसी देश काल की गुलाम नहीं है और प्रतिभाएं कहीं भी जन्म ले सकती हैं।



कक्षा 8 के युवराज ने बताया कि उनको यह विचार एक टीवी एड को देखकर आया जहां कुछ शैतान बच्चे एक किताब के माध्यम से बदल गए। युवराज ने प्रण कर लिया कि वह भी एक ऐसी पुस्तक लिखेंगे जिससे वह लोगों के जीवन में परिवर्तन ला सकें। बच्चे ने एक किताब विद्यालय के प्रधानाचार्य को भेंट की।

# श्रद्धांजलि सभा के बाद शिक्षकों ने निकाला कैंडल मार्च




**लखीमपुर-खीरी।** अटेवा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच लखीमपुर के तत्वावधान में डॉ राम आशीष सिंह की छठी पुण्यतिथि पर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया एवं शहर के मुख्य मार्गों पर कैंडल मार्च निकाला गया। 7 दिसंबर 2016 को अटेवा के लखनऊ में पेंशन आंदोलन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज में रामाशीष सिंह की मृत्यु हो गई थी, तब से प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर पेंशन बहाली तक संघर्ष करने का सभी संकल्प लेते हैं।श्रद्धांजलि सभा एवं कैंडल मार्च का नेतृत्व प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा ने किया एवं संचालन मीडिया प्रभारी डॉ कमल किशोर मौर्य ने किया। श्रद्धांजलि सभा में अटेवा जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए रामाशीष सिंह का बलिदान बेकार नहीं जाने दिया जाएगा। अटेवा के संघर्षों से आंदोलन देशभर में चल रहा है और इसी के बल पर राजस्थान छत्तीसगढ़ झारखंड और पंजाब में पेंशन बहाल हो गई है। पेंशन मुद्दा देश का प्रमुख राजनैतिक मुद्दा बन चुका है और प्रत्येक राज्य में इसकी मांग उठ रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में पेंशन बहाल होने तक आंदोलन चलता रहेगा। प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा ने कहा एनपीएस और निजी करण देश के लिए और शिक्षक कर्मचारियों के लिए घातक है अटेवा एनपीएस व निजीकरण के विरोध में लगातार आंदोलनरत है।

उन्होंने कहा कि जब सांसद और विधायकों को 4-4 पेंशन मिल सकती है तो शिक्षक कर्मचारियों को एक पेंशन क्यों नहीं मिल सकती? अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार से अपनी मांग मनवाकर ही दम लेगा उन्होंने सभी से संकल्प लेकर अटेवा का साथ देने का आह्वान किया।

# वाणिज्य कर की टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप, कई दुकानों के शटर बंद



**मोहम्मदी-खीरी।** वाणिज्य कर कमीशन व डिप्टी कमिश्नर के मोहम्मदी आने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के शटर बंद कर दिये। ललित कुमार उपाध्याय वाणिज्य कमिश्नर ने बताया कि उच्चाधिकारियों द्वारा उन फर्मों की लिस्ट (आईएनएस) हम लोगों के पास आती है। जिनका टैक्स पहले ज्यादा जमा होता था, लेकिन पिछले एक दो वर्षों से कम टैक्स जाने का कारण जानने के लिए एक लिस्ट हम लोगों के पास आती है। किन कारणों से टैक्स कम जा रहा है। व्यापारियों से संपर्क कर उनकी समस्या का समाधान करने के लिए वाणिज्य कर की टीम व्यापारियों से संपर्क करती है। वाणिज्य कर कमिश्नर ने बताया कि आज उनके पास एक लिस्ट आई थी। जिसमें अजहर एजेंसी का पूर्व में टैक्स काफी ज्यादा जाता था और कम टैक्स जाने के कारण जानने के लिए कि वह आज अजहर एजेंसी के प्रोप्राइटर अब्दुल सलाम के पास एक जांच करने आए थे। जिसमें इन्हीं कारणों को जाना कि आखिर अब टैक्स कम क्यों जा रहा है। इस मौके पर लखीमपुर वाणिज्य कर ऑफिस से आए डिप्टी कमिश्नर सीएस वर्मा व ललित कुमार उपाध्याय कमिश्नर के साथ-साथ उनकी टीम मौजूद रही। इस मौके पर व्यापार मंडल मोहम्मदी के अध्यक्ष रूपेश गुप्ता व नगर के अन्य व्यापारीगण मौजूद रहे।

# आयुक्त ने धान क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

- खरीद व भुगतान के प्रगति की ली जानकारी
- पीसीयू जिला प्रबंधक पर जताई नाराजगी
- जारी की चेतावनी



**लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब करीब 01.10 बजे अचानक कृषि उत्पादन मंडी समिति पहुंची, जहां उन्होंने स्थापित धान क्रय केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर जमीनी हकीकत जानी। इस दौरान उनके साथ प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह, एसपी संजीव सुमन, एडीएम संजय सिंह, डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार, एआरसीएस प्रमोद शुक्ला मौजूद रहे।

आयुक्त ने मंडी में संचालित पीसीयू, पीसीएफ, आरएफसी सहित विभिन्न एजेंसी के क्रय केंद्र देखें। पीसीयू क्रय केंद्र पर अपना धान बेचने अमनिया गांव के किसान मुन्ना लाल से बातचीत की। पूछने पर बताया कि वह काश्तकार है, 35 कुंतल बेचने आया है। उन्होंने किसान के प्रपत्र देखे। अबतक धान बेचने आए किसानों के पेमेंट की प्रगति जानी।इस दौरान उन्होंने ई-पाप मशीन की क्रियाशीलता देखी। क्रयकेंद्र प्रभारी ने बताया कि 100 किसानों से 8253 कुंटल धान खरीदा। वही पीसीयू का एक अन्य क्रय केंद्र देखा, जहां अबतक 110 से 9157 कुंटल की खरीद हुई। मौजूद किसान नीरज सिंह से संवाद करते हुए जाना कि वह क्रय केंद्र पर कौन सा प्रपत्र दिखाने होते हैं। आरएफएस-6 एवं चतुर्थ देखा। प्रभारी आईडी प्रसाद ने पूछने पर बताया कि अबतक 213 किसानों से 14891 कुंटल की खरीद की। 03 दिन पूर्व खरीदे धान का भुगतान हो चुका है। पीसीएफ क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान मौजूद किसान रमाकांत से संवाद किया। प्रभारी ज्ञान सिंह यादव से सेंटर पर 138 किसानों द्वारा बेचे गए 10118 कुंटल के सापेक्ष भुगतान की प्रगति जानी।

इसके बाद आयुक्त ने तहसील सदर व ब्लॉक फूलबेहड़ में बसहा किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड, एसएस बसहा, एसएसएस बसहा चमेली का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। आयुक्त ने क्रय केंद्रों पर मौजूद किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और क्रय केंद्र पर मिलने वाली सहूलियतों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने किसानों का डाटा फीडिंग भी देखा और धान सत्यापन से लेकर किसानों के धान तौलाई में लगने वाले समय की जानकारी हासिल की है।

आयुक्त ने बसहा समिति पर धान बेचने आए किसान हरिवंश वर्मा से संवाद किया। हरिवंश ने बताया कि वह 10 बोरा धान लेकर आया है, उसकी तोल मौके पर होती मिली। मौजूद किसानों ने भुगतान को लेकर संतुष्टि व्यक्त की। एसएस बसहा केंद्र प्रभारी रामनिवास ने आयुक्त के पूछने पर बताया कि 71 किसानों से अबतक 7505 कुंतल खरीद की। निरीक्षण के दौरान समिति का भवन जर्जर होने पर आयुक्त ने निर्देश दिए कि इसका नियमानुसार ध्वस्तीकरण कराया जाए। वही सेंटर पर तौल ना होता देख निर्देश दिए कि सेंटर को नाम मात्र के लिए ना खोला जाए बल्कि पात्र किसानों से शासन की मंशा के अनुरूप खरीद सुनिश्चित कराई जाए। आयुक्त ने एसएसएस बसहा चमेली भी देखा, जहां जनपद के किसी भी क्रय केंद्र पर लक्ष्य पूरा होने के संबंध में सवाल किया, जिस पर डिप्टी आरएमओ ने बताया कि अबतक जिले की किसी क्रय केंद्र ने खरीद के लक्ष्य को पूरा नहीं हुआ। निरीक्षण में क्रय केंद्र एफएसएस बसहा चमेली पर अद्यतन अभिलेख उपलब्ध ना होने, अक्रियाशिलता एवं केंद्र प्रभारी द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर गहरी नाराजगी जताई एवं संबंधित क्रय एजेंसी के जिला प्रबंधक पंकज कुमार सिंह को चेतावनी जारी की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रशासन सभी क्रय केंद्रों पर सतत अनुसरण एवं पर्यवेक्षण करते हुए पात्र किसानों से खरीद सुनिश्चित कराते हुए नियमानुसार शासन द्वारा तय लक्ष्य प्राप्त करें।

# हर 15 तारीख को मनाया जाएगा निश्चय दिवस



**लखीमपुर खीरी।** प्रत्येक माह की 15 तारीख को सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर निश्चय दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एक समीक्षा बैठक की। जिसमें सीएचसी और पीएचसी पर तैनात मेडिकल ऑफिसर और एमओटीसी सहित सीएचओ और एनटीईपी स्टाफ शामिल हुआ।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक माह की 15 तारीख को निश्चय दिवस मनाने का आदेश दिया गया है। इसकी तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उनके द्वारा समीक्षा बैठक की गई है। पत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा टीबी को 2025 तक देश से समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी विश्व में टीबी रोगियों की संख्या का 20 प्रतिशत रोगी भारत में ही हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री जी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाकर रोगियों को पहचानने और उन्हें दवा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में निश्चय दिवस प्रत्येक माह की 15 तारीख को मनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसकी समीक्षा उच्चाधिकारियों द्वारा की जाएगी। इसके लिए प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधियां की जाएंगी। जिसमें आशा गांव में भ्रमण कर लोगों को जानकारी देगी। वही सभी आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर इसे व्यापक रूप से मनाया जाएगा। इसी के साथ जनपद स्तरीय चिकित्सालयों सहित सीएचसी और पीएचसी पर भी इस दिवस को मनाया जाएगा। इस दौरान टीबी के मरीजों की छुट्टी हुई जांचें, जैसे डायबिटीज, एड्स, ब्लड प्रेशर आदि की जांच कराकर पोर्टल पर फीट की जाएगी। इसी के साथ टीबी के मरीजों के खातों को भी पोर्टल पर फीड किया जाएगा। ऐसे रोगियों का इलाज भी किया जाएगा, जिन्हें चिन्हित तो कर लिया गया है, परंतु किन्ही कारणों से उनकी दवा अभी नहीं शुरू हो पाई है। वहीं यूडीएसटी के माध्यम से टीबी के गंभीर मिल मरीजों की जांच और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत क्षय रोगियों का चिन्हीकरण कर उनकी जांच करा कर उन्हें दवाएं वितरित की जाएंगी और उन पर निगरानी भी रखी जाएगी। इसी के साथ निश्चय दिवस की समस्त गतिविधियां पोर्टल पर भी अपलोड की जाएंगी। जिसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में अगले दिन इसकी समीक्षा की जाएगी। जिसकी रिपोर्ट जिला अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी। इस दिवस को व्यापक रूप से और दिए गए निर्देशों के क्रम में मनाने को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए यह मीटिंग की गई है।

# सड़क हादसे में लोडर सवार तीन भाइयों की दर्दनाक मौत

● कानपुर-सागर हाइवे पर पतारा के धरमपुर बम्बा के पास हुआ हादसा

● शटरिंग लगाने के बाद देर रात कानपुर से लौट रहे थे, घर में मचा कोहराम

संवाददाता। घाटमपुर





**गुरुवार देर** रात कानपुर–सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित धरमपुर बम्बा के पास ( रिंन्द नदी पुल ) बिपरीत दिशा से आ रहे ट्रक व लोडर में टक्कर हो गयी, हादसे में तीन भाइयों की मौत हो गयी, तीन भाइयों की मौत से घर में कोहराम मच गया। पतारा क्षेत्र के गांव हिरनी निवासी नरेंन्द्र ( 36 ) शटरिंग का काम करते हैं गुरुवार को वो अपने छोटे भाई सुनील ( 22 ) तथा चचेरे भाई सुरेश ( 30 ) के साथ लोडर से कानपुर के बर्रा इलाके में शटरिंग लगाने गया था, देर रात तीनों भाई लोडर से वापस गांव लौट रहे थे और जैसे ही धरमपुर बम्बा के पास पंहुचे ही कि तभी घाटमपुर की ओर से आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हो गयी, टक्कर होने के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक घर के चबूतरे में जा घुसा पर कोई नुकसान नही हुआ, हादसे में लोडर की केबिन के परखचे उड़ गये, तथा आगे बैठे तीनों भाई बुरी तरह से केबिन में फंस गये जिन्हे ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने निकाला, हादसे में सतीश की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि नरेंन्द्र व सुनील गंम्भीर रुप से घायल हो गये। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पंहुची और दोनों घायलों को इलाज के लिये पतारा सीएचसी भेजवाया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने दोनों को हैलट कानपुर रिफर कर दिया, पतारा चौकी पुलिस के मुताविक हैलट में उपचार दौरान सुनील व नरेंन्द्र ने भी दम तोड़ दिया है, उधर हादसे में तीन भाइयों की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया तथा महिलाओं और बच्चों के रोने–बिलखने से गांव में मातम छा गया। डीएसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि ट्रक व लोडर की टक्कर में तीन लोग घायल हुए थे जिन्हे इलाज के लिये पतारा सीएचसी में भर्ती कराया गया था जहाँ एक घायल की मौत हो गयी थी जबकि दो की हैलट में इलाज दौरान मौत हो गयी है, मुतकों के शवों का पंचनामा के बाद पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है।

## अलाव ताप रहे मां-बेटे बुरी तरह झुलसे, हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** घटना कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव दोषपुर मजरा कुआं खेड़ा वजीर आलम की है । यहां आज मां और बेटे झुलस कर मरणासन्न हालत में पहुंच गए। दोनों को उपचार के लिए कायमगंज नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से बेटे को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव दोषपुर निवासी रामसेवक की 35 वर्षीय पत्नी आरती इनका 8 वर्ष का बेटा रवेंद्र आज प्रात: अपने घर के बाहर लकड़ी जलाकर अलाव ताप रहे थे ।आग को और अधिक तेज जलाने के लिए मां ने जलती हुई आग के ऊपर डीजल डाल दिया । जैसे ही डीजल आग पर गिरा। वैसे ही आग की लपटें तेजी से उठने लगी। अचानक उठी आग की लपटों की चपेट में आकर मां बेटे दोनों बुरी तरह झुलस गए । चीख पुकार सुनकर लोगों ने कंबल आदि डालकर बचाया लेकिन जब तक वह दोनो काफी झुलस चुके थे।

# सड़क सुरक्षा–जीवन रक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

संवाददाता। राजापुर( चित्रकूट)



**सड़क** सुरक्षा जागरूकता महाभियान के दूसरे दिन तुलसी इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर शपथ दिलाकर जागरूक किया गया। तुलसी इण्टर कॉलेज के विशाल सभागार में सड़क सुरक्षा जागरूकता महाभियान की संगोष्ठी की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य सूर्यभान सिंह ने किया। जिसमें थाना राजापुर की पुलिस मौजूद रही। इसी क्रम में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में भी श्रीमती शशि मिश्रा की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया तथा छात्राओं को शपथ दिलाई गई। जागरूकता महाभियान की संगोष्ठी कर रहे प्रधानाचार्य सूर्यभान सिंह ने कहा कि जीवन रक्षा के लिए दो पहिया, चार पहिया गाड़ियों को चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट लगाना अत्यंत आवश्यक है। थोड़ी सी लापरवाही किसी भी समय जानलेवा बन सकती है। सड़क हादसे में घायल हुए व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाना एक नैतिक कर्तव्य है। छात्रों को 18वर्ष की उम्र के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर वाहन चलाना चाहिए।कहा कि सभी लोगों को अपने आस–पड़ोस गाँव में सड़क सुरक्षा जागरूकता के अन्तर्गत शराब पीकर वाहन न चलाने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। शराब पीकर वाहन चलाने में अक्सर दुर्घटनाएं घटती रहती हैं जो जानलेवा बन जाती हैं और परिवार बिखर जाता है। इसी क्रम में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की संगोष्ठी में डॉ0 गौरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा में छात्राओं का एक विशेष योगदान होना चाहिए। अपने अभिभावकों व स्वयं बिना लाइसेंस के ड्राइविंग करना एक दण्डनीय अपराध है।कहा कि हाल ही में मोटर अधिनियम में कुछ परिवर्तन किए गए हैं। जिसमें सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त पड़े व्यक्ति को यदि आप थाने या अस्पताल ले जाते हैं।

## क्विक न्यूज

### बदमाशों ने डन्डे से पिटाई कर पल्लेदार को लूटा

**घाटमपुर।** गुरुवार देर शांम नौरंगा शराब ठेका के निकट अंगौछा से मुह बांधे बदमाशों ने एक साइकिल सवार की डन्डे से पिटाई कर 10 हजार रुपये नगद व मोबाइल फोन छीन कर भाग गये। कस्बा नौरंगा निवासी हरीशकर पुत्र छिद्दू नौरंगा बाजार में पल्लेदारी करता है, आज शांम बाजार खत्म होने के बाद वो साइकिल से घर लौट रहा था कि जैसे ही वो शराब ठेका के पास पंहुचा कि तभी बदमाश जिनकी संख्या दो बतायी जाती है पीछे साइकिल पकड कर उसे गिरा दिया तथा डन्डे से पिटाई करने के बाद जेब में रखे 10 रुपये व मोबाइल फोन छीन कर भाग गये। सूचना पाकर नरौना थाना साढ़ निवासी दामाद आकाश उसे लेकर कोतवाली पंहुचा और घटना की जानकारी दी, कोतवाली पुलिस हरीशंकर को वास्ते इलाज व मेडिकल परीक्षण हेतू सीएचसी भेजा जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उर्सला रिफर कर दिया है।

### हिमाचल की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाई खुशियां

**फतेहपुर।** हिमांचल प्रदेश में कांग्रेस की बड़ी जीत पर जनपद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशियां मनाई। एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर हिमांचल प्रदेश की जीत पर बधाई दी। शहर अध्यक्ष मोहसिन खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जमकर खुशियां मनाई। शहर अध्यक्ष मोहसिन खान ने कहा कि हिमांचल प्रदेश की जनता ने छल और नफरत की राजनीतिक विचार धारा वाली पार्टी को दरकिनार करते हुए सर्वधर्म सद्भाव और देश को एकता की सूत्र में पिरोने व गांधीवादी विचारधारा रखने वाले पार्टी को चुना है। इस मौके पर राजन तिवारी, परवेज़, यावर, मो लईक, अजीत कुमार, रोहित अवस्थी, मो नौशाद, सूफियान आदि रहे।

### शहर की सीमाओं में सर्विस लेन बनवाये जाने की मांग

**फतेहपुर।** शहर मुख्यालय को जोड़ने के लिए सर्विस लेन बनवाये जाने की मांग को लेकर आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग की अगुवाई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और डीएम को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर बताया कि एनएचआई द्वारा जो ओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है जिसमें शहर के मुख्यालय को जोड़ने हेतु सर्विस लेन का निर्माण नहीं किया जा रहा है। जिससे कानपुर से आने वाले लोग शहर के अंदर प्रवेश के लिए सर्विस लेन व संकेतिक निशान न होने के कारण आगे निकल जाते हैं और फिर उसको शहर में प्रवेश के लिए पुनः वापस आना पड़ता है। इन्हीं कारणों से आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों को समय से अपने गन्तव्य जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मांग किया कि नऊवाबाग से शहर मुख्यालय आने के लिए सर्विस लेन का निर्माण कराया जाये, लखनऊ बाईपास में दोनों तरफसर्विस लेन बनवाई जाये, लोधीगंज बाईपास में भी सर्विस लेन का निर्माण कराया जाये।

### छात्र-छात्राओं को दिलाई यातायात नियमों की शपथ

**फतेहपुर।** पनी मुहल्ला स्थित लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज में यातायात जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर शपथ दिलाई गई। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरन ने कहा कि यातायात नियमों का पालन न करने के कारण ही मार्ग दुर्घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय बेहद सावधानी बरतें, बाइक में हेलमेट व कार में सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें, मार्ग के दोनों ओर बने सांकेतकों को देखकर वाहन का संचालन करें, शराब पीकर वाहन न चलायें, वैध लाइसेंस रखें, वाहन के सभी कागजात पूर्ण रखें, तेज गति से वाहन को न दौड़ायें, चौराहे पर जेब्रा क्रासिंग को पार न करें।

### खेत में फसल की सिंचाई कर रहे किसान की ठंड लगने से मौत

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र के टीकुर गांव में खेत की सिंचाई कर रहे वृद्ध की ठंड लगने से मौत हो गयी। गांव के लोकेंद्र ने बताया कि उसके पिता उदय भान(55) गुरुवार की रात नौ बजे उसके पिता घर से खाना खाकर खेत में गेहूं की फसल की सिंचाई करने के लिए गए थे। बताया कि रात में सिंचाई करते समय उसके पिता को ठंड लग गई। खेत में सुबह जब अन्य किसानों ने उसके पिता को मृत देखा तो परिजनों को सूचना दी। पति की मौत पर पत्नी केसरानी का रोरोकर बुरा हाल है।

### छेड़खानी का विरोध किया तो महिला के ऊपर खौलता पानी डाल दिया

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर में एक शादी समारोह के दौरान एक दिव्यांग मजदूर महिला द्वारा छेड़खानी का विरोध करने पर दबंग ने खौलता हुआ तेल उसके ऊपर डाल दिया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया।पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। दिव्यांग महिला मजदूर ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात वह नगर के गेस्ट हाउस में पूड़ी बेलने का काम कर रही थी तभी नगर का एक दबंग शराब के नशे में वहां आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। दिव्यांग महिला ने जब उसका विरोध किया तो आक्रोशित दबंग में पास में ही रखी कढ़ाई में रखा गर्म तेल महिला के ऊपर डाल दिया जिससे महिला झुलस गई, उसके बाद दबंग महिला को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे मौके से चला गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### व्यापारियों ने जीएसटी टीम का नारेबाजी कर किया घेराव,टीम के जाने के बाद भी बंद रहा पूरा बाजार

**हमीरपुर।** जीएसटी टीम के तीन दिन तक ताबड़तोड़ छापेमारी से आहत आज व्यापारियों ने जीएसटी कार्यालय का घेराव किया और नारेबाजी की। व्यापारियों का आरोप है कि उनका बेबजह उत्पीडन किया जा रहा है वही जीएसटी टीम के जाने के बाद भी आज दिन भर बाजार बंद रहा। जानकारी के मुताबिक नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता ने एडीएम रमेश चंद्र को बताया कि जीएसटी टीम के अलावा उनके साथ चल रहे कर्मचारी जांच के नाम पर तीन दिन से उत्पीडन कर अवैध वसूली कर रहे है जिससे व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। पूरे जिले में छापामारी के चलते तीन दिनों तक अधिकांश दुकाने बंद रही जिससे व्यापार प्रभावित रहा। आज जीएसटी टीम चली जाने के बाद भी हमीरपुर सदर बाजार के अलावा तहसील क्षेत्र के बाजार बंद रहे, व्यापारियों ने एडीएम को बताया कि यदि व्यापारियों को उत्पीडन जीएसटी वसूली के नाम पर बंद नही हुआ तो आन्दोलन किया जायेगा इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से फैक्ट्री कर्मी की मौत

**सुमेरपुर।** कस्वे के जेके सीमेंट फैक्ट्री के पास किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से फैक्ट्री से ड्यूटी करके बाइक द्वारा घर जा रहा एक फैक्ट्री कर्मी गम्भीर रुप से घायल हो गया, उपचार के लिए कानपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक बीती एक बाइक सवार फैक्ट्री में ड्यूटी करने के बाद जेके सीमेंट के सामने से होकर मौदहा की ओर जा रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन टक्कर मार कर निकल गया, जानकारी होने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था, वहां से कानपुर जाते समय उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

## सड़क सुरक्षा के बताए उपाय, दिलाई शपथ



**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आज की भागदौड़ से व्यस्त जिंदगी में खुद को बचाने के लिए तथा दूसरों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए जरूरी है कि हर वाहन चालक को सड़क सुरक्षा के उपाय तथा नियम ज्ञात होना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर निरंतर सामाजिक संस्थाओं एवं शासन व प्रशासन की ओर से भी समय.समय पर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाती है । आज विकासखंड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में सड़क सुरक्षा के उपाय तथा नियम बताते हुए छात्रों तथा अभिभावकों एवं कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को शपथ ग्रहण कराई गई। बताया गया कि आए दिन होने वाली भीषण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात सुरक्षा के प्रति हर वाहन चालक को जागरूक होना चाहिए। विद्यालय के सहायक अध्यापक योगेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी को बताया कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं ,चौपाहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करना न भूलें । जैसे नियमों का पालन करने से बहुत सी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एक दूजे के हुए 482 जोड़े

संवाददाता। कानपुर देहात

**मा0 विधायक** सदर, मा0 राज्यमंत्री बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग प्रतिभा शुक्ला द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में ईको पार्क माती प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अकबरपुरए सरवनखेड़ा व मैथा के कुल 114 जोड़ों के विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित जोड़ों एवं उनके परिजनों उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार गरीब परिवारों के उत्थान हेतु कार्यरत है। उन्होंने कहा कि यह गरीबों की सरकार हैए गरीबों को बढ़ावा देने हेतु उनके परिवारों में जन्मी बेटी की शिक्षा के साथ ही उनके विवाह हेतु यह योजना संचालित हैए जिसके अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को नव विवाहित दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु कन्या के खाते में 35 हजार रूपये की धनराशि का अनुदान सीधे वधु के खाते में दी जाती है एवं विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री यथा. कपड़ेए बिछियाए पायलए बर्तन आदि हेतु 10 हजार रूपये की धनराशि से क्रय करते हुए प्रदान किये जाते है तथा प्रत्येक जोड़े के विवाह आयोजन पर 06 हजार की धनराशि व्यय किये जाने की व्यवस्था है। इस प्रकार इस योजना के अन्तर्गत एक जोड़े के विवाह पर कुल 51 हजार रूपये की धनराशि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन हेतु आशीर्वाद दिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी जोड़ों को सोने व चांदी के आभूषण भी बधाइयों के साथ दिए एवं इसी के साथ उन्होनें सहजन व तुलसी का भी पौधा दिया गया जिससे नवविवाहित जोड़े पर्यावरण में अपना सहयोग देते हुए अपने नए जीवन का प्रारंभ कर सकें।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना राज्य सरकार द्वारा समाज में सर्वधर्म.सम्भाव तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए संचालित हैए इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न समुदाय एवं धर्मों के रीति.रिवाज के अनुसार वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराया जाता है। इसी क्रम में जनपद मुख्यालय सहित विकास खण्ड डेरापुर में देवीसहाय इण्टर कालेज डेरापुर में 70 जोड़ों काए अमरौधा विकास खण्ड में 45ए मलासा में श्रीकृष्ण औद्योगिक इण्टर कालेज मोहम्मदपुर में 62ए राजपुर विकास खण्ड में 57ए संदलपुर के सावित्री वाटिका में 63 व रसूलाबाद में गैलेक्सी गार्डन असालतगंज में 71 सामूहिक विवाह का आयोजन किया गयाए इस प्रकार कुल 482 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कुल 482 जोड़ों में 385 जोड़े अनुसूचित जाति के थेए 86 जोड़े पिछड़ा वर्ग के अथवा 11 जोड़े अल्पसंख्यक वर्ग के सम्मिलित हैं।

## साथी की मौत से गुस्साए कर्मचारियों ने जताया आक्रोश, काटा हंगामा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** साथी कर्मचारी की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद मुआवजे के साथ सुरक्षा की मांग करते हुए कस्बे की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के वर्करों ने दोपहर बाद कार्य बहिष्कार करके फैक्ट्री गेट पर जोरदार हंगामा काटा। फैक्ट्री प्रबंधन मामले को शांत कराने में जुटा हुआ था। रिया एंटरप्राइजेज कस्बे की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में लेबर कांट्रेक्टर है। बीती रात रिया इंटरप्राइजेज का कर्मी विवेक कुमार प्रजापति ड्यूटी से वापस जाते समय हाईवे में प्रेम नगर के समीप हादसे का शिकार हो गया था। उपचार को ले जाते समय उसकी मौत हो गई। साथी की मौत से गुस्साए कर्मियों ने शुक्रवार को दोपहर बाद कार्य बहिष्कार करके मुआवजे की मांग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था देने की बात रखी। कर्मचारी देव प्रकाश, रमाकांत, मुकेश, अंकित, विजय तिवारी, अजय पाल, प्रेम बाबू आदि ने कहा कि वह तब तक कार्य पर नहीं आएंगे।

# आत्महत्या के लिये प्रेरित करने पर दर्ज करायी रिपोर्ट

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**विगत दो** दिसंबर को ट्रेन से कटकर घायल हुए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद परिजनों ने आज कोतवाली में आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले लोगों के खिलाफथाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। बिवांर क्षेत्र के ग्राम पाटनपुर निवासी जयराम(40) काफी अर्से से नगर के फत्तेपुर में रह रहा था और वह दिल्ली में रहकर हल्दीराम कम्पनी में मजदूरी करता था जिसके साथ में इसी गांव के धीरू उर्फ हीरालाल भी दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था जो 28 नवंबर 2022 को एक साथ घर से कम्पनी जाने के लिए निकले मगर धीरू उर्फ हीरालाल जब शाम तक अपने घर नहीं पहुंचा तो उसके पिता हसनू अनुरागी ने बिवांर थाने में अपने पुत्र धीरू को जयराम द्वारा गुम कराने का मामला दर्ज कराया था, जिसके कारण जयराम मानसिक रूप से परेशान था और पुलिस के भय से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का असफल प्रयास किया था मगर सफल न होने के बाद वह रागौल स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक पर लेटकर आत्महत्या करने की मंशा से पटरियों पर लेट गया था जहां इंटरसिटी एक्सप्रेस द्वारा उसका शरीर कमर के नीचे से दो भागों में बंट गया था मगर लल्लू उसके बाद भी काफी देर तक बातचीत करता रहा और उसी दौरान आत्महत्या करने का उक्त कारण बताया था जिसे ईलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया था लेकिन कानपुर पहुंचने से पूर्व ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया था। उसकी मौत के बाद मृतक लल्लू की पत्नी लज्जा देवी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपने पति के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाने वाले हसनू अनुरागी सहित षड्यंत्र में शामिल अन्य लोगों के द्वारा पति पर फर्जी आरोप लगाकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

### छापेमारी से दहशत खाये व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**मौदहा(हमीरपुर)।** मौदहा कस्बे में जीएसटी की टीम द्वारा व्यापारियों के यहां लगातार की जा रही छापेमारी के बाद व्यापारियों ने सर्वे टीम की कार्यप्रणाली के विरोध करते हुए उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंप उक्त सर्वे बंद करवाने की गुहार लगाई है ताकि व्यापारी वर्ग का उत्पीड़न न हो सके। नगर समेत जनपद में जीएसटी व आयकर विभाग की टीम द्वारा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में लगातार छापा डाल जांच पड़ताल की जा रही है जिससे नगर के व्यापारी खासे दहशत में हैं। शुक्रवार को नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष जे के गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह को सौंप नगर में जीएसटी की टीम द्वारा किए जा रहे सर्वे को बंद कराने की मांग की है। उन्होंने जीएसटी विभाग की टीम की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह उठाते हुए कहा कि इस तरह के सर्वे से व्यापारियों का शोषण किया जा रहा है जिससे उनमें खासा आक्रोश है उन्होंने उक्त सर्वे को बंद कराने की गुहार लगाई है ताकि व्यापारियों का उत्पीड़न ना हो सके।

## सड़क सुरक्षा के टिप्स देकर दिलायी यातायात नियमों की शपथ

**जालौन ( उरई )।** सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न सरकारी संस्थाओं और विद्यालयों में शपथ ली गई। जिसमें सड़क सुरक्षा के संबंध में टिप्स भी दिए गए। सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न सरकारी संस्थाओं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, कोतवाली परिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय, महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज आदि संस्थाओं में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि सडक पर वाहन चलाते समय जरा सी लापरवाही जान ले सकती है। इसलिए यातायात नियमों का पालन करें। नशीले पदार्थ का सेवन करते समय गाड़ी कतई न चलाएं। घर से बाहर निकलते ही दोपहिया वाहन पर हैलमेट और चार पहिया वाहन में सीटबैल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं। कहा कि यदि किसी सड़क हादसे में कोई घायल दिखता है तत्काल उसे नजदीकी हॉस्पिटल में पहुंचाएं। ताकि किसी की जान बच सके।

# कुरौना पट्टाधारक ने जलधारा में उतारीं पॉकलैंड मशीनें

**उरई ( जालौन )।** जनपद में बेतवा नदी के खनन क्षेत्रों के पट्टाधारकों द्वारा मौरम का खनन शुरू करते ही मौरम खनन की शर्तों को ताक पर रखकर पॉकलैंड मशीनों से जलधारा से मौरम का खनन कराने में जुट गये। ऐसा की नजारा कुरौना मौरम खंड संख्या 4 पर देखा जा रहा है। सवाल यह उठता है कि प्रदेश सरकार के सख्त दिशा निर्देशों के बाद भी आखिर कहां हो रही और कौन दे रहा कुरौना पट्टाधारक को जलधारा के बीच से मौरम खनन की छूट। यह एक ऐसा सवाल है जिसका जबाब जिला मुख्यालय के खनिज कार्यालय के पास भी न होगा। वर्ष 2021 में उरई तहसील क्षेत्र के कुरौना मौरम खंड गाटा संख्या 317 मि खंड संख्या 4 का पट्टा ई निविदा सह ईनामी के माध्यम से अर्चना गुप्ता पत्नी देवेंद्र कुमार गुप्ता निवासी 160 ओम शांतिनगर लक्ष्मीगेट बाहर तहसील व जिला झांसी के नाम स्वीकृत हुआ था। उस दौरान पट्टाधारक द्वारा खनिज विभाग में अनेकों प्रकार की शर्तों का एक शपथ पत्र भी जमा किया गया था जिसमें किस तरह से स्वीकृत पट्टा क्षेत्र में मौरम का खनन किया जायेगा। जिसमें नदी की जलधारा के बीच से किसी भी कीमत पर मौरम का खनन किया जाना पूरी तरह से वर्जित है। साथ ही जलधारा से तीन मीटर की दूरी से मौरम खनन किया जा सकेगा। इसके अलावा भी एनजीटी की भी गाइड लाइन का पालन पट्टाधारक को करना होता है तभी वह अपने स्वीकृत पट्टा क्षेत्र से मौरम खनन कर सकेगा। लेकिन जिस तरह से कुरौना मौरम खंड संख्या 4 में नदी की जलधारा से पॉकलैंड मशीन से मौरम खनन करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पट्टाधारक की करतूतें उजागर हो रही है।

## शाखा प्रबंधक पर ग्राहकों से अभद्रता का आरोप, डीएम से की शिकायत

**कुरारा (हमीरपुर)।** आर्यावर्त बैंक शाखा कुरारा के प्रबंधक द्वारा ग्राहकों को परेशान करने एवं अभद्रता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है शाखा प्रबंधक द्वारा विगत दो माह से ग्राहकों को टहला रहे हैं तथा बैंक जाने पर अभद्रता करते हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम टोडरपुर की राम श्री गुप्ता की मौत लगभग तीन वर्ष पूर्व हुई थी जिनका खाता इसी बैंक में था वही उनके पुत्रों भोला गुप्ता व महेश गुप्ता द्वारा वारिस प्रमाण पत्र बनवा कर शाखा प्रबंधक के पास देकर खाते की राशि निकाले जाने की बात की विगत दो माह पूर्व शाखा प्रबंधक को दिए गए उक्त वारिस प्रमाण पत्र के बावजूद प्रबंधक अभिषेक यादव द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है वही जब भी वही लोग बैंक जाते हैं तो मैनेजर द्वारा सदैव अभद्र व्यवहार किया जाता है। पीड़ितों ने एसडीएम हमीरपुर से मांग की है कि पीड़ितों का धन तुरंत दिलाया जाए नहीं तो वह लोग अनशन करने के लिए बाध्य होंगे वहीं लोगों ने इस प्रकरण पर जिलाधिकारी से संज्ञान लेने तथा शाखा प्रबंधक की जांच कराए जाने की मांग की है।

# बच्चों में देश सेवा व स्वावलंबन की भावना विकसित करती हैं स्काउट एवं गाइड : रामकेश निषाद

● जल शक्ति राज्यमंत्री ने किया 22वीं मंडलीय स्काउट एवं गाइड रैली का उद्घाटन

संवाददाता। चित्रकूट




**चित्रकूट** धाम मंडल की 22 वीं मंडलीय स्काउट एवं गाइड रैली का उद्घाटन चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर उन्होंने स्काउट टीमों द्वारा बैंड बाजे की धुन पर शानदार मार्च पास्ट की सलामी ली और शांति के प्रतीक कबूतर छोड़कर रैली का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज और सीपीएस विद्यालय की बालिकाओं ने विशेष कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि स्काउट गाइड बच्चों में देश सेवा मानव सेवा के साथ–साथ स्वावलंबी आत्मविश्वास बनने की क्षमता विकसित करती है। यहां पर जो प्रस्तुतियां स्काउट गाइड के बच्चों ने दी वह इनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। इस आयोजन के लिए उन्होंने मंडल भर से आए सभी शिक्षकों रैली के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, सहसंयोजक प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान व पूरी टीम को बधाई दी। विद्यालय समिति के अध्यक्ष पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि स्काउट गाइड हमारे देश के भावी जिम्मेदार नागरिक बनाती है। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया। स्काउट गाइड संस्था उत्तर प्रदेश लखनऊ से आए विशेष कार्य अधिकारी राजेंद्र सिंह हंसपाल ने कहा कि 1907 में स्काउट संस्था बेडेन पावेल द्वारा शुरू की गई थी। आज पूरे विश्व में लगभग 2,80,00000 सदस्य स्काउट गाइड से जुड़े हैं। स्काउट गाइड संस्था बच्चों में चरित्र निर्माण आत्मविश्वास राष्ट्र भावना मानवता की सेवा के गुण विकसित करती है। यहां पर तीन दिनों तक स्काउट गाइड के बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए तरह तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएगी। रैली के सहसंयोजक प्रधानाचार्य डा रणवीर सिंह चौहान ने सभी अतिथियों को स्काउट गाइड का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने सभी अतिथियों व पूरे मंडल से आए शिक्षक प्रधानाचार्य में स्काउट गाइड के बच्चों का आभार जताया और कहा कि तीन दिनों तक निष्पक्ष प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका निभा कर सभी शिक्षक इस रैली के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करेंगे।

## हाईटेंशन लाइन टूटने से आधा दर्जन मोहल्लों में ठप रही विद्युत व्यवस्था

**जालौन ( उरई )।** हाईटेंशन लाइन टूटने के कारण बालाजी फीडर बंद रहा। फीडर बंद होने से आधा दर्जन मोहल्लों की बिजली आपूर्ति 5 घंटे तक ठप रही, जिससे लोग परेशान हुए। वर्तमान में सहालग का समय चल रहा है। ऐसे में बिजली की मांग बढ़ी हुई है। शुक्रवार को चुर्खी रोड पर हाईटेंशन लाइन टूट गई। 11 हजार की हाईटेंशन लाइन टूटने के कारण मोहल्ला हरीपुरा, जोशियाना, चुर्खीबाल, भवानीराम, चौधरयाना, फर्दनवीस आदि मोहल्लों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। पहले 11 बजे से 1 बजे तक रोस्टिंग के चलते बिजली गायब रही बाद में लाइन टूटने के कारण 1 बजे से 4 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। लगातार 5 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण इन मोहल्ले के लोगों को परेशानी हुई। शुक्रवार को सहालग का दिन होने के कारण जिन घरों में विवाहोत्सव था, उन घरों में लोगों को ज्यादा परेशानी हुई। 5 घंटे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद ही लोगों को राहत मिली।

# भारत न केवल अमेरिका का एक सहयोगी, बल्कि एक बड़ी ताकत बनकर उभरेगा : व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन



**व्हाइट हाउस के** शीर्ष अधिकारी कर्ट कैंपबेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत न केवल अमेरिका का एक सहयोगी, बल्कि एक बड़ी ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध जितनी तेजी से मजबूत एवं गहरे हुए हैं, वैसा किसी भी अन्य द्विपक्षीय संबंध के साथ नहीं हुआ। ऐस्पन सिक्योरिटी फोरम की यहां आयोजित एक बैठक में भारत के संदर्भ में किए एक सवाल के जवाब में व्हाइट हाउस के एशिया मामलों के समन्वयक कैंपबेल ने कहा कि उनका मानना है कि 21वीं सदी में भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। व्हाइट हाउस के शीर्ष अधिकारी ने कहा, यह एक तथ्य है कि मैंने पिछले 20 साल में अमेरिका और भारत जैसे कोई द्विपक्षीय संबंध नहीं देखे जो इतनी तेजी से गहरे एवं मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी क्षमता का और इस्तेमाल करने की जरूरत है और प्रौद्योगिकी व अन्य मुद्दों पर एक साथ काम करते हुए लोगों के बीच आपसी संपर्क कायम करने की आवश्यकता है। कैंपबेल ने कहा, भारत केवल अमेरिका का एक सहयोगी नहीं होगा। वह एक स्वतंत्र, शक्तिशाली देश बनने की इच्छा रखता है और वह एक और बड़ी ताकत बनकर उभरेगा... कैंपबेल ने कहा, मेरा मानना है कि यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें कुछ महत्वाकांक्षा होनी चाहिए। हमें उन क्षेत्रों पर गौर करना चाहिए, जहां हम एक साथ काम कर सकते हैं, चाहे वह अंतरिक्ष हो, शिक्षा हो, जलवायु हो या प्रौद्योगिकी। हमें इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप पिछले 20 वर्षों पर नजर डालेंगे और उन बाधाओं पर गौर करेंगे जिन्हें पार किया गया और हमारे दोनों पक्षों के बीच संबंधों की गहराई देखेंगे तो यह उल्लेखनीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत-अमेरिका संबंध केवल चीन को लेकर चिंता के कारण नहीं बने हैं। कैंपबेल ने कहा, ए हमारे समाजों के बीच महत्वपूर्ण तालमेल पर आधारित हैं।

## अमेरिका के शीर्ष आतंकवाद रोधी अधिकारी टिमोथी बेट्स अगले सप्ताह भारत आएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष आतंकवाद रोधी अधिकारी टिमोथी बेट्स अगले सप्ताह अमेरिका-भारत आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली आएंगे। इस बैठक में क्षेत्रीय व वैश्विक आतंकवादी खतरे का आकलन और कानून प्रवर्तन व न्यायिक साझेदारी को मजबूत करने संबंधी पहलों की समीक्षा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि आतंकवाद रोधी कार्यवाहक समन्वयक बेट्स आठ से 14 दिसंबर के बीच जापान, फिलीपीन और भारत की यात्रा करेंगे। बेट्स 12-13 दिसंबर को नई दिल्ली में अमेरिका-भारत आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की वार्षिक बैठक मे अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

## दुनियाभर में इस साल 67 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गएः रिपोर्ट

**ब्रसेल्स।** दुनियाभर में इस साल काम करते समय मारे गए पत्रकारों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत वृद्धि हुई है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पत्रकारों के मारे जाने में हुई इस वृद्धि के लिए यूक्रेन में जारी युद्ध, हैती में फैली अव्यवस्था और मेक्सिको में अपराधी समूहों की तरफ से की जा रही हिंसा भी जिम्मेदार रही। बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स स्थित समूह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस साल दुनियाभर में काम करते समय अब तक 67 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे जा चुके हैं। पिछले साल इनकी संख्या 47 थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने काम की वजह से 375 पत्रकार फिलहाल जेल में बंद हैं। इनमें से ज्यादातर चीन, म्यांमा और तुर्की में जेल में बंद हैं। पिछले साल की रिपोर्ट के अनुसार 365 पत्रकार सलाखों के पीछे थे।

# चीन की अंतरिक्ष गतिविधियों पर नजर रख रहा अमेरिका

भाषा। बीजिंग

**पृथ्वी की** निचली कक्षा में तेजी से इकट्ठे होते मलबे के बीच अमेरिका चीन की उन गतिविधियों पर करीबी नजर रख रहा है, जो अंतरिक्ष में अमेरिकी संपत्ति को संभावित रूप से खतरे में डाल सकती हैं। अंतरिक्ष में अमेरिका के सैन्य अभियान के प्रमुख ने शुक्रवार को यह बात कही। यूएस स्पेस कमांड आर्मी के कमांडर जनरल जेम्स डिकिंसन ने संयुक्त राष्ट्र में उस प्रस्ताव के भारी मतों से पारित होने का स्वागत किया, जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि देश सीधी उड़ान भरने वाली उपग्रह रोधी प्रणाली का परीक्षण नहीं करेंगे, जो बड़े पैमाने पर अंतरिक्ष मलबा पैदा कर उपग्रहों और अंतरिक्ष स्टेशन के अस्तित्व को खतरे में डालती हैं। जिन चार देशों ने इस तरह की उपग्रह रोधी प्रणाली का परीक्षण किया है, उनमें से सिर्फ अमेरिका ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। चीन और रूस ने जहां प्रस्ताव का विरोध किया, वहीं भारत मतदान से दूर रहा। एशिया के संवाददाताओं से टेलीफोन पर हुई बातचीत में जनरल डिकिंसन ने कहा, हम अंतरिक्ष में मौजूद मलबे को बढ़ाना जारी नहीं रख सकते। ज्यादातर मलबा पृथ्वी की अहम निचली कक्षा में मौजूद है, जो बहुत भरा हुआ और प्रतिस्पर्धा एवं संघर्ष का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में वस्तुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और धातु के छोटे टुकड़े भी खतरा पैदा कर सकते हैं। अमेरिकी स्पेस कमांड पृथ्वी की कक्षा के पास अभी 48 हजार से अधिक वस्तुओं की निगरानी कर रहा है, जिनमें उपग्रह, दूरबीन, अंतरिक्ष स्टेशन और हर आकार का मलबा शामिल है। उन्होंने बताया कि तीन साल पहले ऐसी वस्तुओं की संख्या 25 हजार के आसपास थी। चीन 2003 में अमेरिका और पूर्व सोवियत संघ के बाद अंतरिक्ष में मानव भेजने वाला दुनिया का तीसरा देश बना था। तब से उसका मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम काफी तेजी से बढ़ा है। 2007 में चीन को अंतरिक्ष में अपने एक निष्क्रिय उपग्रह को उड़ाने के लिए एक मिसाइल का अघोषित परीक्षण करने पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इस परीक्षण के कारण अंतरिक्ष में बड़े पैमाने पर मलबा फैल गया था। जो अभी भी खतरे का सबब बना हुआ है। बीजिंग को लगता है कि अंतरिक्ष न केवल उसकी अर्थव्यवस्था और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए, बल्कि सैन्य क्षेत्र के लिए भी अहम कारक है। ऐसे में जब वह अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं में लगातार इजाफा कर रहा है, तब हम उसकी गतिविधियों पर बेहद करीबी नजर रख रहे हैं।

## जापान, ब्रिटेन और इटली के साथ मिलकर नया लड़ाकू विमान विकसित करेगा

भाषा। तोक्यो

**जापान ने** शुक्रवार को घोषणा की कि वह ब्रिटेन और इटली के साथ मिलकर अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान को विकसित करेगा। तोक्यो के इस कदम को पारंपरिक साझेदार अमेरिका से परे जाकर अन्य देशों से रक्षा संबंध बढ़ाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। यह नया मित्सुबिशी एफ-एक्स लड़ाकू विमान पूर्व में अमेरिका के साथ मिलकर विकसित और अब पुराने पड चुके एफ-2 का स्थान लेगा। जापान का एफ-एक्स और ब्रिटेन का टेम्पेस्ट, यूरोफाइटर टाइफून लड़ाकू विमानों की जगह लेंगे। इस समझौते से जापान को चीन की बढ़ती आक्रमता का मुकाबला करने में मदद मिलेगी और इसके साथ ही ब्रिटेन की हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उपस्थिति बढ़ेगी। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा द्वारा जापान की सैन्य क्षमता बढ़ाने आर अगले पांच साल में रक्षा बजट में वृद्धि की घोषणा के चार दिन बाद शुक्रवार को नए लड़ाकू विमान विकसित करने की घोषणा की गई है। जापान की सरकार अगले पांच साल में रक्षा पर 43 खरब एन (316 अरब डॉलर) खर्च करेगी और इसके लिए उसे हर साल चार खरब एन (30 अरब डॉलर) अतिरिक्त खर्च करने होंगे जिनमें से एक चौथाई राशि अतिरिक्त कर से जमा की जाएगी।इस महीने के उत्तरार्ध में संशोधित राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की घोषणा होने की उम्मीद है जिसमें उम्मीद की जा रही है कि देश की मारक क्षमता बढ़ाने और लंबी दूरी की मिसाइलों की तैनाती की मंजूरी दी जाएगी। यह जापान की आत्मरक्षा नीति में अहम बदलाव है, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध (1945) में हार के बाद उसने अपनाया था।

# रूसी सेना के पास हथियार और गोलाबारूद ही नहीं मनोबल भी कम बचा है

भाषा। वैस्ट प्वाइंट (यूएस)

**रूसी सैनिक** सर्दियों में युद्ध में आने वाले अपेक्षित गतिरोध की तैयारियों के लिए खाइयां खोद रहे हैं और ऐसे में यह निष्कर्ष निकालना आसान होगा कि यूक्रेन में लड़ाई तब तक धीमी रहेगी जब तक कि वसंत में बर्फ पिघल न जाए।लेकिन यूक्रेनी युद्धक्षेत्र के सबूत एक अलग हालात की ओर इशारा करते हैं।जॉर्जिया और यूक्रेन में 2008 और 2014 के युद्धों पर फील्ड रिसर्च करने वाले एक कैरियर अमेरिकी विशेष बल अधिकारी के रूप में, यह मेरा विचार है कि इस युद्ध ने प्रदर्शित किया है कि केवल एक पक्ष, यूक्रेनियन, प्रभावी युद्धाभ्यास को अंजाम दे सकते हैं। मेरा मानना है कि यूक्रेनियन सर्दियों में बाद में बड़े पैमाने पर जवाबी कार्वाई शुरू करने का प्रयास करेंगे, जब बर्फ अभी भी जमी हुई होगी। शीतकाल का युद्ध पर प्रभाव ऐतिहासिक रूप से, लड़ाई की गति सर्दियों में धीमी हो जाती है। अत्यधिक ठंड में हथियार और अन्य उपकरण जम सकते हैं, और मोटे दस्ताने पहनकर हथियार चलाना अधिक कठिन होता है। सर्दियों में दिन छोटे होना एक और कारक हैं। तकनीकी विकास के बावजूद, इस युद्ध के दौरान अधिकांश लड़ाई दिन के दौरान हुई है।लेकिन यह सर्दी यूक्रेनी सेना के लिए अलग हो सकती है।सबसे पहले, यूक्रेनी सर्दियां लगभग उतनी ठंडी और बर्फीली नहीं होती जितनी कि कई लोग मानते हैं।उदाहरण के लिए, डोनेट्स्क का जनवरी और फरवरी में औसत तापमान लगभग 25 डिग्री फ़ारेनहाइट (-4 डिग्री सेल्सियस) होता है। इसका सबसे बर्फीला महीना, जनवरी, जिसमें औसतन केवल 4.9 इंच, या .12 मीटर बर्फ होती है। जनवरी और फरवरी दोनों में औसत बारिश के दिन उतने ही होते हैं जितने बर्फीले दिन - प्रत्एक के लगभग दो दिन।

**रूसी हमले का एक संक्षिप्त इतिहासः**फरवरी 2022 में आक्रमण शुरू होने के बाद से, रूस ने युद्ध के पहले महीने में अपना अधिकांश लाभ अर्जित किया जब उसने खेरसॉन पर कब्जा कर लिया, मारियुपोल को घेर लिया, और कीव और खार्किव की दहलीज तक पहुंच गया।लेकिन रूस ने जल्द ही कीव से हार मान ली और उत्तर से अपनी सारी सेना हटा ली। त्वरित जीत हासिल करने में विफल रहने पर, रूस ने इसके बजाय पूर्व और दक्षिण में बड़ा लाभ हासिल करने के लिए यह समझौता किया।

## अमेरिकी सरकार भारत में वीजा संबंधी विलंब से अवगत हैः व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन भारत में वीजा आवेदन प्रक्रिया में हो रही देरी से वाकिफ है और वह इन वीजा सेवाओं संबंधी मांग को पूरा करने के लिए काम कर रहा है। व्हाइट हाउस का बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत में अमेरिकी मिशन में वीजा आवेदन प्रक्रिया पूरी होने में 1000 से अधिक दिन तक का समय लग रहा है। गैर-आप्रवासी वीजा, आगंतुक वीजा (बी।बी2), छात्र वीजा (एफ1।एफ2) और अस्थाई कर्मचारी वीजा (एच, एल, ओ, पी, क्यू) के आवेदन भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल सहित कई एशियाई देशों व प्रशांत द्वीपों के दूतावासों में काफी समय से लंबित हैं।

भारत में तो वीजा आवेदन प्रक्रिया पूरी होने में 1000 से अधिक दिन तक का समय लग रहा है, जिससे अमेरिका और विदेशों में एशियाई अमेरिकी व प्रशांत द्वीप वासी (एएपीआई) के परिवारों के साथ ही छात्रों, उद्योगपतियों और आगंतुकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रेस सचिव कैरिन ज्यां-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं कहना चाहूंगी कि बाइडन प्रशासन इससे अवगत है। ज्यां-पियरे ने कहा, हालांकि इसमें काफी सुधार हुआ है, जैसा कि आप जानते हैं क्योंकि आप इस पर काफी खबरें देख रहे हैं। वैश्विक महामारी से संबंधित पाबंदियों और कर्मचारियों की कमी संबंधी चुनौतियों से उबर रहे हैं। हम अब भी इन वीज़ा सेवाओं की बढ़ती दरकार को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं।

## पाकिस्तान ने करतारपुर गलियारे के लिए अधिकारी नियुक्त किया

**लाहौर।** पाकिस्तान की संघीय सरकार ने ऐतिहासिक करतारपुर गलियारे से संबंधित मामले संभालने के लिए तीन महीने के लिए एक अधिकारी नियुक्त किया है। चार किलोमीटर लंबा करतारपुर कॉरिडोर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के अंतिम विश्राम स्थल गुरुद्वारा दरबार साहिब को भारत के पंजाब प्रांत में डेरा बाबा नानक मंदिर से जोड़ता है। गलियारा के जरिए भारतीय सिख तीर्थयात्री वीजा के बिना पाकिस्तान में स्थित अपने सबसे पवित्र स्थलों में से एक गुरुद्वारा दरबार साहिब आते हैं। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के पवित्र स्थलों की देखभाल करने वाली संघीय संस्था इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) ने बुधवार को तीन महीने के लिए करतारपुर गलियारे की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की।

# सेंसेक्स ने शुरुआती लाभ गंवाया, 389 अंक टूटा

## आईटी शेयरों में बिकवाली

भाषा। मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में शुक्रवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 390 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बावजूद सूचना प्रौद्योगिकी और ऊर्जा शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। इसके अलावा कच्चे तेल के दाम में तेजी और लगातार पूंजी निकासी से भी धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरुआत अच्छी रही। लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से यह 389.01 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 62,181.67 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 112.75 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,496.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक सबसे ज्यादा 6.72 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, टाइटन, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, इंडसइंड बैंक और आईटीसी शामिल हैं। इनमें 2.24 प्रतिशत तक की तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मुख्य रूप से आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर मंदी की आशंका से कारोबार में नरमी आने की चिंता से आईटी शेयरों में बिकवाली हुई। उन्होंने कहा, हालांकि, वैश्विक शेयर बाजार में कमोबेश तेजी रही। यह अलग बात है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व अगले सप्ताह नीतिगत दर 0.50 प्रतिशत बढ़ा सकता है। साप्ताहिक आधार भी सेंसेक्स 686.83 अंक यानी 1.09 प्रतिशत जबकि एनएसई निफ्टी 199.50 अंक यानी 1.06 प्रतिशत नुकसान में रहा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, पिछले कुछ सत्रों से ऐसा लगता है कि बाजार स्वयं को सुदृढ़ कर रहा है। अगले सप्ताह फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले निवेशक निवेश को कम कर रहे हैं।

## रुपया 10 पैसे की तेजी के साथ 82.28 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर होने के साथ अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 10 पैसे बढ़कर 82.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। इससे रुपए की बढ़त पर कुछ अंकुश लग गया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.30 के स्तर पर खुला और कारोबार के अंत में यह 10 पैसे की तेजी के साथ 82.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपए ने 82.08 के उच्चस्तर और 82.33 के निचले स्तर को छुआ। इससे पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.38 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि ब्याज दर में वृद्धि की गति के बारे में अतिरिक्त संकेतों के लिए निवेशकों को अगले सप्ताह केन्द्रीय बैंक की बैठकों के नतीजों के सामने आने का इंतजार है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के विदेशी मुद्रा एवं सर्राफा विश्लेषक गौरांग सोमैया ने कहा, निवेशकों का ध्यान मुख्य रूप से अब एफओएमसी के नीतिगत बयान पर होगी। केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है और कम आक्रामक रुख अपनाए रह सकता है।

## भारत बॉन्ड ईटीएफ को 2.8 गुना अभिदान, 2,800 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** भारत बॉन्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के चौथे चरण को 2.8 गुना अभिदान मिला है। अबतक इसके जरिए 2,800 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए गए है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईटीएफ की नई कोष पेशकश दो दिसंबर को खुलकर आठ दिसंबर को बंद हुई। इन निर्गम का आकार।,000 करोड़ रुपए था और इसमें 4,000 करोड़ रुपए के अधिक अभिदान को रखने का विकल्प भी रखा गया था। पांडेय ने ट्वीट किया, भारत बॉन्ड ईटीएफ के अप्रैल, 2033 निर्गम को।,000 करोड़ रुपए के आकार पर 2.8 गुना अभिदान मिला है। इस निर्गम के जरिए 2,800 करोड़ रुपए से अधिक जुटाए गए है।

## भारतपे ने अशनीर ग्रोवर के खिलाफ लगाई अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र में अर्जी

**नई दिल्ली।** वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी भारतपे ने अपने पूर्व प्रबंध निदेशक एवं सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के पास मौजूद हिस्सेदारी और संस्थापक के दर्जे को वापस लेने के लिए मध्यस्थता अर्जी लगाई है। ए शेयर अभी प्रतिबंधित श्रेणी में हैं। घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि एक दिन पहले सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (सीआईएसी) के नियमों के तहत यह मध्यस्थता अर्जी दायर की गई है। अगर भारतपे की यह अर्जी स्वीकार कर ली जाती है तो ग्रोवर अपने पास मौजूद कंपनी के निषिद्ध शेयर एवं संस्थापक का दर्जा दोनों गंवा सकते हैं। भारतपे में करीब 8.5 प्रतिशत हिस्सेदारी ग्रोवर के पास है लेकिन इसमें से 1.4 प्रतिशत शेयरधारिता प्रतिबंधित श्रेणी में हैं। प्रतिबंधित शेयरधारिता का मतलब है कि कंपनी के कर्मचारी के तौर पर मिली उस हिस्सेदारी को हस्तांतरित नहीं जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारतपे की तरफ से ग्रोवर को पहले एक कानूनी नोटिस भेजकर इन शेयर वापस करने को कहा गया था। शेयरधारक के साथ हुए समझौते के तहत प्रतिबंधित शेयरों को वापस लेने का भी प्रावधान होता है। हालांकि, इस मध्यस्थता आवेदन के बारे में कंपनी की तरफ से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भारतपे ने साल की शुरुआत में ग्रोवर पर कोष की धांधली एवं धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे।

## होम क्रेडिट इंडिया का खुशियों में देर कैसी कैंपेन

**नई दिल्ली।** होम क्रेडिट इंडिया अग्रणी वैश्विक कंज्यूमर फाइनेंस प्रदाता कंपनी की स्थानीय शाखा ने अपने नए ब्रांड विचार जिंदगी हिट की तर्ज पर अपना दूसरा ब्रांड कैंपेन खुशियों में देर कैसी , पेश किया है। यह कैंपेन एक प्रयास है होम क्रेडिट ग्राहकों व संभावित ऋण प्राप्तकर्ताओं से सतत ब्रांड कनेक्ट बनाए रखने का। एवी होम क्रेडिट इंडिया को जिसे देश भर में 50,000 से ज्यादा रिटेल पार्टनर्स का सहयोग और1.5 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों का विश्वास प्राप्त हैए के इच्छाओं की पूर्ति करने वाला और जीवन में और अधिक पाने के लिए प्रेरित करने में मदद करते हुए और भी ज्यादा उत्सवधर्मिता उपलब्ध कराने वाला दर्शाता है। यह कैंपेन होम क्रेडिट के दीवाली त्योहार के मौके पर लांच किए गए नए ब्रांड विचार जिंदगी हिट की कड़ी में है जो ग्राहकों का ब्रांड से जुड़ाव स्थापित करते हुए उनकी इच्छाओं की पूर्ति का प्रयास है। यह वह समय भी जब आरबीआई द्वारा नियमित कन्ज्यूमर एनबीएफसी के तौर पर होम क्रेडिट इंडिया ने भारतीय बाजार में अपने दस साल पूरे किए थे।

## ब्लू डार्ट देगा फ्लैट डिस्काउन्ट

**मुंबई।** ब्लू डार्ट एक्सप्रेस लिमिटेडए दक्षिण एशिया की एक प्रमुख एक्सप्रेस एयर इंटीग्रेटेडट्रांसपोर्टेशन और डिस्ट्रीब्यूशन लोजिस्टिक्स कंपनी ने साल के अंत में होने वाले फेस्टिवल से पहले मेरी एक्सप्रेस ऑफर की घोषणा की है। यह ऑफर 5 दिसंबर से 23 जनवरी 2023 तक मान्य है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों डेस्टिनेशन के लिए सभी मेरी एक्सप्रेस गिफ्ट शिपमेंट पर रियायती दर का लाभ ले सकते हैए जिससे ग्राहकों को उनकी सभी लॉजिस्टिक जरूरतों के लिए एक विस्तृत साधन मिलेगा। जबकि पूरे भारत में 2 किग्रा से 10 किग्रा वजन वाले घरेलू डीपी शिपमेंट पर 40 प्रतिशत फ्लैट छूट और प्रमुख बाजारों में 2 किग्रा से 10 किग्राए 15 किग्रा से 20 किग्राए और 25 किग्रा से 30 किग्रा वजन वाले अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट पर 50प्रतिशत की भारी छूटए यह ऑफर घरेलू प्राथमिकता और अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट दोनों के लिए नॉन.डॉक्स शिपमेंट पर लागू है। ब्लू डार्ट अपने ग्राहकों को वैल्यूदेने के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं में लगातार बेहतरी कर रहा है। ब्लू डार्ट के चीफकमर्शियल ऑफिसर केतन कुलकर्णी ने कहा पिछले दो साल विश्वीयप्रतिबंधों के कारण मुश्किल रहे हैं, और लोग क्रिसमस और नए साल को जोश के साथ नहीं मना पाए। इस सालए यह और भी स्पेशल हैए और ब्लू डार्ट में हम लोगों को देश और दुनिया भर में अपने प्रियजनों को प्यार भेजकर फेस्टिवल सीजन का पूरी तरह से अवलोकन करने का मौका देना चाहते हैं।

## एक्सिस लॉन्ग ड्यूरेशन फंड

**मुंबई।** भारत में सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउसों में से एक एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड ऑफर एक्सिस लॉन्ग ड्यूरेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह एक ओपन एंडेड डेट स्कीम हैए जो इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करती है जैसे कि पोर्टफोलियो की मैकेले ड्यूरेशन 7 वर्ष से अधिक हैय अपेक्षाकृत उच्च ब्याज दर जोखिम और अपेक्षाकृत कम ऋण जोखिम। नया फंड निफ्टी लॉन्ग ड्यूरेशन डेट इंडेक्स एप्प् को ट्रैक करेगा। एक्सिस लॉन्ग ड्यूरेशन फंड के लिए एनएफओ 7 दिसंबर 2022 को खुला और 21 दिसंबर 2022 को बंद होगा। इसके अतिरिक्तए फंड का प्रबंधन देवांग शाह, कौस्तुभ सुले और हार्दिक शाह द्वारा किया जाएगा और न्यूनतम निवेश राशि होगी 5,000 रुपए और उसके बाद 1 रुपए के गुणकों में निवेश किया जा सकता है। एक्सिस लॉन्ग ड्यूरेशन फंड का प्राथमिक निवेश उद्देश्य मध्यम स्तर के जोखिम के अनुरूप बेहतर रिटर्न उत्पन्न करना है। इस आय को पोर्टफोलियो की पूंजी वृद्धि से पूरित किया जा सकता है।

## जी20 की अध्यक्षता भारत के लिए दुनिया को अपनी ताकत दिखाने का अवसर : गडकरी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का मानना है कि जी20 की अध्यक्षता भारत के लिए दुनिया को अपनी ताकत दिखाने का अच्छा अवसर है। उन्होंने शुक्रवार को यहां आईसीएआई के बहरीन चैप्टर (बीसीआईसीएआई) द्वारा न्यू होराइजन बेकॉन्स विषय पर आयोजित 14वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत ने एक दिसंबर से आधिकारिक तौर पर जी20 की अध्यक्षता संभाल ली है। यह दुनिया के विकसित एवं विकासशील देशों का समूह है। गडकरी ने कहा, भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना हमारा सपना है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और यहां बड़ी संख्या में अवसर उपलब्ध हैं। आज बड़ी संख्या में निवेशक भारत में निवेश करना चाहते हैं। युवा और प्रतिभाशाली इंजीनियरों की बड़ी मौजूदगी भारत की सबसे बड़ी ताकत है। फिलहाल देश के वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपए है। अगले पांच साल में यह 15 लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा। हम दुनिया में वाहन विनिर्माण केंद्र के रूप में पहले स्थान पर होंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर तरीके से आगे बढ़ रही है और यह निवेश के लिए एक अच्छा गंतव्य है।

### मैं खानपान का शौकीन हूं: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि वह खानपान के बड़े शौकीन हैं और शाम को सबसे पहले जो गंभीर विचार उनके दिमाग में आता है वह है कि क्या खाना है और कहां पर खाना है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भोजन करने के उनके इरादे में कोई कमी नहीं आई है। हालांकि, खाने की मात्रा जरूर कम हुई है। एजेंडा आज तक में मंत्री ने कहा, मैं भोजन का शौकीन हूं। शाम को सात बजे के बाद मैं जिस गंभीर मसले पर सबसे पहले विचार करता हूं वह है खाना किस होटल में खाना है और क्या खाना है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वह शाकाहारी हैं। उन्होंने कहा, खाने की नियत में कमी नहीं आई है, पर खाने में आई है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे सबसे पहले अपनी सेहत के बारे में सोचें। उन्होंने कहा कि यदि टेस्ला के संस्थापक एलन मस्क भारत में विनिर्माण करना चाहते हैं तो उनका स्वागत है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 11 अरब डॉलर बढ़कर 561.16 अरब डॉलर पर

भाषा। मुंबई

**देश** का विदेशी मुद्रा भंडार दो दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 11.02 अरब डॉलर बढ़कर 561.162 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेशीमुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह तेजी आई है। पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। वहीं 11 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 14.72 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। एक सप्ताह में दूसरी बार सबसे अधिक वृद्धि हुई थी। अक्टूबर, 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपए की विनियम दर में तेज गिरावट को रोकने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने की वजह से इसमें गिरावट आई।

## पाक के केंद्रीय बैंक का विदेशी मुद्रा भंडार घटा

**कराची-इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक (एसबीपी) का विदेशी मुद्रा भंडार दो दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 78.4 करोड़ डॉलर घटकर चार साल के निचले स्तर 6.72 अरब डॉलर पर आ गया। बैंक स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पहले 18 जनवरी, 2019 को केंद्रीय बैंक के पास मुद्रा भंडार 6.64 अरब डॉलर था।

## इंदौर में मोदी की मौजदूगी में सूचीबद्ध हो सकता है हरित बॉन्ड, 250 करोड़ रुपए जुटाने की क्वायद

**इंदौर।** देश में अपनी तरह के पहले कदम के तहत इंदौर नगर निगम (आईएमसी) 60 मेगावॉट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए सार्वजनिक निर्गम (पब्लिक इश्यू) के रूप में हरित बॉन्ड जारी कर 250 करोड़ जुटाएगा। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिव्यांक सिंह ने बताया कि हरित बॉन्ड से जुटाई जाने वाली राशि का इस्तेमाल एक सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने में किया जाएगा जिससे बनने वाली बिजली से नर्मदा नदी के पानी को पड़ोसी खरगोन जिले के जलूद गांव से इंदौर लाया जाएगा। उन्होंने बताया कि देश में अपनी तरह की पहली हरित बॉन्ड योजना के लिए आईएमसी को राज्य सरकार की हरी झंडी मिल चुकी है और इसे भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी दिलाने की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू कर दी गई है।

## रियलमी 10 प्रो सीरीज़

**बंगलुरु।** 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाले भारत के पहले ब्रांड और सबसे भरोसेमंद टेक ब्रांड रियलमी ने आज अपने लेटेस्ट यूथ फ्लैगशिप स्मार्टफोंस रियलमी 10 प्रो 5जी और रियलमी 10 प्रो 5जी के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी 10 प्रो सीरीज़ 5जी को उत्कृष्टता के साथ बनाया गया है। इसमें अद्भुत डिस्प्ले फ्लैगशिप कैमरा शक्तिशाली 5जी प्रोसेसर ह, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस प्रदान करता है। लॉन्च के बारे में माधव शेठ सीईओए रियलमी इंडिया वीपी रियलमी और प्रेसिडेंटरियलमी इंटरनेशनल बिज़नेस ग्रुप ने कहा कि रियलमी नंबर सीरीज़ भारत और विश्व में हमारे यूज़र्स द्वारा सबसे ज्यादा पसंद की गई सीरीज़ है।

## स्मार्ट बैटरी, मोटर कंट्रोलर से लैस स्कूटर



**लखनऊ।** बीगौस ने अपने पार्टनर फोर एंड ऑटो टेक के सहयोग से अपने स्कूटर म्ट.ढळ व15 ढ.8ए।.2 को लांच किया। आरआर ग्लोबल के संस्थापक और प्रबंध निदेशक हेमंत काबरा ने कहा कि हम अपने भरोसेमंद साथी फोर.एन ऑटो टेक के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में अपने सभी स्कूटर को लांच करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। लखनऊ एक बहुत ही प्रगतिशील बाजार है और हमें यकीन है कि ढळ व.15 इलेक्ट्रिक स्कूटर शहर के लोगों को आकर्षित करेगा। उपभोक्ताओं को बेहतरीन राइडिंग अनुभव देने के साथ-साथ उन्हें उन्नत सुविधाओं को प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य है। सौ फीसदी मेड इन इंडिया इस इलेक्ट्रिक स्कूटर की टेस्ट राइड में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर आरआर ग्लोबल के निदेशक सुधीर कासत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर फोर एन ऑटो टेक के पार्टनर नीलेश गुप्ता ने कहाए हमें विश्वास है कि ये स्कूटर शहर में ईवी उत्साही लोगों की बढ़ती मांगों को पूरा करेगा। यह अत्यधिक गर्मी और धूल से सुरक्षा के साथ पूरी तरह से वाटरप्रूफए प्प् 67 रेटेडए इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी से लैस है। बीगौस ने ऐसे स्कूटर को डिजाइन किया है, जो स्मार्ट बैटरीए मोटर कंट्रोलर जैसी उपयोगी सुविधाओं से लैस है। इनमें रिमूवेबल बैटरी, इनबिल्ट नेवीगेशन, डिजिटल स्पीडोमीटर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, की लेस स्टार्ट मोबाइल चार्जिंग के लिए यूएसबी पोर्ट कॉल, वन नोटिफिकेशन अलर्ट जैसी तमाम सुविधाएं मौजूद हैं। ग्राहक इस स्कूटर को बीडी लॉन ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन कानपुर रोड लखनऊ स्थित बीगौस शोरूम से बुक कर सकते हैं।

## यू ट्यूब ने क्रिएटर्स के वीडियो का अनावरण किया

**मुंबई।** यू ट्यूब ने 2022 के सबसे लोकप्रिय क्रिएटर्स ए कलाकारों और वीडियो का उद्घाटन किया। ल्वनज्नइम शीर्ष रुझान वाले वीडियोए शीर्ष संगीत वीडियोए शीर्ष शॉर्ट्स शीर्ष 20 ब्रेकआउट सहित सूचियों को प्रकाशित करने के लिए सावधानीपूर्वक विचार की गई पद्धति का उपयोग करता है। क्रिएटर्सए टॉप ब्रेकआउट वुमन क्रिएटर्स और टॉप क्रिएटर्स।दर्शक अब सबसे ज्यादा क्रिएटर्स और कलाकारों से जुड़ रहे हैं, जो कई फॉर्मेट में कंटेंट प्रोड्यूस करते हैं। वीडियो ऑन डिमांड, शॉर्ट फॉर्म कंटेंट और लाइव स्ट्रीम के बीच इंटरप्ले ल्वनज्नइम पर स्पष्ट है, और वार्षिक सूचियों में परिलक्षित होता है। दर्शकों ने एक प्यारी हाउसकीपर की छोटी-छोटी बातों का पालन करते हुएए एक डायस्टोपियन शॉर्ट फिल्म पर हंसी साझा की। उन्होंने 4 घंटे लंबी ई-स्पोर्ट्स लाइव स्ट्रीम देखने से लेकर इमर्सिव आर्ट के 60 सेकंड के स्ट्रोक देखने तक शौक और रुचियों को पूरा किया।

# मातृभूमि और मातृभाषा के प्रति प्रेम हमारा कर्तव्य : राष्ट्रपति

भाषा। देहरादून



**राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मु ने मातृभूमि और मातृभाषा के प्रति प्रेम को कर्तव्य बताते हुए शुक्रवार को छात्रों से कहा कि भविष्य में वे चाहे जिस क्षेत्र में जाएं, लेकिन अपनी भारतीयता को बनाए रखें। दून विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में छात्रों को डिग्री और पदक प्रदान करने के बाद अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि मां दूसरों की दृष्टि में गरीब या दिखने में जैसी भी हो, वह मां होती है। उन्होंने कहा कि दुनिया की भाषाएं सीखने में कोई बुराई नहीं, लेकिन अपने घर और समाज में अपनी मातृभाषा का इस्तेमाल करना चाहिए, वरना इसकी पहचान खो जाएगी।

मुर्मू ने कहा, इसलिए मातृभाषा को बोलना और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा रखना और उसे प्यार करना हमारा कर्तव्य है। इसी से हमारी पहचान और अस्मिता है। उन्होंने कहा, आप कल अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस या आईपीएस अधिकारी बनेंगे, लेकिन अपनी जमीन को कभी नहीं भूलना चाहिए। आशा करूंगी कि आप आगे जाकर जो भी बनें, अपनी भारतीयता को बनाए रखेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि जब वह छोटी थीं, तब उन्हें पढ़ाया जाता था कि जिसे अपनी मातृभूमि, मातृभाषा और मां से ममता नहीं, वह अज्ञानी है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि दून विश्वविद्यालय में पांच विदेशी भाषाओं–चीनी, जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश और जापानी के अलावा राज्य की तीन स्थानीय भाषाओं–गढ़वाली, कुमाऊंनी और जौनसारी का भी अध्ययन कराया जाता है। मुर्मू ने स्थानीय भाषाओं को संस्कृति की धरोहर बताते हुए कहा कि संस्कृति संवर्धन के इस प्रयास को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि उपाधि और पदक प्राप्त करने के बाद उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने कहा, आप किसी भी क्षेत्र में जाएं, लेकिन अपने कार्य को पूरी निष्ठा से करें, जिससे आपकी शिक्षा कारगर हो और आपके ज्ञान से समाज लाभान्वित हो। तेजी से बदलते युग में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत को आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण की जरूरत है। शिक्षा को देश में बदलाव का सशक्त माध्यम बताते हुए मुर्मु ने शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने की वकालत की, ताकि छात्र तकनीकी कौशल से और संपन्न हों और खुद के लिए काम की तलाश करने के बजाय दूसरों को रोजगार उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की प्रगति उसके मानव संसाधन की गुणवत्ता पर निर्भर करती है और मानव संसाधन की गुणवत्ता शिक्षा की गुणवत्ता से तय होती है।राष्ट्रपति ने कहा कि अगले 25 साल में देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने के लिए युवा शक्ति का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने दीक्षांत समारोह में 36 में से 23 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलने और पीएचडी की डिग्री हासिल करने वाले 16 शोधार्थियों में आठ लड़कियों के शामिल होने पर खुशी जाहिर की।

## केरल: दाखिला लिए बिना एमबीबीएस की कक्षा में बैठा 12वीं का छात्र, जांच शुरू

**कोझिकोड।** केरल पुलिस ने कोझीकोड मेडिकल कॉलेज की एक शिकायत पर जांच शुरू कर दी है, जिसमें कहा गया है कि हाल में 12वीं कक्षा का एक छात्र दाखिला लिए बिना चार दिन तक एमबीबीएस कक्षा में बैठा था। पुलिस ने कहा कि उसे एक शिकायत मिली है और जांच जारी है। पुलिस ने कहा, यह झूठे दस्तावेज जमा करने या धोखाधड़ी का मामला नहीं है। उन्होंने कहा है कि किसी ने उचित दाखिला प्रक्रियाओं का पालन किए बिना कक्षा में भाग लिया। हम सभी पहलुओं से जांच कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच के बाद और जानकारी सामने आएगी। इस बीच, कॉलेज के उप–प्राचार्य के. जी. सजित कुमार ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि एक छात्र उचित दाखिला प्रक्रिया का पालन किए बिना कक्षा में भाग ले रहा था। कुमार ने कहा, कई छात्र पहले दिन देरी से पहुंचे, सभी को प्रवेश पत्र की पुष्टि किए बिना कक्षा में बैठने दिया गया।



डायरेक्टर जनरल सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट और सीनियर कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार सिंह यादव दाएं और एएससी सेंटर एंड कॉलेज के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल बीके् एएससी सेंटर एंड कॉलेज बेंगलुरु में एएससी के 11वें रीयूनियन और 262वें कोर दिवस के दौरानक

## टीआरएस का आधिकारिक नाम अब बीआरएस हुआ

**हैदराबाद।** राष्ट्रीय राजनीति में तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) का औपचारिक आगाज करते हुए पार्टी प्रमुख और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का ध्वज फहराया। निर्वाचन आयोग ने टीआरएस के नए नाम बीआरएस को मंजूरी दे दी है। राव ने यहां पार्टी मुख्यालय पर बीआरएस का ध्वज फहराया। इसके पहले उन्होंने टीआरएस का बीआरएस के रूप में नाम परिवर्तित करने से संबंधित दस्तावेज पर दस्तखत किए। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी, लोकप्रिय अभिनेता प्रकाश राज और कई बीआरएस नेता इस मौके पर मौजूद थे। राव को केसीआर के नाम से भी जाना जाता है। राव को निर्वाचन आयोग की ओर से बृहस्पतिवार को जानकारी मिली कि टीआरएस के नए नाम बीआरएस को स्वीकृति दे दी गई है। तेलंगाना के बाहर चुनावी राजनीति में दखल बढ़ाने के लिए टीआरएस ने अक्टूबर में अपना नाम बदलकर बीआरएस कर लिया था।

## गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा पहुंचा रहे है विपक्ष शासित प्रदेश: नित्यानंद

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह** राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है, लेकिन विपक्ष शासित प्रदेश इससे जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा पहुंचा रहे हैं। राय ने पीटीआई–भाषा से बातचीत में दावा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके गठबंधन की सरकारें अपने राज्यों में गरीबों के हितों से जुड़ी विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन इसके लिए उसने कभी ना तो कोई ठोस कदम उठाए और ना ही कोई प्रभावी योजना चलाई।

उन्होंने कहा कि इसका नतीजा यह हुआ कि देश में गरीबी बढ़ती ही चली गई। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी गरीबों के दर्द को समझते हैं। इसलिए वह सरकार गरीबों की और गरीब हमारे की नीयत से काम कर रहे हैं। गरीबों के जीवन में समृद्धि लाना उनका मिशन है। राय ने कहा कि इसके लिए उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत मिलने वाले मानदेय को बढ़ाया, लॉकडाउन के तहत गरीबों के खाते में एक–एक हजार की राशि उपलब्ध कराई, गरीब कल्याण योजना के तहत आज तक गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन धन योजना से लेकर उज्ज्वला योजना और उजाला योजना व आवास योजना से लेकर हर घर नल से जल योजना तक में गरीबों के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता झलकती है। उन्होंने कहा, वास्तव में ए केंद्रीय योजनाएं गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार, केरल, पश्चिम बंगाल जैसे विपक्ष शासित राज्य ऐसी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा डाल रहे हैं।

## मान ने अमित शाह से मुलाकात की, बेअदबी की घटनाओं में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा की मांग की

भाषा। नई दिल्ली

**पंजाब के** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य विधानसभा द्वारा पारित उन दो महत्वपूर्ण विधेयकों को राष्ट्रपति से मंजूरी दिलाने में केंद्र के हस्तक्षेप का आग्रह किया जिनमें बेअदबी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। मान ने कहा कि पवित्र पुस्तकों की बेअदबी राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि इस तरह के अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता की मौजूदा धाराओं 295 और 295–ए के तहत दी जाने वाली सजा पर्याप्त नहीं है। मान ने शाह को बताया कि पंजाब विधानसभा ने भारतीय दंड संहिता (पंजाब संशोधन) विधेयक, 2018 और दंड प्रक्रिया संहिता (पंजाब संशोधन) विधेयक 2018 पारित किया है जिनमें लोगों की भावनाओं को आहत करने के इरादे से श्री गुरु ग्रंथ साहिब, भगवत गीता, कुरान और बाइबिल को अपमानित करने या बेअदबी करने के मामले में आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के अनुरूप है।

राज्य सरकार की ओर से जारी एक बयान में मान के हवाले से कहा गया कि ए विधेयक अक्टूबर 2018 से राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए लंबित हैं। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्य होने की वजह से पंजाब में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने विधेयकों को राष्ट्रपति की शीघ्र स्वीकृति दिलाने के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। मुख्यमंत्री ने एक और अहम मुद्दा उठाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय नियमों के मुताबिक जीरो लाइन के 150 मीटर के बाद निर्माण किया जा सकता है, लेकिन पंजाब में कुछ जगहों पर सीमा सुरक्षा बाड़ जीरो लाइन से काफी दूरी पर हैं। केंद्र की ओर से कुछ महीने पहले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को अधिक शक्तियां प्रदान करने के बाद से ही यह मुद्दा राज्य और केंद्र के बीच विवाद का मुद्दा बना हुआ है। मान ने कहा कि खेती की जमीन का एक बड़ा हिस्सा अंतरराष्ट्रीय सीमा और मौजूदा बाड़ के बीच स्थित है, इसलिए कई किसानों को अपनी जमीन पर खेती करने के लिए सीमा बाड़ पार करनी पड़ती है और उन्हें इस वजह से रोजाना बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सीमा सुरक्षा बल का कार्य भी बढ़ जाता है और सरकार को किसानों को पर्याप्त मुआवजा देना पड़ता है। बयान में कहा गया है कि मान ने केंद्रीय गृह मंत्री से राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता किए बिना किसानों के व्यापक हित में जहां भी संभव हो, सीमा बाड़ को अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर स्थानांतरित करने की संभावना तलाशने का आग्रह किया।

## कोलेजियम बहुसदस्यीय है और उसके संभावित फैसले को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 12 दिसंबर 2018 को हुई कॉलेजियम की बैठक की जानकारी का आरटीआई (सूचना के अधिकार) अधिनियम के तहत खुलासा करने का अनुरोध करने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और रेखांकित किया कि बहु–सदस्ईय निकाय के संभावित फैसले को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की एक पीठ ने कहा कि कॉलेजियम के सभी सदस्यों द्वारा लिए गए हस्तिक्षरित निर्णय को ही अंतिम फैसला कहा जा सकता है। पीठ ने कहा, सदस्यों के बीच हुई चर्चा और परामर्श पर तैयार किए गए संभावित प्रस्तावों को तब तक अंतिम नहीं कहा जा सकता जब तक कि उन पर सभी सदस्यों के हस्ताक्षर न हों।

## गुजरात चुनावः भाजपा के 45 नए चेहरों में से 43 विजई रहे

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने निवर्तमान विधायकों के स्थान पर जो 45 नए चेहरे उतारे थे, उनमें से दो को छोड़कर बाकी सभी विजई रहे। सत्ता विरोधी लहर से पार पाने के लिए भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 45 विधायकों के टिकट काट दिए थे। यह रणनीति काम आई, क्योंकि ज्यादातर नए उम्मीदवार जीत गए। भाजपा राज्य में 27 साल से सत्ता में है। अपवाद बस बोटाड और वाघोडिया निर्वाचन क्षेत्र रहे, जहां नए भाजपा उम्मीदवारों को क्रमश: आम आदमी पार्टी (आप) के एवं निर्दलीय प्रत्याशी से हार का सामना करना पड़ा।

## पर्यावरण पर असर कम करने के लिए शुरू की उद्योग में अनूठी पहल

**मुंबई।** वाइन एवं मदिरा उद्योग में वैश्विक रूप से अग्रणी कंपनी परनो रिकार्ड इंडिया ने अपनी पैकेजिंग से परमानेंट मोनो कार्टन खत्म करने का अभियान आगे बढ़ाते हुए उद्योग में पहली बार एक अनूठी पहल रुवनफोर्सअवरप्लानेट शुरू की है। पर्यावरण संरक्षण की ऐतिहासिक पहल के साथ कंपनी जून 2023 तक चरणबद्ध तरीके से अपनी पैकेजिंग से परमानेंट मोनो कार्टन पूरी तरह हटा देगी। रुवनफोर्सअवरप्लानेट ग्रेन से गिलास तक मूल्य श्रृंखला के प्रत्येक चरण में पैकेजिंग से पर्यावरण पर पड़ने वाला असर कम करने के कंपनी के संकल्प को दोहराती है। इसका लक्ष्य यह भी है कि उद्देश्य के साथ चलने वाले आज के उपभोक्ताओं को खरीदारी के समय पर्यावरण हितेषी फैसले करने के लिए प्रेरित किया जाए। बेहतर पर्यावरण वाले कल की ओर बढ़ते हुए परनो रिकार्ड इंडिया इस पहल के साथ हर वर्ष 7310 टर्न कार्बन उत्सर्जन कम करए 2.5 लाख पेड़ बचाकर और जमीन के भीतर दफ्न होने वाला 18745 टन कचरा घटाकर समग्र प्रभाव डालना चाहती है।

## कांग्रेस अपना वजूद ढूंढने को मजबूर : ज्योतिरादित्य सिंधिया



**इंदौर।** गुजरात विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रिकॉर्ड जीत के साथ कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अपना वजूद खोजने पर मजबूर है। सिंधिया ने इंदौर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान गुजरात विधानसभा चुनावों में भाजपा की रिकॉर्ड जीत का जिक्र करते हुए कहा, आज कांग्रेस की हालत यह है कि वह अपना वजूद खोजने पर मजबूर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को जरूर बहुमत मिला है, लेकिन उसके और भाजपा के बीच मतों का अंतर बहुत कम रह गया है। सिंधिया ने दावा किया, इससे पहले हिमाचल प्रदेश में जब भी सत्ता परिवर्तन हुआ, भाजपा और कांग्रेस के बीच मतों का अंतर छह से सात प्रतिशत के बीच होता था। लेकिन अब यह अंतर एक प्रतिशत से भी कम पर सिमटकर रह गया है। सिंधिया ने मध्य प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की सरकार बनने के कमलनाथ के दावे पर चुटकी ली। उन्होंने कहा, कई लोगों को सपने देखने की आदत होती है। वे सपने देखते रहें, लेकिन मध्य प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार काम कर रही है।

## मेरी बेटी की हत्या के लिए आफताब पूनावाला को फांसी दी जानी चाहिए: श्रद्धा वालकर के पिता

भाषा। मुंबई

**आफताब पूनावाला** द्वारा दिल्ली में कथित तौर पर मार दी गई श्रद्धा वालकर के पिता विकास वालकर ने शुक्रवार को अपनी बेटी की क्रूरता से हत्या करने वाले उसके लिव–इन–पार्टनर को फांसी देने की मांग की। महाराष्ट्र में वसई पुलिस पर आरोप लगाते हुए विकास वालकर ने कहा कि अगर 2020 में पूनावाला के खिलाफ उसकी शिकायत पर कार्वाई की गई होती तो वह जिंदा होती। उन्होंने आरोपी के परिजनों की भी जांच करने और उन्हें सख्त से सख्त सजा देने की भी मांग की।

पूनावाला ने अपनी लिव–इन–पार्टनर की कथित तौर पर गला घोंट कर हत्या कर दी थी। उसने शव के 35 टुकड़े कर उन्हें शहर में अलग–अलग स्थानों पर फेंकने से पहले करीब तीन हफ्ते तक दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित अपने आवास पर एक फ्रिज में रखा था। पूनावाला को पुलिस ने श्रद्धा वालकर की हत्या के संदेह में नवंबर में गिरफ्तार किया था। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस व भाजपा नेता किरीट सोमैया से मुलाकात के बाद विकास वालकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, आफताब पूनावाला ने क्रूरता से मेरी बेटी की हत्या कर दी, उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मेरी बेटी की हत्या के लिए उसे फांसी दी जानी चाहिए... इस मामले में जो भी शामिल थे उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई होनी चाहिए। नवंबर में श्रद्धा की सनसनीखेज हत्या के बाद उसके पिता पहली बार संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, पूनावाला के परिवार के सदस्यों, उसके माता–पिता और भाई के खिलाफ भी जांच होनी चाहिए और उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस हत्या की साजिश में जो लोग भी शामिल हैं, उन्हें सजा होनी चाहिए। विकास वालकर ने कहा, मेरी बेटी की मृत्यु के कारण मैं और मेरा परिवार दुखी है और हम उस घटना को भूल नहीं पा रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### अखिल भारतीय न्यायिक सेवा लाने का कोई प्रस्ताव नहीं: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि विभिन्न पक्षों के बीच अलग-अलग राय के चलते फिलहाल निचली अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की व्यवस्था लाने का कोई प्रस्ताव नही है। कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, संबंधित पक्षों की अलग-अलग राय को देखते हुए फिलहाल अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की व्यवस्था लाने का कोई प्रस्ताव नही है।

### हथियारों पर बहुत खर्च कर रहे लोग, यह पूरी तरह से गलत है : दलाई लामा

**धर्मशाला।** तिब्बती आध्यात्मिक गुरुदलाई लामा ने एक शांतिपूर्ण दुनिया की स्थापना पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि लोग हथियारों पर बहुत पैसे खर्च कर रहे है, जो पूरी तरह से गलत है। धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन एसईई लर्निंग : अ वर्ल्डवाइड इनिशिएटिव फॉर एजुकेटिंग द हार्ट एंड माइंड के उद्घाटन सत्र में दलाई लामा ने कहा कि सच्ची करुणा खुद की रक्षा करने का सर्वश्रेष्ठ हथियार है। द दलाई लामा ट्रस्ट और एमोरी विश्वविद्यालय स्थित सेंटर फॉर कंटेम्प्लेटिव साइंस एंड कंपैशन बेस्ड एथिक्स संयुक्त रूप से इस सम्मलेन का आयोजन कर रहे है। दलाई लामा ने सम्मेलन में एकत्रित लोगों से कहा, लोग हथियारों पर बहुत पैसे खर्च कर रहे है और यह पूरी तरह से गलत है।

### राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों से भूख के कारण मौत की कोई रिपोर्ट नहीं मिली : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को सूचित किया कि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से भूख के कारण मौतों की कोई रिपोर्ट नही मिली है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में महिला एवं परिवार कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वैश्विक भूख सूचकांक भारत की सही तस्वीर पेश नही करता है क्योंकि भूख को लेकर इसके मानदंडों में त्रुटियां है। उन्होंने कहा कि इसमें किसी देश में भूख से जुड़े विभिन्न कारकों की मौजूदगी के बारे में पर्याप्त या उपयुक्त आधार नही है।

### हिमाचल में चुनाव जिताने में ओपीएस की बहुत बड़ी भूमिका : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को विधानसभा चुनावों में जीत दिलवाने में ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) यानी पुरानी पेंशन योजना की बहुत बड़ी भूमिका थी। जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में गहलोत ने कहा, हिमाचल चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई है... प्रचार अभियान अच्छा रहा... प्रबंधन भी बेहतरीन था... अच्छे उम्मीदवारों को टिकट दिए गए... प्रियंका गांधी खुद प्रचार करने पहुंची... पर साथ में वहां चुनाव जिताने में ओपीएस की भी बहुत बड़ी भूमिका थी। उन्होंने कहा, हम चाहते है कि भारत सरकार पूरे देश में पेंशन नीति लागू करे, ताकि लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके। दुनिया के विभिन्न देशों में जो जरूरतमंद परिवार होते है, उन्हे गुजर-बसर के लिए हर हफ्ते पैसे मिलते है... हर व्यक्ति के पास जीवन जीने का अधिकार होता है।

### मेघालय उच्च न्यायालय ने असम-मेघालय सीमा समझौते पर लगाई अंतरिम रोक

**शिलांग।** मेघालय उच्च न्यायालय ने इस साल की शुरूआत में असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों द्वारा हस्ताक्षरित एक अंतरराज्ईय सीमा समझौते के संबंध में जमीन पर भौतिक सीमांकन या सीमा चौकियों के निर्माण पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया है। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा और असम के उनके समकक्ष हिमंत विश्व शर्मा ने दोनों राज्यों के बीच अकसर तनाव उत्पन्न करने वाले 12 विवादित क्षेत्रों में से कम से कम छह के सीमांकन के लिए इस साल मार्च में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

### सांसद मुद्दों को उठाने से पहले निजी अध्ययनों व आंकड़ों का विश्लेषण करें: धनखड़

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सदस्यों से आग्रह किया कि वे किसी भी मुद्दे को उठाने के क्रम में निजी अध्ययनों या आंकड़ों का उल्लेख करने से पहले उनका विश्लेषण करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के अध्ययन अपर्याप्त आंकड़ों पर आधारित हो सकते है या दूसरों के हितों से प्रभावित हो सकते है। धनखड़ ने यह टिप्पणी उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान की जब केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2022 में भारत की 107वी रैंकिंग को लेकर एक पूरक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। केसी (एम) सदस्य जोस के मणि ने कहा कि 121 देशों की सूची में भारत 107वें नंबर पर है। उन्होंने कहा कि नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देश भी सूचकांक में भारत से आगे है। गोयल ने कहा, हमने एक तरह से देश से भुखमरी को खत्म कर दिया है।

### फैब्रिक फेयर आज

**मुंबई।** मुंबई टेक्सटाइल मर्चेंट्स महाजन के तत्वावधान में एमटीएमएम फैब्रिक फेयर-2 9 व 10 दिसंबर को मुंबई अंधेरी स्थित सहार एयरपोर्ट के निकट के होटल जेडब्ल्यू मैरिअट के लॉन में एसी जर्मन हैंगर टेंट डोम में आयोजित होगा इसमें 200 से अधिक स्टाल होंगेण् इस प्रकार मुंबई में अभी तक आयोजित यह चौथा बड़ा कपड़े का बीटूबी फेयर होगा, यह बीटूबी फेयर होने से यहां सिर्फ व्यापारियों, गारमेंट उद्योग, कपड़ा काउंटरों, रिटेलरों, बाइंग एजेंटों, निर्यातक. आयातक, फैशन डिजाइनर, दलाल, दर्जी, बुटीक इकाइयों, फैशन फोरकास्टर, फैशन इंस्टीट्यूट को ही निरूशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। यह बीटूबी फेयर होने से इसमें आम जनता को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रहेगा। मुंबई टेक्सटाइल मर्चेंट्स महाजन के एमीरेट्स चेयरमैन धीरज कोठरी है। यह फेयर जनवरी में होने से उसमें समर कलेक्शन, विवाह ,शादी की किस्म रमजान में पहने जाने वाले कपडे की और स्कूल यूनिफार्म की किस्म प्रदर्शित होगी। यहां फॉर्मल, कैज्यूअल, एथनिक, प्रिंट्स में विस्तृत डिजाइन और किड्सवेयर के कपडे की विस्तृत श्रेणी प्रदर्शित होगी।

### विश्व एड्स दिवस पर अवेयरनेस अभियान चलाया

**नोएडा।** अनोन्दिता हेल्थकेयर ने विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता को लेकर दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों में सेफ सेक्स अवेयरनेस अभियान चलाया। इस अवसर पर अनोन्दिता हेल्थकेयर की टीम ने इन राज्यों में एड्स जागरूकता रैला भी निकाली और लोगों में सुरक्षित सेक्स के लिए जानकारी का प्रसार किया। अनोन्दिता हेल्थकेयर ने सेफ सेक्स के लिए कंडोम के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त कंडोम वितरण का अभियान भी चलाया। अनुपम घोष डायरेक्टर अनोन्दिता हेल्थकेयर ने इस अभियान की शुरूआत करते हुए कहाए श्हमने विश्व एड्स दिवस पर सेफसेक्स के बारे में जादा से जादा लोगों को शिक्षित करने के लिए एक साथ तीन राज्यों में बड़े पैमाने पर सेफ सेक्स अवेयरनेस कैंपेन का आयोजन किया।

## उच्चतम न्यायालय ने विदेश से लौटे चिकित्सा छात्रों के लिए समाधान खोजने का निर्देश दिया

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने यूक्रेन और चीन जैसे देशों से लौटे मेडिकल के स्नातक विद्यार्थियों को समायोजित करने के वास्ते समाधान ढूंढने के लिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि यदि इस स्तर पर कोई समाधान नहीं निकाला गया तो उनका करिअर अधर में लटक जाएगा। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति विक्रमनाथ की पीठ ने कहा कि यदि जरूरत हो तो केंद्र सरकार विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित कर सकती है। शीर्ष अदालत ने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार उसकी सलाह को उचित महत्व देगी और उन विद्यार्थियों का करिअर बचाने के लिए समाधान ढूंढ़ेगी जो देश की संपत्ति हैं।

न्यायालय ने कहा, यदि कोई समाधान नहीं मिला तो न केवल विद्यार्थियों का पूरा करिअर अधर में लटक जाएगा, बल्कि परिवारों को भी जूझना होगा। अदालत ने कहा कि अधिकतर विद्यार्थी अपना पाठ्यक्रम पूरा कर चुके हैं, लेकिन क्लीनिकल प्रशिक्षण लेने में समर्थ नहीं हैं। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में व्यावहारिक प्रशिक्षण का अत्यधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नहीं शामिल करने का निर्णय स्वास्थ्य मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से बातचीत करने के बाद लिया गया।हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह केंद्र सरकार के साथ पूरी तरह सहमत है कि व्यावहारिक प्रशिक्षण का स्थान शैक्षणिक प्रशिक्षण नहीं ले सकता। न्यायालय ने कहा, पांच साल तक पढ़ाई कर चुके लगभग 500 विद्यार्थियों का करिअर दांव पर है। इन विद्यार्थियों ने सात सेमेस्टर कक्षा में उपस्थित होकर पूर किए जबकि तीन सेमेस्टर ऑनलाइन माध्यम से पूरे किए। पीठ ने कहा कि विद्यार्थियों के माता–पिता ने पढ़ाई पर काफी पैसा खर्च किया है और यदि कोई समाधान नहीं निकला तो न केवल विद्यार्थियों का करिअर अधर में लटक जाएगा, बल्कि उनके परिवार को भी संकट से जूझना होगा।

### न्यायालय ने केंद्र को हिंदू उत्तराधिकार कानून के प्रावधानों में संशोधन पर विचार करने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वसीयत नही होने की स्थिति में जनजाति समुदाय की महिलाओं के पास पुरुषों के समान हक है। न्यायालय ने केंद्र सरकार से इस मामले की समीक्षा करने और हिंदू उत्तराधिकार कानून के प्रावधानों में संशोधन करने पर विचार करने के लिए कहा ताकि इसे अनुसूचित जनजाति के सदस्यों पर लागू किया जा सके। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि जब गैर-आदिवासी की बेटी अपने पिता की संपत्ति में समान हिस्से की हकदार है, तो आदिवासी समुदायों की बेटी को इस तरह के अधिकार से वंचित करने का कोई कारण नही है। हिंदू उत्तराधिकार कानून की धारा 2 (2) के मुताबिक हिंदू उत्तराधिकार कानून अनुसूचित जनजाति के सदस्यों पर लागू नही होगा। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने कहा कि उत्तरजीविता के अधिकार से वंचित करने का कोई उचित आधार नही है। पीठ ने केंद्र सरकार को हिंदू उत्तराधिकार कानून के तहत प्रदान की गई छूट को वापस लेने पर विचार करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, हमें उम्मीद और विश्वास है कि केंद्र सरकार इस मामले में विचार करेगी और भारतीय संविधान के अनुच्छेद-14 और 21 के तहत प्रदान किए गए समानता के अधिकार के मद्देनजर उचित निर्णय लेगी। पीठ ने कहा कि भारतीय संविधान के 70 साल बाद भी आदिवासी समुदाय की बेटियों को समान अधिकार नही मिला, इसलिए केंद्र सरकार इस मामले में विचार करे और जरूरत हो तो हिंदू उत्तराधिकार कानून के प्रावधानों में संशोधन करे।

### शरजील की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की टिप्पणी का कोई असर नहीं : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले में जेएनयू के छात्र शरजील इमाम के संबंध में की गई टिप्पणियों से अदालत के समक्ष लंबित उसके मामले पर प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ेगा। उच्च न्यायालय ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में फरवरी 2020 के दंगों के पीछे कथित साजिश के एक मामले में सह-आरोपी उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उच्च न्यायालय के 18 अक्टूबर के फैसले में उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों के संबंध में इमाम की याचिका पर सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति एस.के. कौल और न्यायमूर्ति ए. एस. ओका की पीठ ने कहा कि फैसले में एक पैराग्राफ में स्पष्ट किया गया है कि यहां ऊपर कहा गया कुछ भी राय की अभिव्यक्ति के समान नही होगा, जिसका मामले के गुण-दोष पर कोई असर पड़े। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, ऐसा तब होता है जब लोग जमानत आवेदनों पर बहस करते है, जैसे कि यह गुण-दोष के आधार पर अपील है। उन्होने कहा कि जमानत याचिकाओं पर 10 मिनट से ज्यादा बहस नही की जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने जेएनयू के पूर्व छात्र खालिद की जमानत याचिका खारिज करते हुए अपने फैसले में कहा था कि वह अन्य सह-आरोपियों के साथ लगातार संपर्क में था और उसके खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सही थे। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था, ... आरोप-पत्र को ध्यान से देखने और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अपीलकर्ता (खालिद) शरजील इमाम सहित अन्य सह-अभियुक्तों के लगातार संपर्क में था, इस स्तर पर यह राय बनाना मुश्किल है कि यह मानने के लिए उचित आधार नही है कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया साबित नही हुआ है। इमाम की तरफ से पेश हुए वकील ने न्यायालय से कहा कि वे शीर्ष अदालत का रुख करने के लिए मजबूर है क्योंकि उच्च न्यायालय द्वारा मामले में एक सह-आरोपी को जमानत देने से इनकार करने के आदेश में की गई टिप्पणियों के कारण याचिकाकर्ता के प्रति गंभीर पूर्वाग्रह पैदा होगा।

# चोटों से परेशान भारतीय टीम का लक्ष्य बांग्लादेश को क्लीन स्वीप से रोकना

● आखिरी वनडे आज

भाषा। चटगांव

**खिलाड़ियों की** चोटों और फिटनेस समस्याओं से परेशान भारतीय टीम शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में उतरेगी तो उसका लक्ष्य मेजबान टीम को क्लीन स्वीप से रोकने का होगा। मेहदी हसन मिराज की दो शानदार पारियों के दम पर बांग्लादेश पहले दो मैच और श्रृंखला जीत चुका है लेकिन अब उसका इरादा भारत का सूपड़ा साफ करने का होगा और अगर ऐसा होता है तो बांग्लादेश क्रिकेट के लिए यह ऐतिहासिक होगा। इससे 14 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले बांग्लादेश का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। भारत के लिए, इस श्रृंखला में 20 क्रिकेटर उपलब्ध थे क्योंकि बांग्लादेश में पहले वनडे और न्यूजीलैंड में आखिरी मैच के बीच कम समय था क्योंकि दोनों टीमों में कुछ खिलाड़ी समान थे। एक सप्ताह के भीतर हालांकि हालात बद से बदतर हो गए और आखिरी मैच के लिए सिर्फ 14 फिट खिलाड़ी उपलब्ध हैं। हालात यह है कि कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को तुरंत यहां बुलाना पड़ा क्योंकि भारतीय गेंदबाजी आक्रमण अनुभवहीन लग रहा था। कुलदीप ने 72 वनडे में 118 विकेट लिए हैं और वह इस टीम के सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा के बाएं हाथ के अंगूठे की हड्डी खिसक गई है और उदीयमान तेज गेंदबाज कुलदीप सेन को पहला मैच खेलने के बाद चोट लग गई। तेज गेंदबाज दीपक चाहर एक बार फिर अनफिट हो गए हैं। अक्षर पटेल की पसली में चोट लग गई है और वह पहला मैच नहीं खेल सके जबकि ऋषभ पंत भी चोटिल हैं और उन्हें आराम देना पड़ा था। अब देखना यह है कि कार्यवाहक कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पारी की शुरूआत करते हैं या ईशान किशन को अंतिम एकादश में सलामी बल्लेबाज के तौर पर शामिल किया जाता है। दूसरा विकल्प विराट कोहली और शिखर धवन से पारी की शुरूआत कराना और हरफनमौला राहुल त्रिपाठी को अंतिम एकादश में शामिल करना होगा। टीम प्रबंधन अगर सिर्फ बल्लेबाज को चुनता है तो रजत पाटीदार को पदार्पण का मौका मिल सकता है। भारत की गेंदबाजी की कमान मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, उमरान मलिक, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल के हाथ में थी। पहले मैच में खराब गेंदबाजी के चलते भारत को पराजय का सामना करना पड़ा जब बांग्लादेश को 51 रन बनाने थे और उसका एक ही विकेट बाकी था जो भारतीय टीम नहीं ले सकी। दूसरे मैच में भारत ने बांग्लादेश के छह विकेट 69 रन पर गिरने के बाद 200 से अधिक रन बना डाले। आखिरी मैच में बांग्लादेश के हौसले बुलंद होंगे।



### मै अपनी पावरहिटिंग पर काम कर रहा हूं:सुंदर

चटगांव। बल्लेबाजी करने वाले भारतीय हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम की जरूरत के मुताबिक पावर हिटिंग (ताकत से शॉट लगाना) में सुधार करने पर काम कर रहे है। बल्लेबाजी में अपनी टाइमिंग और प्लेसमेंट के लिए जाने जाने वाले वाशिंगटन सुंदर ने कुछ तेज तर्रार पारियां खेली है। उन्होंने हाल ही में न्यूजीलैंड दौरे पर आक्रामक अर्धशतक लगाया था जबकि इंडियन प्रीमियर लीग में सनराइजर्स हैदराबाद के इस खिलाड़ी ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 14 गेंद में 40 रन की यादगार पारी खेली थी। बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय की पूर्व संध्या पर इस खिलाड़ी ने कहा, पिछले कुछ वर्षो से मुझे ऐसी (तेजी से बल्लेबाजी) ही भूमिका मिल रही है। इसमें विशेष तरह की बल्लेबाजी की जरूरत होती है और मै उसी के मुताबिक काम कर रहा हूं। इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा, उस क्रम पर बल्लेबाजी की जैसी जरूरत होती है। मै उसी पर काम कर रहा हूं। वाशिंगटन को इस बात की खुशी है कि उनकी मेहनत अब रंग ला रही है। मुझे खुशी है कि पिछले कुछ महीनों में मुझे मेरी मेहनत का अच्छा परिणाम मिला। उम्मीद है कि मै आने वाले समय में अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखूंगा। किसी भी क्रम या परिस्थितियों में प्रदर्शन कर सकूंगा। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने कहा, पिछला मैच मेरे लिए एक शानदार अवसर था। अगले साल विश्व कप को देखते हुए मै ऐसा खिलाड़ी बनना चाहता हूं जो किसी भी स्थिति में, किसी भी प्रकार के संयोजन में, और जहां भी टीम की जरूरत हो, खेल सके। मै उस तरीके का खिलाड़ी बनना चाहता हूं जिसे टीम जहां चाहे वहां इस्तेमाल कर सके। श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों में पांच विकेट लेने वाले इस हरफनमौला ने कहा, मै अपनी क्षमता में योगदान देने के लिए तैयार हूं, इस तरह से योगदान देना चाहता हूं कि टीम अधिकांश मैचों को जीत सके और आखिर में विश्व कप में सफल हो। मै सिर्फ वर्तमान में रहना चाहता हूं और अच्छा प्रदर्शन करते रहना चाहता हूं, खेल के हर पहलू में बेहतर होते रहना चाहता हूं।

## सौरभ के छह विकेट से भारत ए ने बांग्लादेश ए को हराया

भाषा। सिलहट

**बाएं हाथ** के स्पिनर सौरभ कुमार के छह विकेट की मदद से भारत ए ने दूसरे और आखिरी टेस्ट में बांग्लादेश ए को एक पारी और 123 रन से हरा दिया। इस प्रदर्शन के साथ ही सौरभ ने बांग्लादेश के खिलाफ 14 दिसंबर से शुरू हो रही श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम में रविंद्र जडेजा की जगह लेने का दावा भी पुख्ता कर लिया। पहली पारी में 310 रन से पिछड़ने वाली बांग्लादेश ए टीम दूसरी पारी में 79.5 ओवर में 187 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में बांग्लादेश के 252 रन के जवाब में भारत ए ने 562 रन बनाए थे जिसमें अभिमन्यु ईश्वरन के 157 रन शामिल हैं। ड्रॉ रहे पहले टेस्ट में पांच विकेट लेने वाले सौरभ ने 30 ओवर में 74 रन देकर छह विकेट चटकाए। बांग्लादेश ए को तीसरे सत्र में विकेट गंवाए बिना ड्रॉ की उम्मीद थी क्योंकि पूर्व कप्तान मोमिनुल हक क्रीज पर थे। वह हालांकि छह रन बनाकर विकेटकीपर कोना भरत की कुशल स्टम्पिंग का शिकार हो गए। सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (नाबाद 93) अकेले किला लड़ाते रहे और शहादत हुसैन (29) के साथ 54 रन की साझेदारी भी की। सौरभ ने इस साझेदारी को तोड़ा और यश धुल ने कैच लपका। नवदीप सैनी ने 16 ओवर में 54 रन देकर दो विकेट लिए। वहीं उमेश यादव ने 15.5 ओवर में 34 रन देकर दो विकेट चटकाए।

# महिला टी-20 मैच में हारा भारत

● ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से रौंदा

भाषा। मुंबई



मूनी

**सलामी बल्लेबाज** बेथ मूनी की 57 गेंद में नाबाद 89 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में भारत को 11 गेंद शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 172 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के 18.1 ओवर में एक विकेट पर 173 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। मूनी ने अपनी पारी में 16 चौके जड़े। उन्होंने पहले विकेट के लिए कप्तान एलिसा हीली (23 गेंद में 37 रन) के साथ 73 रन की साझेदारी की। उन्होंने इसके बाद तालिया मैक्ग्रा (29 गेंद में नाबाद 40) के साथ अटूट शतकीय साझेदारी की। हीली ने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जबकि मैक्ग्रा ने चार चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले हरफनमौला दीप्ति शर्मा और विकेटकीपर ऋचा घोष की आक्रामक 36-36 रन की पारियों के दम पर भारत ने पांच विकेट पर 172 रन बनाए। दीप्ति ने 15 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके जड़े जिसमें मेगन शट की आखिरी ओवर में उन्होंने लगातार चार चौके लगाए। ऋचा ने 20 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाने के अलावा देविका वैद्य के साथ पांचवें विकेट के लिए तेजी से 56 रन की साझेदारी की। देविका 24 गेंद में 25 रन पर नाबाद रही। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती ओवरों में संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। मैच के तीसरे ओवर में रेणुका सिंह की गेंद पर राधा यादव ने मूनी का मुश्किल कैच छोड़कर जीवनदान दिया। चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आई पदार्पण कर रही बाएं हाथ की मध्यम गति की गेंदबाज अंजलि सरवनी के खिलाफ हीली और मूनी ने चौके जड़े। मूनी ने इसके बाद पांचवें ओवर में रेणुका के खिलाफ हैट्रिक चौका लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में बिना किसी नुकसान के 47 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। हीली ने सातवें ओवर में देविका वैद्य और आठवें ओवर में राधा यादव के खिलाफ पारी का पहला और दूसरा छक्का लगाया। देविका ने नौवें ओवर में हीली को आउट कर मूनी के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी को तोड़ा। विकेट गिरने के बाद भी ऑस्ट्रेलिया की रन गति पर ज्यादा असर नहीं पड़ा और मूनी के साथ तालिया मैक्ग्रा ने आसानी से रन बनाए। दोनों ने मैदान के हर कोने में मन मुताबिक रन बटोरे। कप्तान हरमनप्रीत लगातार गेंदबाजी में बदलाव कर रही थी लेकिन ना तो स्पिनर असरदार थे ना ही तेज गेंदबाज कोई प्रभाव छोड़ पा रहे थे। पारी के 13वें ओवर में दीप्ति के खिलाफ मैक्ग्रा के चौके से ऑस्ट्रेलिया ने रनों का शतक पूरा किया। अगले ओवर में राधा की गेंद पर दो रन भाग कर मूनी अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 15वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आई देविका के खिलाफ चार चौके लगाकर मैच का रुख तय कर दिया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारीः** शेफाली का हीली बो पेरी 21, मंधाना का मूनी बो सदरलैंड 28, जेमिमाह रोड्रिग्स सदरलैंड बो पेरी 00, कौर का सदरलैंड बो गार्थ 21, वैद्य नाबाद 25, घोष स्टं. हीली बो गार्डनर 36, दीप्ति नाबाद 36, **अतिरिक्तः** (लेग बाईः 01, वाइडः 04) 05, **कुल योगः** (20 ओवर में पांच विकेट पर) 172 रन, **विकेट पतनः** 1-28, 2-45, 3-59, 4-76, 5-132, गेंदबाजीः शट 4-0-43-0, गार्थ 3-0-27-1, पेरी 2-1-10-2, गार्डनर 3-0-27-1, सदरलैंड 3-0-21-1, किंग 3-0-25-0, जॉनसन 2-0-18-0

**ऑस्ट्रेलिया पारीः** मूनी नाबाद 89, हीली का हरमनप्रीत बो देविका 37, तालिया नाबाद 40, **अतिरिक्तः** (बाईः 04, लेग बाईः 01 वाइडः 02) 07, **कुल योगः** (18.1 ओवर में एक विकेट पर) 173 रन, **विकेट पतनः** 1-73, गेंदबाजीः रेणुका 4-0-33-0, अंजली 4-0-27-0, दीप्ति, 2.1-0-20-0, देविका 3-0-33-1, राधा 3-0-28-0, मेघना 2-0-27-0

### प्रणय ने विश्व चैम्पियनशिप में एक्सेलसेन को हराया

**बैंकॉक।** खिताब की दौड़ से बाहर हो चुके भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स के ग्रुप चरण के अपने तीसरे मुकाबले में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन को हारकर अपने अभियान को सकारात्मक तरीके से खत्म किया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने ग्रुप ए के इस महत्वहीन मैच में ओलंपिक चैंपियन एक्सेलसेन को 51 मिनट तक चले मुकाबले में 14-21 21-17 21-18 से शिकस्त दी। प्रणय की डेनमार्क के इस खिलाड़ी के खिलाफ यह दूसरी जीत है। दोनो के बीच हुए सात मुकाबलों में हालांकि एक्सेलसेन ने पांच मैच जीते है।

### भारोत्तोलन में बिंदियारानी 25वें स्थान पर

**बोगोटा।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारोत्तोलक एस बिंदियारानी देवी विश्व चैम्पियनशिप में महिलाओं के 59 किलो वर्ग में 25वें स्थान पर रही। मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किलोवर्ग में रजत पदक जीता था। उन्होंने बृहस्पतिवार को 200 किलो (86 और 114) वजन उठाया। बिंदियारानी ने ग्रुप डी में भाग लिया था। उन्होंने स्नैच में पहले प्रयास में 83 और दूसरे में 86 किलो वजन उठाया लेकिन तीसरे प्रयास में 88 किलो वजन नही उठा सकी। इसी तरह क्लीन एंड जर्क में 112 किलो का पहला प्रयास नाकाम रहा क्योंकि उनका लिफ्ट क्लीन नही था।

### पिंक पैंथर्स और गुजरात जायंट्स का मैच बराबरी पर छूटा

**हैदराबाद।** गुजरात जायंट्स के सोनू और डोंग गेओन ली ने आखिरी मिनटों में दमदार खेल दिखाते हुए प्रो कबड्डी लीग के मैच में शुक्रवार को जयपुर पिंक पैंथर्स के जबड़े से जीत छिन ली और मुकाबला 51-51 की बराबरी पर छूटा। सोनू ने मैच में 14 अंक जुटाए जबकि कप्तान ली ने 10 अंक का योगदान दिया। प्रतीक दाहिया ने भी टीम के लिए 12 अंक जुटाए। कांटे के इस मुकाबले में पहला हाफ भी 21-21 की बराबरी पर छूटा था।

### पारदर्शिता का सख्ती से पालन हो: प्रभाकरण

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव प्रभाकरण ने कहा कि पिछले कुछ समय से यह महासंघ भरोसे की कमी से जूझ रहा है और नए प्रशासन का प्रयास वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता पर जोर देने के साथ संगठन की सकारात्मक छवि बनाना है। अगस्त में भंग होने से पहले एआईएफएफ के मामलों को देखने वाली प्रशासकों की समिति ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया था कि महासंघ के खातो के फॉरेंसिक ऑडिट में प्रथम दृष्टया पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल की अध्यक्षता वाले इसके पिछले प्रबंधन द्वारा बड़े पैमाने पर धन की हेराफेरी का खुलासा हुआ था।

### गेंद से छेड़छाड़ को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दी थी मंजूरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज डेविड वार्नर के प्रबंधन जेम्स एर्स्किन ने 2018 में केपटाउन में गेंद से छेड़छाड़ मामले में सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने ऐसा करने की मंजूरी दी थी।

# रोनाल्डो और पुर्तगाल पर टिकी निगाहें

● मोरक्को का विश्व कप अभियान खत्म करने पर

भाषा। दोहा

**मोरक्को** के लिए फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना एक उपलब्धि से कम नहीं है लेकिन अब पुर्तगाल और इसके सुपरस्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सामने होना भी उनके लिए अविश्वसनीय ही होगा। रोनाल्डो एक बार फिर एक अलग ही तरीके से सुर्खियों में आ गए हैं। शनिवार को होने वाले इस मुकाबले में हालांकि मोरक्को का ऐतिहासिक सफर खत्म कर अंतिम चार में पहुंचना अहम एजेंडा होगा। लेकिन वह शुरूआती एकादश में होंगे या नहीं? यह बड़ा सवाल बन गया है, मंगलवार को स्विट्जरलैंड पर राउंड 16 में उन्हें शुरूआत नहीं कराई गई थी जिसमें पुर्तगाल की 6-। की जीत के बाद यह फैसला करने वाले कोच फर्नांडो सांटोस से बार बार यही सवाल पूछा जा रहा है। पांच बार के वर्ल्ड प्लेयर ऑफ द ईयर रोनाल्डो को बेंच पर बिठाने के बाद उनकी जगह मैदान पर उतारे गए 21 वर्षीय गोंकालो रामोस द्वारा गोल की हैट्रिक के बाद मोरक्को के खिलाफ चयन वास्तव में दुविधापूर्ण बन गया है। इससे मैच से 90 मिनट पहले पुर्तगाल की शुरूआती एकादश का सभी को बेसर्बी से इंतजार होगा क्योंकि रोनाल्डो अपने चमचमाते करियर में दूसरी बार विश्व कप क्वार्टर फाइनल खेलने के लिए बेसब्र होंगे। पुर्तगाल की टीम तीसरी बार ही इस चरण तक पहुंची है। मोरक्को फुटबॉल के महासमर में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाला चौथा अफ्रीकी देश बना। कैमरून ने 1990 में, सेनेगल ने 2002 और घाना ने 2010 में यह उपलब्धि हासिल की थी। इन तीनों में से कोई भी टीम हालांकि सेमीफाइनल तक नहीं पहुंची थी। मोरक्को की टीम कतर में अंतिम आठ में पहुंचने वाली यूरोप या दक्षिण अमेरिका से बाहर की पहली टीम है। कतर में और देश में उसके प्रशंसकों ने अंतिम 16 में स्पेन पर पेनल्टी शूटआउट में मिली जीत का जश्न मनाया जिसने उस ग्रुप से यहां तक का सफर किया जिसमें बेल्जियम और 2018 की उप विजेता क्रोएशया जैसी टीमें मौजूद थीं। फ्रांस में जन्मे रेग्रागुई उनके कोच हैं और उनके 26 में से 14 खिलाड़ियों का जन्म विदेश में हुआ है। टीम ने केवल एक गोल गंवाया है और वो भी कनाडा के खिलाफ आत्मघाती गोल। हालांकि उसके अच्छे खिलाड़ियों को पुर्तगाल के धुरंधरों के सामने फिटनेस के मामले जूझना पड़ सकता है क्योंकि मिडफील्डर सोफयान अमराबत ने कहा कि वह पीठ की चोट के बावजूद दर्द निवारक इंजेक्शन लेकर स्पेन के खिलाफ मैच में खेलने उतरे थे।



### रोनाल्डो ने विश्व कप छोड़ने की धमकी नहीं दी: कोच

**दोहा।** पुर्तगाल के कोच फर्नांडो सैंटोस ने शुक्रवार को कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मैच के लिए शुरुआती एकादश से टीम से बाहर किए जाने के बाद विश्व कप छोड़ने की धमकी नही दी थी। सैंटोस ने हालांकि स्वीकार किया कि उनका स्टार खिलाड़ी इस फैसले से खुश नही था। सैंटोस ने बताया कि रोनाल्डो को मैच से कुछ घंटे पहले मंगलवार को लंच के बाद एक निजी बैठक में इसकी जानकारी दे दी गई थी। पुर्तगाल के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले रोनाल्डो को मैच के 74वे मिनट मे मैदान पर उतरने का मौका मिला सैंटोस ने मोरक्को के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच से पहले कहा, क्रिस्टियानो स्पष्ट रूप से इसके बारे मे बहुत खुश नही था। उसने मुझसे कहा कि क्या आपको वास्तव मे लगता है कि यह एक अच्छा विचार है? सैंटोस ने कहा, उन्होंने मुझे कभी नही बताया कि वह राष्ट्रीय टीम छोड़ना चाहते है। उन्होंने इससे जुड़ी पुर्तगाल की मीडिया की रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा, यह वैसा समय है जब हमे इस बातचीत और विवादो को बंद कर देना चाहिए। कोच ने हालांकि यह नही बताया कि रोनाल्डो टीम मोरक्को के लिए शुरुआती एकादश मे होंगे या नही।

# आधिकारिक रूप से पहली महिला अध्यक्ष बनेंगी पीटी

भाषा। नई दिल्ली



**महान धाविका** पी टी उषा शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ के चुनाव में आधिकारिक रूप से पहली महिला अध्यक्ष बन जाएंगी जिससे देश में खेल प्रशासन में नए अध्याय की शुरूआत होगी। वह आईओए के 95 वर्ष के इतिहास में अध्यक्ष पद पर काबिज होने वाली पहली ओलंपियन और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता होंगी। बाईस साल पहले खेल को अलविदा कहने से पहले वह ट्रैक और फील्ड में भारत के लिए अनगिनत पदक जीत चुकी हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 1984 में चौथे स्थान पर रही उषा आईओए अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुनी जाएंगी। चुनाव उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायाधीश (सेवानिवृत) एल नागेश्वर राव की निगरानी में हो रहे हैं। उषा के अध्यक्ष बनने के साथ ही गुटबाजी के शिकार आईओए में संकट का भी अंत हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने चेताया था कि अगर चुनाव इस महीने नहीं कराए गए तो आईओए को निलंबित किया जा सकता है। संयुक्त सचिव (महिला) और कार्यकारी परिषद के चार सामान्य सदस्यों के लिए चुनाव होगा जिसके लिए 77 मतदाता अपना वोट डालेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ की अलकनंदा अशोक और भारतीय नेटबॉल महासंघ की सुमन कौशिक पद की दौड़ में हैं। वहीं कार्यकारी परिषद के चार पदों के लिए आठ उम्मीदवार दौड़ में हैं। इनमें अमिताभ शर्मा, भूपेंदर सिंह बाजवा, साइरस पोंचा, हरजिंदर सिंह, हरपाल सिंह, परमिंदर सिंह ढींढसा, रोहित राजपाल और विट्ठल शिरगांवकर शामिल हैं। उषा के लिए यह बिल्कुल नई जिम्मेदारी होगा क्योंकि वह पहले प्रशासन का हिस्सा नहीं रही है। वह फिलहाल भारतीय एथलेटिक्स महसंघ की जूनियर चयन समिति की अध्यक्ष हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा गठित विभिन्न पुरस्कार समितियों की सदस्य रह चुकी हैं। पायोली एक्सप्रेस के नाम से मशहूर उषा को सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार माना जा रहा है जिसने उन्हें जुलाई में राज्यसभा सदस्य नामित किया था।

## अनीष ने अपना रिकॉर्ड बेहतर किया, चार स्वर्ण पदक जीते

भाषा। भोपाल

**हरियाणा** के अनीष भानवाला ने शुक्रवार को यहां पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर में अपना रिकॉर्ड बेहतर करने साथ 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीते। रेलवे के अखिल श्योराण और कर्नाटक की युक्ति राजेंद्र ने क्रमश: पुरूष 50 मीटर राइफल 3 पाजिशंस और महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के राष्ट्रीय खिताब जीते। अनीष ने पुरूष और जूनियर पुरूष रैपिड फायर खिताब जीतने के अलावा इन दोनों स्पर्धाओं में टीम स्वर्ण पदक भी जीते। उन्होंने क्वालीफाइंग में अपने ही 588 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्कोर को सुधारते हुए 590 अंक हासिल किए। उनका पिछला रिकॉर्ड दिल्ली में हुए 2019 आईएसएसएफ विश्व कप में बना था। चार पुरूषों के सेमीफाइनल में अनीष पंजाब के विजयवीर सिद्धू से पीछे दूसरे स्थान पर थे जिनके क्रमश: 14 और 15 अंक थे। लेकिन पदक मैच में वह पासा पलटने में सफल रहे और उन्होंने 28 हिट से पहला स्थान हासिल किया। विजयवीर ने 27 हिट लगाए।

## ऑस्ट्रेलिया ने बड़ा स्कोर करने के बाद वेस्टइंडीज के चार विकेट झटके

भाषा। एडीलेड

ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन की बड़ी शतकीय पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 297 रन की साझेदारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां में सात विकेट पर 511 रन बनाने के बाद चार विकेट झटक कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। दिन रात्रि टेस्ट में स्टंप्स के समय तेजनारायण चंद्रपाल 47 और एंडरसन फिलिप एक रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। टीम ऑस्ट्रेलिया से 409 रन पीछे है और उस पर फालोऑन का खतरा मंडरा रहा है। लगभग एक साल पहले एशेज श्रृंखला में इसी मैदान पर पदार्पण करने वाले माइकल नासेर (20 रन पर दो विकेट) ने इस दौरानऑस्ट्रेलिया के दो बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने क्रेग ब्रेथवेट और शामराह ब्रुक्स को पवेलियन भेजकर शानदार वापसी की। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने इस दौरान ऑफ स्टंप के बाहर कसी हुई गेंदबाजी की और इसका फायदा उन्हें लगातार अंतराल पर विकेट के साथ मिला।ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 330 रन के साथ दिन की शुरुआत की और बीते दिन शतक पूरी करने वाले लाबुशेन और ट्रेविस हेड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी की।

# टेस्ट श्रृंखला के लिए रोहित की उपलब्धता पर बाद में होगा फैसला : जय शाह



भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि चोटिल कप्तान रोहित शर्मा के बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में खेलने को लेकर फैसला बाद में लिया जाएगा। रोहित को सात दिसंबर को मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में स्लिप में क्षेत्ररक्षण के दौरान अंगूठे में चोट लगी थी। शाह ने एक विज्ञप्ति में कहा , बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उनकी जांच की है और ढाका में स्थानीय अस्पताल में उनका स्कैन कराया गया। वह विशेषज्ञ को दिखाने मुंबई रवाना हो गए हैं और आखिरी वनडे नहीं खेलेंगे। टेस्ट श्रृंखला में उनके खेलने को लेकर फैसला बाद में लिया जाएगा। बीसीसीआई ने चोटिल तेज गेंदबाज दीपक चाहर और कुलदीप सेन को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जाने के लिए कहा है। दोनों को चोट लगी है। तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने पहले वनडे के बाद कमर में जकड़न की शिकायत की थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें आराम की सलाह दी है।

### हमें टीम में एक बेहतर तेज गेंदबाज की जरूरत: गुजरात टाइटंस के कोच नेहरा

**अहमदाबाद।** गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने शुक्रवार को कहा कि 23 दिसंबर को कोच्चि में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग खिलाड़ियों की नीलामी में उनकी टीम तेज गेंदबाज को शामिल करने पर विचार करेगी। नेहरा ने संवाददाताओं से कहा, अगर आप जीत भी जाते है, तब भी आप जरूरत के हिसाब से कुछ बदलाव करते है। हमें एक तेज गेंदबाज की जरूरत पड़ सकती है। एक छोटी नीलामी मे आप जरूरत के मुताबिक बदलाव करते है। हम अलग नही है। भारत के इस पूर्व गेंदबाज ने कहा, हमारी बहुत अधिक जरूरत नही है क्योंकि हमने ज्यादा खिलाड़ियों को रिलीज नही किया है। ऐसा नही है कि आप जिसे चाहते है उस खिलाड़ी को हासिल कर ही लेंगे। नौ और टीमें है। नेहरा के मार्गदर्शन और हार्दिक पांड्या के नेतृत्व मे, गुजरात टाइटंस ने इस साल की शुरुआत मे अपने पहले सत्र मे आईपीएल जीता था।

### महिला आईपीएलः बीसीसीआई ने पांच साल के मीडिया अधिकारों के लिए निविदा जारी की

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने शुक्रवार को महिलाओं की इंडियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूआईपीएल) के 2023 से 2027 तक पांच साल के लिए मीडिया अधिकारों के लिए निविदाएं आमंत्रित की। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने मीडिया विज्ञप्ति मे कहा, आईपीएल की संचालन परिषद ने महिलाओं की इंडियन प्रीमियर लीग के 2023-2027 सत्र के लिए मीडिया अधिकार हासिल करने के लिए प्रतिष्ठित कंपनियों से निविदा प्रक्रिया के जरिए बोलियां आमंत्रित की है। मीडिया अधिकार की बोली एक बार की सीलबंद होगी या फिर बढ़ती हुई ई-नीलामी बोलियां होंगी, इसके बारे मे तफ्सील से नही बताया गया है। निविदा के लिए आमंत्रण (आईटीटी) बोली दस्तावेज की कीमत पांच लाख रूपए और इस पर लगने वाला कर होगी। आईटीटी 31 दिसंबर 2022 तक खरीदी जा सकती है। दिलचस्पी दिखाने वाली कंपनियों को आईटीटी खरीदनी ही होगी। हालांकि पात्रता के मानदंड और अन्य नियम एवं शर्तों को पूरा करने वाली आईटीटी ही बोली लगाने योग्य होंगी। यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि आईटीटी खरीदने भर से कोई व्यक्ति बोली लगाने का हकदार नही हो जाएगा।

## अहमद के पदार्पण टेस्ट में सात विकेट से पाकिस्तान का इंग्लैंड पर दबदबा

भाषा। मुल्तान

**युवा स्पिनर** अबरार अहमद ने शुक्रवार को यहां 114 रन देकर सात विकेट हासिल कर स्वप्निल पदार्पण किया जिससे पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन दो सत्र में इंग्लैंड की टीम को 281 रन पर समेटकर स्टंप तक दो विकेट गंवाकर 107 रन बना लिए। मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम की सूखी पिच पर 24 साल के इस गेंदबाज को काफी मदद मिली जिन्होंने अपनी फिरकी से इंग्लैंड को पस्त कर दिया। इंग्लैंड ने हालांकि तीसरे सत्र के शुरू में पाकिस्तान के दोनों सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक (शून्य) और शफीक (14) के विकेट झटक लिए। खराब रोशनी के कारण खेल 10 ओवर पहले ही रोक दिया गया। स्टंप तक कप्तान बाबर आजम 61 और सउद शकील 32 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। हैरानी की बात है कि अहमद को रावलपिंडी में पहले टेस्ट की टीम में नहीं चुना गया था जिसमें पाकिस्तान को 74 रन से हार मिली थी। लेग स्पिनर महमूद ने चाय से तुरंत पहले इंग्लैंड के पुछल्ले बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर उसकी पारी खत्म की। अहमद के शीर्ष क्रम के झकझोरने के बाद महमूद ने 63 रन देकर तीन विकेट झटके। इंग्लैंड की टीम को आक्रामक बल्लेबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा।


## महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा और केरल की लड़कियों ने की जीत से शुरुआत

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व परिवहन मंत्री ने किया 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का शुभारंभ



**लखनऊ।** महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, हरियाणा और केरल की लड़कियों ने 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप के पहले दिन खेले गए टीम इवेंट के पहले राउंड में जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। एमेच्योर साफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफइंडिया के तत्वावधान में एमेच्योर साफ्ट टेनिस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर पहले दिन कुल चार मैच खेले गए। दिन का पहला मैच बालिका टीम चैंपियनशिप के पहले दौर में बिहार व महाराष्ट्र के बीच खेला गया जिसमें महाराष्ट्र ने संघर्ष के बाद 2-1 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच भी रोमांचक रहा जिसमें छत्तीसगढ़ ने आंध्र प्रदेश को 2-1 से हराया। इसके अलावा अन्य मैच एकतरफा रहे जिसमें हरियाणा ने झारखंड को 2-0 से मात देकर अपना अभियान शुरू किया। दूसरी ओर चौथे मैच में केरल ने ओडिशा को 2-0 से हराया। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। इस दौरान एमएलसी पवन सिंह चौहान, पूर्व विधायक देव मणि दुबेए जिला पंचायत अध्यक्ष शिव कुमार सिंह भी मौजूद रहे। एमेच्योर साफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफइंडिया की अध्यक्ष सुश्री शकुंतला खदोदरा का एमेच्योर साफ्ट टेनिस एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष पद्मजा चौहान ने स्वागत किया।

### राष्ट्रीय स्क्वाश : जोशना चिनप्पा फाइनल में



**चेन्नई।** शीर्ष वरीय जोशना चिनप्पा ने शुक्रवार को यहां 78वीं राष्ट्रीय स्क्वाश चैम्पियनशिप के महिला एकल वर्ग मे आकांक्षा सौलंके को सीधे गेम मे पराजित कर फाइनल मे प्रवेश किया। अब 36 वर्षीय जोशना का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल मे प्रतिभाशाली युवा अनाहत सिंह से होगा जिसमे उनकी निगाहें 19वां राष्ट्रीय खिताब हासिल करने पर लगी होंगी। चौदह वर्षीय अनाहत ने दूसरे सेमीफाइनल मे तनिष्का जैन को पराजित किया। विश्व रैंकिंग मे सर्वश्रेष्ठ स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी जोशना ने आकांक्षा को 11-9,11-9,11-8 से शिकस्त दी। पुरूष वर्ग मे भी शीर्ष वरीय अभय सिंह ने संदीप जांगड़ा को 11-2,11-4,11-4 से हराकर फाइनल मे जगह बनाई जिसमे उनका सामना वेलावन सेंतिलकुमार से होगा जिन्होने दूसरे सेमीफाइनल मे हरिंदर पाल सिंह संधू को शिकस्त दी।